रांची
रविवार
11.12.2022
पौष कृष्ण पक्ष 03
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

**रश्मि प्रवाह**
आप अपने जीवन में अच्छे काम करते रहें, दुनिया तारीफ करे या ना करे, क्योंकि जब आधी दुनिया सोती है तब भी सूरज निकलता है।

www.rastriyanaveenmail.com | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | वर्ष-23 अंक-305 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50



## बांग्लादेश के विरुद्ध तीसरे वनडे में ईशान किशन की सुनामी, जड़ा दोहरा शतक

### दोहरा शतक लगानेवाले सबसे युवा खिलाड़ी, सचिन-रोहित से निकले आगे

**चटगांव (एजेंसी)।** बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे में भारतीय बल्लेबाज ईशान किशन ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते हुए 126 गेंद में दोहरा शतक जमाया। यह वनडे करियर का उनका पहला दोहरा शतक है। वे अभी 24 साल के हैं। वे सबसे कम उम्र और सबसे कम मैच में यह कारनामा करनेवाले खिलाड़ी बन गये हैं। वे 126 गेंद पर यहां तक पहुंचे। 23 चौके और 10 छक्के लगाये। इससे पहले भारत की ओर से पूर्व दिग्गज सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा और वीरेंद्र सहवाग वनडे में दोहरा शतक लगा चुके हैं यानी ईशान ऐसा करनेवाले चौथे भारतीय बैटर बने। भारत की ओर से वनडे का पहला दोहरा शतक 24 फरवरी 2010 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ सचिन तेंदुलकर ने लगाया था। वे 147 गेंद पर 200 रन बनाक नाबाद रहे थे। 25 चौके और तीन छक्के लगाये थे। फिर वीरेंद्र सहवाग ने आठ दिसम्बर 2011 को वेस्टइंडीज के खिलाफ ऐसा किया था। उन्होंने इंदौर में खेले गये मैच में 149 गेंद पर 219 रन बनाये थे। 25 शतक और सात अर्धशतक लगाया था। ईशान किशन 131 गेंद में 210 रन बनाकर आउट हुए। 24 चौके और 10 छक्के लगाये। यह उनका सिर्फ 10वां ही वनडे मैच है। इससे उनके बेहतरीन प्रदर्शन का अंदाजा लगाया जा सकता है।

### फीफा वर्ल्ड कप 2022 : मोरक्को ने रचा इतिहास

## पहली बार विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा

**कतर (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप के तीसरे क्वार्टर-फाइनल में मोरक्को ने बड़ा उलटफेर करते हुए पुर्तगाल को 1-0 से हरा दिया। इस जीत के साथ मोरक्को की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गयी। मोरक्को की टीम पहली बार फीफा वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंची है। मोरक्को की टीम ने इतिहास रचते हुए फीफा वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली अफ्रीकन टीम बन गयी है। इससे पहले कोई भी अफ्रीकन देश फीफा वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाया था। अल थुमामा



स्टेडियम में खेले गये मैच में मोरक्को ने पुर्तगाल को 1-0 से हरा दिया। इस हार के साथ ही पुर्तगाल और क्रिस्टियानो रोनाल्डो का अभियान यहीं समाप्त हो गया। मोरक्को ने पूरे मैच में शानदार डिफेंडिंग की। उन्होंने पुर्तगाल को अटैक करने से रोके रखा। वहीं, पुर्तगाल ने कई शॉट मिस किये। 51वें मिनट में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने राफेल गुरेरो को रिप्लेस किया। वहीं, जोआओ कैंसेलो को भी रुबेन नेवेस से सब्सटिट्यूट किया गया। मैदान पर उतरते ही रोनाल्डो ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने सबसे ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय मैच के रिकॉर्ड की बराबरी की। यह रोनाल्डो का 196वां अंतर्राष्ट्रीय मैच था। उन्होंने कुवैत के बदेर अल मुतावा के रिकॉर्ड की बराबरी की।

## न्यूज गैलरी

### ड्यूटी के दौरान मोबाइल उपयोग करने पर नपेंगे ट्रैफिक पुलिसकर्मी

**रांची।** शहर के ट्रैफिक पोस्ट में तैनात पुलिसकर्मी ड्यूटी के समय मोबाइल गेम खेलनेवाले नपेंगे। पकड़े जाने पर ऐसे पुलिसकर्मियों पर सीधी कार्रवाई होगी। यह आदेश प्रभारी ट्रैफिक एसपी नौशाद आलम ने दिया है। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी की ओर से आदेश जारी किया गया। जिसमें कहा गया है कि शहर के चौक-चौराहों में पुलिस पदाधिकारियों व कर्मियों की तैनाती की गयी है। वीवीआईपी, वीआईपी, वरीय अधिकारियों समेत अन्य लोग उस मार्ग से गुजरते हैं तो देखा जाता है कि तैनात पुलिसकर्मी या तो मोबाइल पर गेम खेलते में व्यस्त रहते हैं या फिर मोबाइल पर किसी से बात करते रहते हैं। इससे स्पष्ट होता है कि संबंधित पुलिसकर्मी अपने कर्तव्य के प्रति गंभीर नहीं हैं और कार्य में भी लापरवाही बरत रहे हैं। आदेश दिया गया है कि ड्यूटी के समय वे किसी भी हाल में मोबाइल गेम नहीं खेलें। जरूरत के हिसाब से ही मोबाइल पर बात भी करें। आदेश का पालन नहीं करने पर उन पर कार्रवाई की जायेगी। ट्रैफिक एसपी ने दोनों डीएसपी को इसका अनुपालन कराने का निर्देश दिया है।

### बंधक बनाकर गिरायी चहारदिवासी, केस दर्ज

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के तिरिल रोड स्थित बदमाशों ने जमीन मालिक को बंधक बनाकर चहारदिवारी को गिरा दिया। साथ ही सीमेंट व अंगूठी समेत अन्य चीजें उठाकर अपने साथ ले गये। घटना आठ दिसम्बर की है। इस संबंध में करमटोली निवासी टिंकू मुंडा ने बन्ना मुंडा, सुरेश सिंह मुंडा, शोभु मुंडा समेत अन्य के खिलाफ सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। टिंकू ने पुलिस को बताया कि उनकी जमीन की चहारदिवारी पहले से थी। बीते आठ दिसम्बर को वह अपने एक साथी अनिल कच्छप के साथ मिलकर जमीन पर साफ-सफाई करा रहे थे। इसी दौरान आरोपी उनकी जमीन में जबरन घुस गये। उनके साथ मारपीट की। रस्सी से उन्हें बांध दिया। इस दौरान चहारदिवारी को कई स्थानों पर गिरा दिया। साथ ही चहारदिवारी में रखे सामान को भी उठाकर ले गये।

# चाईबासा में सर्च ऑपरेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट, कोबरा जवान घायल

### घायल जवान को एयरलिफ्ट कर रांची के मेडिका में कराया गया है भर्ती

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** चाईबासा में सर्च ऑपरेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट में कोबरा का एक जवान घायल हो गया है। इसके बाद हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू कर रांची लाया गया। रांची लाने के बाद रनवे पर सीआरपीएफ जवान के साथ साथ डॉक्टरों की टीम एंबुलेंस के साथ मौजूद थी। घायल जवान को मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार घायल जवान का नाम प्रभाकर साहनी है। प्रभाकर सीआरपीएफ के 209 बटालियन का जवान है।

जानकारी के अनुसार उसके पांव में स्पिंटर लगा है। सीआरपीएफ के जवान को बेहतर इलाज के लिए मेडिका में भर्ती किया गया है। बता दें कि पश्चिम सिंहभूम के रेंगड़ा में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान नक्सलियों द्वारा बिछाया गया आईईडी ब्लास्ट हो गया, जिसमें सीआरपीएफ कोबरा का जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर, हेलीकॉप्टर द्वारा घायल जवान को रांची लाने के बाद मेडिका में भर्ती कराया गया है जहां घायल जवान की स्थिति स्थिर है।

### नक्सलियों के खिलाफ कोल्हान कोर एरिया में चलाया जा रहा है अभियान



**भाकपा** माओवादी संगठन के नक्सलियों के विरूद्ध कोल्हान कोर एरिया में सुरक्षा बलों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। संगठन के शीर्ष नेता व एक करोड़ के इनामी मिसिर बेसरा और पतिराम मांझी उर्फ अनल अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में भ्रमणशील की सूचना पर अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में ग्राम रेंगडाहातु से तुम्बाहाका जानेवाली मार्ग में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्देश्य से प्रेशर आईईडी विस्फोटक लगाकर रखा गया था, जिसकी चपेट में आने से कोबरा 209 बटालियन के प्रभाकर साहनी घायल हो गये। अभियान के क्रम में ही दूसरे क्षेत्र में गोईलकेरा थानान्तर्गत ग्राम ईचाहातु के समीप सुरक्षा बलों को लक्षित करने के लिए माओवादियों द्वारा लगाये गये 10 आईईडी विस्फोटक को सुरक्षा बलों के द्वारा बरामद किया गया है। सभी आईईडी को बम निरोधक दस्ता के सहायता से नष्ट कर दिया गया है। लगभग सभी आईईडी पांच-पांच किग्रा. वजन के थे। उल्लेखनीय है कि 20 नवम्बर को ग्राम रेंगड़ाहातु थाना टोन्टो के टाटीबेड़ा टोला के समीप जंगल में नक्सलियों के द्वारा एक आईईडी विस्फोट की घटना को अंजाम दिया गया था, जिसमें स्थानीय निवासी चेतन कोड़ा की मौत हो गयी थी।

### कोर्ट ने दिया आदेश

## बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से फुटेज हासिल करेगी ईडी

**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा से बीते छह महीनों की सीसीटीवी फुटेज ईडी हासिल करेगी। ईडी सोमवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा जायेगी। ईडी ने बीते दिनों जेल प्रशासन से फुटेज की मांग की थी, लेकिन इस मामले में जेल प्रशासन कोर्ट चला गया था। जेल प्रशासन को शनिवार को कोर्ट ने आदेश दिया है कि वह ईडी को सीसीटीवी को फुटेज दे। ईडी को जानकारी मिली थी कि ईडी के अलग-अलग कांडों में बंद आरोपी जेल में वीवीआईपी सुविधाएं मिल रही हैं, इसके बाद ईडी ने फुटेज की मांग की थी। जेल प्रशासन ने कुछ कैदियों से भी निजता व गोपनीयता का हवाला देते हुए फुटेज देने पर सवाल उठाया था। जेल प्रशासन की भूमिका अमित अग्रवाल के वकालतनामे को सत्यापित करने में भी संदिग्ध थी।

### झारखंड में बदला मौसम का मिजाज

## कोहरे की चादर से ढकी रही रांची



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** उत्तर पश्चिम दिशा से आ रही सर्द ठंडी हवाओं के प्रभाव से रांची सहित राज्य के ज्यादातर इलाकों में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। रांची में शनिवार सुबह की शुरुआत घने कोहरे और धुंध से हुई। आसमान में छिटपुट बादल की वजह से धूप नहीं निकली। इसके कारण लोगों को ठंड का अहसास ज्यादा महसूस हुआ। इधर, रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार रात में आसमान में बादल छाये रहने की वजह से सुबह कोहरा बना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि आसमान में बादल छाये रहने की वजह से अगले चार से पांच दिनों तक न्यूनतम तापमान में वृद्धि होगी। हालांकि, इस दौरान भी लोगों को ज्यादा ठंड और कनकनी महसूस होगा। इसकी वजह है कि आसमान में बादल छाये रहेंगे और धूप नहीं निकलेगी।

### सिमडेगा में 7.2 डिग्री रिकॉर्ड किया तापमान

**पश्चिम** दिशा से आ रही सर्द हवाओं के चलते सबसे कम तापमान राज्य के सिमडेगा जिले में 7.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जबकि पलामू के जिला मुख्यालय डालटनगंज का न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस के करीब रिकॉर्ड किया गया। वहीं, रांची का न्यूनतम तापमान 09 डिग्री और अधिकतम तापमान 22.4 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा। जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम केंद्र रांची से मिली जानकारी के अनुसार 12 से 15 दिसम्बर को सुबह के कोहरे के बाद आसमान मुख्यत: साफ और मौसम शुष्क रहेगा।

## सीएम से गुहार लगानेवाली छात्रा के परिवार को मिला योजनाओं का लाभ

### लोक संवाद कार्यक्रम में बेबी ने कहा था- सीएम सर, मैं पढ़ना चाहती हूं

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पढ़ाई के लिए मदद की गुहार लगानेवाली गढ़वा के तिलदाग पंचायत निवासी बेबी कुमारी एवं उसके पूरे परिवार को सरकार की विभिन्न योजनाओं से आच्छादित कर दिया गया है। बेबी कुमारी को सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना एवं उसकी बहनों को कल्याण विभाग की छात्रवृत्ति योजना, मां ललिता देवी को बकरी पालन हेतु मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना से जोड़ा गया। बेबी के पिता इंद्रेश राम को मुख्यमंत्री



रोजगार सृजन योजना के तहत पांच लाख रुपये स्वीकृत किये गये। बेबी कुमारी की बहन रिमझिम कुमारी का नामांकन कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में कराया गया। साथ ही मनरेगा से 1.30 लाख की लागत का पशु शेड भी स्वीकृत किया गया है।

**मुख्यमंत्री के प्रति बेबी ने जताया आभार :** मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए बेबी कुमारी ने कहा कि मुख्यमंत्री जी से परसों मैंने पढ़ने के लिए मदद की गुहार लगायी थी। आज मुझे और मेरी बहनों को कई योजनाओं से आच्छादित किया गया। मां-पिताजी को भी स्वरोजगार से जोड़ा है। मेरी शेष पृष्ठ 11 पर

### भाजपा विधायक दल की बैठक में फैसला

## भूपेंद्र पटेल बनेंगे गुजरात के सीएम, कल लेंगे शपथ

**गांधीनगर (एजेंसी)।** भूपेंद्र पटेल दूसरी बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। शनिवार को भाजपा विधायकों की बैठक में उन्हें विधायक दल का नेता चुन लिया गया है। इससे पहले भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक शनिवार को यहां हुई। बैठक भाजपा के प्रदेश मुख्यालय 'कमलम' में हुई। उल्लेखनीय है कि भूपेंद्र पटेल (60) ने अपने पूरे मंत्रिमंडल के साथ शुक्रवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। भाजपा ने हाल में सम्पन्न विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की है। भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर वरिष्ठ



नेता राजनाथ सिंह, बीएस येदियुरप्पा और अर्जुन मुंडा बैठक में मौजूद थे। नये नेता के चुनाव के लिए बैठक महज औपचारिकता थी, क्योंकि पार्टी ने पहले ही घोषणा कर रखी थी कि अहमदाबाद जिले में घाटलोढिया विधानसभा सीट से लगातार दूसरी बार 1.92 लाख मतों से जीतनेवाले पटेल मुख्यमंत्री बने रहेंगे। पटेल ने पिछले सात सितम्बर में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में विजय रूपाणी का स्थान लिया था। पार्टी ने घोषणा की है कि नयी सरकार का शपथ ग्रहण 12 दिसम्बर को होगा जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित रहेंगे।

### हिमाचल के नये मुख्यमंत्री होंगे सुखविंदर सुक्खू



**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश में लंबी उठा-पटक के बाद मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा हो गयी है। सुखविंदर सिंह सुक्खू हिमाचल प्रदेश के नये सीएम होंगे। शनिवार शाम कांग्रेस विधायक दल की बैठक में उनके नाम का ऐलान कर दिया गया। उनके साथ प्रतिभा सिंह के खेमे से मुकेश अग्निहोत्री को डिप्टी सीएम बनाया गया है। सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के लिए कांग्रेस विधायक दल नेता सुखविंदर सुक्खू राज्यपाल से मिलकर समय मांगेंगे।

# जिनका ब्लड ग्रुप 'ओ' है उन्हें हृदय रोग का खतरा कम

- टाइप ए व टाइप बी ब्लड ग्रुपवाले लोगों में ब्लड क्लॉटिंग के थक्कों के कारण थ्रोम्बोसिस का खतरा 44 प्रतिशत ज्यादा

- आरएनएम

**नयी दिल्ली।** हृदय रोग की समस्या भयावह होती जा रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हृदय रोग दुनियाभर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। यदि किसी का ब्लड ग्रुप 'ओ' नहीं है, तो उसको ज्यादा सावधान रहने की जरूरत है। आर्टियो स्क्लेरोसिस, थ्रोम्बोसिस, वैस्कुलर बायोलॉजी और अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन में प्रकाशित हुए एक अध्ययन के अनुसार, नॉन-ओ ब्लड ग्रुप वाले लोगों में हृदय रोग का खतरा ज्यादा होता है। शोधकर्ताओं ने पता लगाया है कि कैसे ब्लड ग्रुप दिल के दौरे के जोखिम को बढ़ा सकता है। अध्ययन में 400,000 से ज्यादा लोगों पर हुए अध्ययन में पाया गया कि टाइप ए या बी ब्लड ग्रुपवाले लोगों में दिल का दौरा पड़ने का खतरा ओ ब्लड ग्रुपवाले लोगों की तुलना में आठ प्रतिशत ज्यादा था। यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी द्वारा 2017 में किये गये एक अन्य अध्ययन में 1.36 मिलियन से अधिक लोगों पर किये अध्ययन में यह भी पाया गया कि ओ ब्लड ग्रुपवालों के अलावा बाकी सभी ब्लड ग्रुपवालों में कोरोनरी व हृदय संबंधी जटिलताओं का जोखिम नौ प्रतिशत ज्यादा था। शोधकर्ताओं ने ब्लड ग्रुप ए और ब्लड ग्रुप बी दोनों की शेष पृष्ठ 11 पर

### हृदयाघात से बचने के लिए करें नियमित व्यायाम



इससे बचाव के लिए नियमित व्यायाम करना चाहिए, खानपान में तैलीय व गरिष्ठ भोज्य पदार्थ से परहेज करना चाहिए। फल, सलाद कु भोगना का लगभग साठ प्रतिशत लेना चाहिए। दारू, तंबाकू, चरस, गांजा जैसे हानिकारक चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए। लगातार एक जगह कई घंटे बैठकर काम करते रहने के बजाय हर आधा या एक घंटे पर उठकर थोड़ा टहल लेना चाहिए। बीच-बीच में योग्य चिकित्सक से सलाह लेना चाहिए।

### ज्यादा समय बैठकर काम करनेवालों को ज्यादा खतरा

**जो** लोग 24 घंटे बैठे रहते हैं उनमें शारीरिक रूप से कठिन काम करनेवाले लोगों की तुलना में हृदय रोग होने की संभावना अधिक होती है। जिस व्यक्ति में व्यायाम की कमी होती है, उसके शरीर की कार्यक्षमता कम होती है। किसी भी शारीरिक गतिविधि के दौरान ऐसे लोगों की हृदय गति बढ़ जाती है और ऐसे लोग बहुत जल्दी थक भी जाते हैं। इनके खून में चर्बी अधिक होती है। इसलिए वे हृदय को रक्त की आपूर्ति में रुकावट के साथ-साथ रक्त के थक्कों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। इससे हार्ट अटैक का खतरा भी बढ़ जाता है।

# काशी सहित देश के 55 शहरों में आयोजित होगा जी-20 सम्मेलन

- आरएनएम

**वाराणसी।** दो दिनी दौरे पर वाराणसी पहुंचे विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि काशी सहित देश के 55 शहरों में जी-20 सम्मेलन होगा। यह सब दिसम्बर 2022 से नवम्बर 2023 तक के लिए भारत को मिली जी-20 की मेजबानी के कारण हो रहा है। मालूम हो कि समूह 20 देशों में से सबको एक साल बाद दूसरे को एक वर्ष के लिए जी-20 सम्मेलन कराने की मेजबानी मिलती है।

- काशी में जी-20 की डेवलपमेंट मिनिस्टर की बैठक सहित पांच और बैठकें होंगी




इसमें ऐसा नहीं है कि किसी देश को उसके प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति के कारण जी-20 सम्मेलन कराने की मेजबानी मिलती है। यह क्रमवार एक के बाद दूसरे देश को मिलती है। एस. जयशंकर ने कहा कि इसका आयोजन देश के 55 शहरों में होगा। इसमें से एक प्रमुख आयोजन -डेवलपमेंट मिनिस्टर की बैठक वाराणसी में होगा। जिसकी अध्यक्षता वह खुद (विदेश मंत्री एस. जयशंकर ) करेंगे। उन्होंने बताया कि वाराणसी में जी-20 सम्मेलन से संबंधित छह बैठकों के स्थान और तैयारियों की समीक्षा के लिए वो यहां पहुंचे हैं।

**जी-20 में निम्न देशों की है भागीदारी :** ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (जी-20) में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूके और यूएस और यूरोपीय संघ (ईयू) शामिल हैं।

## न्यूज गैलरी

### आठ दिसम्बर से युवक लापता थाना में लिखित सूचना दी गयी



बुढ़मू। एक व्यक्ति तीन दिनों से लापता हो गया है। जानकारी के अनुसार छोटन लोहरा (45) वर्ष पतरातू के सौंदा का रहने वाला है और वह 8 दिसंबर गुरुवार से लापता है। लापता व्यक्ति के परिजन लोग काफी खोजबीन किए, लेकिन अभी तक कहीं पता नहीं चला है। परिजनों के अनुसार बताया गया कि छोटन लोहरा 8 दिसंबर को लगभग शाम 5:00 बजे के बाद से लापता है। साथ ही परिवार वालों ने कहा कि इस संबंध में स्थानीय थाना को लिखित सूचना दिया गया है। वही परिवार के लोगों ने कहा कि अगर यह व्यक्ति कहीं भी किसी को मिले तो परिजन के मोबाइल नंबर 6200450319 पर संपर्क कर जानकारी दें। यह जानकारी लापता छोटन लोहरा के परिवार के सदस्य अजय लोहरा ने दी है।

### बिजली की अनियमितता के विरोध में सिगनेचर कैंपेन चलाया गया




रांची। बिजली की अनियमितता के विरोध में शनिवार को वीर अभिमन्यु चौक चुना भट्टा में सिगनेचर कैंपेन चलाया गया। मौके पर लोगों ने कहा कि कोयला बहुल संपन्न राज्य होते हुए भी पूरे राज्य में सिर्फ और सिर्फ झारखंड सरकार की भ्रष्टाचार नीतियों और वंशवाद की राजनीति के कारण पूरे प्रदेश की जनता अंधेरे में जी रही है ।अगर सरकार की नींद फिर भी नहीं खुलती है तो पूरे राज्य में चरणबद्ध आंदोलन होगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से, गुड्डू लोहरा, दीपांशु, अजय, गुड्डू, विक्की, सोनू, सनी, रोहित, सोनू, इंद्रजीत, कमल, आकाश, विकास, कुणाल, कुंदन, सनी साहू, रवि प्रजापति, विकास कुमार राहुल तिवारी, मनोरमा देवी, संतोष गुप्ता, पुष्पा देवी, रिंकी देवी, प्रिया, जूली प्रीतिका आदि शामिल थे।

### रातू हुरहुरी में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर खेत में पलटा

रातू। थाना क्षेत्र के काठी टांड- ठाकुर गांव मार्ग स्थित स्टार ऑटो सर्विस हुरहुरी पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्फतार स्कॉर्पियो जेएच13 ई-7000 अनियंत्रित होकर खेत मे पलट गया। हादसे में स्कॉर्पियो के चालक को चोट आई है। जानकारी के मुताबिक स्कॉर्पियो ठाकुरगांव की और से काठी टांड की और जा रहा था। वाहन काफी रफ्फतार में होने के कारण चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और स्कॉर्पियो खेत मे पलट गया। घटना रात 12 बजे की बताई जा रही है।

### दो दिवसीय लिटरेरी मीट का उद्घाटन



रांची। शनिवार को राजधानी रांची के ऑड्रे हाउस में आयोजित दो दिवसीय लिटरेरी मीट का उद्घाटन जाने-माने कवि, पटकथा लेखक जावेद अख्तर ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम आदिवासियों को क्या सिखायेंगे. आदिवासियों से हमें बहुत कुछ सीखना चाहिए। प्रकृति का संरक्षण, अपनी संस्कृति से जुड़े रहना हमें उनसे सीखना चाहिए।

### खातियानी जन सभा आज, जयराम महतो एवं सूर्य सिंह बेसरा करेंगे शिरकत

सिल्ली। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति युवा सिल्ली के तत्वावधान में रविवार को प्रखंड के टुटकी पंचायत अंतर्गत सिल्ली कॉलेज मैदान में दिन के 12 बजे से आयोजित की गई है ।उक्त जानकारी झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति सिल्ली के राजू महतो ने दी। उन्होंने बताया कि इस जन सभा में मुख्य वक्ता के रूप में क्रांतिकारी टाइगर जयराम महतो व सूर्य सिंह बेसरा सभा को संबोधित करेंगे। खतियानी जन सभा में 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति, नियोजन नीति, विस्थापन नीति व उद्घोग नीति मुख्य मांगे होगी।

शराब दुकानों के सामने भीड़ लगाकर शराब सेवन करने वालों पर पुलिस हुई सख्त

# शराबियों को न सिर्फ पकड़ेगी, बल्कि उनके साथ-साथ दुकानदारों पर भी होगी कानूनी कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अब शराब दुकानों के सामने भीड़ लगाकर सेवन करने वालों पर पुलिस अब पूरी तरह से सख्त दिखाई देने लगी है। रांची पुलिस ऐसा शराबियों को न सिर्फ पकड़ेगी, बल्कि शराबियों के साथ दुकानदार पर कानूनी कार्रवाई भी करेगी। यह निर्देश रांची एसएसपी किशोर कौशल ने दिया। वह शनिवार को जिले के डीएसपी व थानेदारों के साथ क्राइम मीटिंग कर रहे थे। उन्होंने थानेदारों को निर्देश दिया है कि वे शराब दुकानों के सामने किसी भी हाल में जमावड़ा नहीं लगने दें। आदेश का पालन नहीं करने वाले थानेदारों पर भी कार्रवाई होगी। एसएसपी ने कहा कि शहर के प्रमुख मार्गों पर हर रोज रात में बैरिकेटिंग की जाए। बैरिकेडिंग स्थल पर पुलिसकर्मी तैनात रहें। इस दौरान हर गाड़ियों की चेंकिंग की जाए। साथ ही शीतकालीन विधानसभा सत्र और आने वाले नव वर्ष के लिए विधि व्यवस्था चाक-चौबंद रखने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम के अलावा सभी डीएसपी भी मौजूद थे।

**अब नशा के सौदागरों पर पुलिस की नजर, कार्रवाई के लिए रहें तैयार**

रांची जिला में नशा के कारोबार करने वालों पर नकेल कसने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया। एसएसपी ने कहा है कि नशा के अड्डों पर लगातार छापेमारी करें। अगर किसी भी इलाके में नशा का कारोबार चलता हुआ पाया जाता तो संबंधित थानेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नव वर्ष के लिए पर्यटन स्थलों में पुलिस की तैनाती और वहां विधि व्यवस्था को मजबूत करने के लिए गश्ती बढ़ाने के साथ जितने भी वारंटी और कुर्की के लंबित मामले हैं उसे माननीय न्यायालय से समन्वय स्थापित कर निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया गया।

**31 दिसंबर तक हर हाल में लंबित कांडों को करें निष्पादित**

क्राइम मीटिंग में लंबित कांडों की समीक्षा की गई है। एसएसपी ने सभी थानेदारों से 31 दिसंबर तक पांच साल और उससे अधिक समय से लंबित कांडों को निष्पादित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि एमवीआई और अभियोजन के लिए जितने भी मामले लंबित है। उन मामलों को कोर्ट से अभियोजन लेकर निष्पादित करें। उन्होंने कहा है कि जितने भी अपराधी फरार चल रहे हैं। उन्हे दबोचने के लिए उनके घर पर इश्तेहार चिपकाएं। फिर भी सरेंडर नहीं करते हैं तो ऐसे अपराधियों के घरों की कुर्की करें। एसएसपी ने थानेदारों को सख्त हिदायत दी है कि निर्धारित समय पर कांडों को निष्पादित नहीं करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि पुलिस मुख्यालय के द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि लंबित कांडों को हर हाल में निष्पादित किया जाए।

## पूर्व आजसू प्रखंड अध्यक्ष का 20वां शहादत दिवस मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**तमाड़।** आजसू पार्टी के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष स्व.पद्मकिशोर महतो का 20वां शहादत दिवस शनिवार दुवारसिनी चौक (गांगो) स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मनाया गया। तमाड़ पश्चिमी जिला परिषद सदस्य विजय सिंह मानकी ने कहा कि पार्टी के प्रति पद्मकिशोर बाबू की जो कार्यकुशलता थी वह भुलाई नहीं सकती है। बुंडू जिला परिषद सदस्य सह आजसू पार्टी महिला इकाई के जिला प्रधान सचिव परमेश्वरी शांडिल और रांची के वरीय उपाध्यक्ष सह तमाड़ प्रखंड प्रभारी श्याम कुमार महतो ने कहा कि आजसू पार्टी सिल्ली विधानसभा की तर्ज पर तमाड़ विधानसभा में भी विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम करेगी। मौके पर रांची जिला सचिव ताराचंद सिंह मुंडा, महिला इकाई के जिला उपाध्यक्ष रिंकी गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता, पूर्वी अध्यक्ष हरिहर महतो, महिला प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष सुनीता देवी, उप मुखिया सपना देवी, जरगो पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रकाश सिंह मुंडा, जरगो पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रवि पातर के अतिरिक्त हरदेव महतो, प्रेम कुमार गुप्ता, धनसिंह लोहरा, मनोज कुमार महतो, दिनेश प्रमाणिक, कृष्णा महतो, अर्जुन सिंह मुंडा, कल्पना देवी, चंदना देवी, काजल देवी, खेमनी देवी और ईश्वर महतो आदि मौजूद थे।

**◆बुंडू जिला परिषद सदस्य सह आजसू पार्टी महिला इकाई के जिला प्रधान सचिव परमेश्वरी शांडिल और रांची के वरीय उपाध्यक्ष सह तमाड़ प्रखंड प्रभारी श्याम कुमार महतो ने कहा कि आजसू पार्टी सिल्ली विधानसभा की तर्ज पर तमाड़ विधानसभा में भी काम करेगी।**

लड्डुवा पूस जतरा का हुआ आयोजन

## परंपरा के प्रतीक जतरा हमारे पुर्वजों की देन है : सन्नी टोप्पो

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के अरमा लठदाग में लड्डुवा पूस जतरा का आयोजन प्रत्येक वर्ष की भांति जतरा सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि मांडर विधानसभा के युवा नेता सन्नी टोप्पो ने फीता काटकर किया। इस दौरान सन्नी टोप्पो ने कहा कि परंपरा के प्रतीक जतरा हमारे पुर्वजों की देन है, इसे इसी स्वरूप में बरकरार रखने रखने की जरूरत है। आदिकाल से जतरा का आयोजन हमारे पुर्वज करते आ रहे हैं, आज समय जरूर बदला है लेकिन हम अपने पुर्वजों की विरासत को बचाए रखने में सफल हुए हैं। उन्होंने युवाओं को नशापान से दुर रहने की सलाह दिए। मौके पर प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, आयोजन कमेटी के अध्यक्ष कमलेश गोप, उपाध्यक्ष, कैलाश गोप, सचिव दीपक गोप संरक्षक मदरा मुंडा, मांगा तिर्की, चरकू साहू, विजय सिंह, जर्नादन दास, संदीप साहु, महादेव कूजूर, फलीन्दर ठाकुर, भदइ महली, बंधना उरांव, संतोष बड़ाईक, अजय कुमार, अभिमंत कुमार सिंह, अनुप कुमार, पंकज सिंह, रंगबहादुर सिंह, राजेन्द्र सिंह, अजय कुमार साहु, राजेन्द्र गोप सहित हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### नेशनल वूमेन कन्वेंशन रांची के एसडीसी सभागार में आयोजित

**रांची।** बैंक इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया का चौथा नेशनल वूमेन कन्वेंशन रांची के एसडीसी सभागार में आयोजित हुआ जहां 7 राज्यों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कन्वेंशन में महिला बैंक कर्मी की समस्याओं पर चर्चा की गई। जनवादी महिला समिति दिल्ली के वाइस प्रेसिडेंट साहेबा फारुकी ने कहा कि बैंक में काम करने वाली महिला कर्मी को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परिवार की देखभाल के लिए कोई रिलीफ नहीं दी जाती है। मनमाने ढंग से ट्रांसफर पोस्टिंग की जाती है। साथ ही सेक्सुअल हरसमेंट का भी शिकार हो रही। इन तमाम समस्याओं से महिला बैंक कर्मी को कैसे निजात मिले इसको लेकर बैंक इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ इंडिया निरंतर काम कर रही है ।

आचार्यकुलम विद्यालय परिसर में संगीत रत्न प्रतियोगिता आयोजित

## अव्वल आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** शनिवार को आचार्यकुलम विद्यालय परिसर में संगीत रत्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का शुभ आरंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसमें कक्षा - दूसरी से लेकर कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थी भाग लिए। जिसमें उन्होंने अपनी मेहनत और कला - कौशल का बखूबी परिचय दिया। मुख्य तौर पर शास्त्रीय संगीत के राग बागेश्री, राग कल्याण , राग यमन , और राग देश गाए गए । उनकी मधुर आवाज से सुशोभित संगीत ने सभी का मन मोह लिया। प्रतिभागियों का साथ उनके संगीत शिक्षक अमित कुमार ठाकुर और शशांक पाठक दे रहे थे। प्रतियोगिता दो राउंड - सेमीफाइनल और फाइनल में हुई। अव्वल आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सुजाता कौरा जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहीं कि -संगीत जीवन का आनंद है। इससे हम सभी अपने तनाव से मुक्त हो जाते हैं और हमारे भीतर नई ऊर्जा का संचार होता है, इससे संयमित और अनुशासित रहने के लिए भी सीखते हैं । इसीलिए सभी के जीवन में संगीत के प्रति रुझान होना आवश्यक है। अचार्यकुलम विद्यालय के विद्यार्थी सभी क्षेत्रों में अग्रसर हैं-चाहे वह क्षेत्र संगीत का हो, पढ़ाई का हो या खेलकूद का हो। विद्यालय के प्रबंधक स्वामी दिव्य देव जी ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए समय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि - समय और धन हमारे जीवन के लिए अति आवश्यक है। हमें हर समय यह प्रयास करते रहना चाहिए कि हमारा एक भी क्षण नष्ट ना हो ।क्योंकि प्रत्येक क्षण उपयोगी है। बीता हुआ समय वापस नहीं लौटता है। उसी प्रकार धन का भी व्यर्थ में खर्च नहीं करें। इसीलिए समय और धन दोनों पर सदैव सदुपयोग करें । आगे उन्होंने संस्कृत व्याकरण पुस्तक अष्टाध्यायी की चर्चा करते हुए कहा कि अष्टाध्याई का आप सभी अध्ययन अवश्य करें। इसके पढ़ने के उपरांत आप सभी गीता, उपनिषद और वेदों को सरलता से पढ़ और समझ सकते हैं।

बीडीओ ने पंचायत कर्मियों के साथ की समीक्षात्मक बैठक, कहा

## ससमय कार्यों को पूर्ण करना और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना ही हम सब का प्रथम दायित्व है



**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड कार्यालय व पंचायत के सभी कर्मी कार्यशैली में सुधार लाएं। ससमय कार्यों को पूर्ण करना और जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना ही हम सब का प्रथम दायित्व है। उक्त बातें बेड़ो प्रखंड के सभागार में शनिवार को आयोजित समीक्षात्मक बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार ने कही। उन्होंने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, आंगनबाड़ी, खेल मैदान, सहित अन्य विकास योजनाओं में असंतोषजनक प्रगति पर नाराजगी का इजहार करते हुए कहा कि समय की पाबंदी और इच्छाशक्ति के बिना हम अपने कार्यों के प्रति न्याय स्थापित नहीं कर सकते हैं। मनरेगा के तहत हर गांव में कम से कम 5 योजनाओं का संचालन साथ ही पंचायत में 100 से अधिक डिमांड सुनिश्चित किए जाने का सख्त निर्देश दिया साथ ही लंबित योजनाओं को पूर्ण करने की हिदायत दी। प्रधानमंत्री आवास योजना को समय पूर्ण करने के लिए जेइ, एइ सहित 7 सदस्य टीम का गठन कर प्रगति लाने का निर्देश दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह कम से कम 3 पंचायत का निरीक्षण किया जाएगा। जिसकी शुरूआत बुधवार से करकरी पंचायत से की जाएगी। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, एइ पुरुषोत्तम पटेल, फारुख नदीम, विजय यादव, जे एस एस, सद्दाम अंसारी, आशीष कोया सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### विभिन्न विकास योजनाओं की कार्य प्रगति का उपायुक्त ने लिया जायजा

**रांची ।** उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा लगातार जिले के विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण कर विकास योजनाओं की कार्य प्रगति का जायजा लिया जा रहा है। अनगड़ा, इटकी और नगड़ी प्रखंड के भ्रमण के बाद शनिवार को उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने ओरमांझी प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण किया। जवाहर नवोदय विद्यालय, मेरारा, रिंग रोड परियोजना, नेवरी विकास, बिरसा जैविक उद्यान, ओरमांझी, कुल्ही इण्डस्ट्रीयल पार्क, ओरमांझी, शहीद शेख भिखारी का स्मारक स्थल, ओरमांझी, जिला परिषद् द्वारा निमार्णाधीन मार्केट कॉम्प्लेक्स, ओरमांझी व उपायुक्त द्वारा भवन निर्माण, जिला परिषद, विशेष प्रमण्डल एवं अन्य एजेंसी द्वारा क्रियान्वित योजना के साथ जेएसएलपीएस द्वारा संचालित योजना का भी निरीक्षण किया गया।

रातू के बिजुलया पंचायत में झामुमो पंचायत समिति का गठन

## मनवेल तिग्गा अध्यक्ष व सचिव बने भुनेश्वर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रातू।** रातू प्रखंड के बिजुलया पंचायत में शनिवार को प्रखंड झामुमो पंचायत समिति की बैठक प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में झामुमो पंचायत समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मनवेल तिग्गा को अध्यक्ष व भुनेश्वर महतो को सचिव चुना गया। इसके अलावा चन्द्रवीर उरांव को उपाध्यक्ष, तबरेज अंसारी को कोषाध्यक्ष, इम्तियाज अंसारी को संगठन सचिव तथा इब्राहिम अंसारी व अनुज उरांव को सह सचिव बनाया गया। इसके अलावा आकाश उरांव, आजाद अंसारी, शकील अहमद, आफताब आलम, पप्पू कुमार, रितेश उरांव, अनवर अंसारी व अब्दुल अंसारी को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया कार्यक्रम में अमित तिग्ग, वरुण महतो, शकील अहमद, आजाद अंसारी, वाहिद अंसारी, सिकंदर अंसारी, इदरीस अंसारी व पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

लोटा उच्च विद्यालय मैदान में आजसू पार्टी का क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित

## गूंज महोत्सव को विकास महोत्सव के रूप में मनाने को लेकर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** सिल्ली के लोटा उच्च विद्यालय मैदान में आजसू पार्टी बुढ़ा आम क्षेत्र के क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें लोटा, नागेडीह, गोड़ाडीह, आदि क्षेत्रों के ग्राम प्रभारी, चूल्हा प्रमुख, सक्रिय दीदी, महिला समिति सदस्य, बुद्धिजीवी, युवा आजसू के कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मुखिया योगेश्वर महतो ने किया। सम्मेलन में आजसू पार्टी प्रमुख सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सामूहिकता और जनभागीदारी से हम क्षेत्र की हालात बदलेंगे। आज पढ़ाई, दवाई एवं न्याय ये तीनों चीजें आम लोगों से दूर होते जा रही है। इन मुलभुत जरुरतों में सुधार के लिए आजसू कटीबद्ध है एवं इस मसले पर व्यापक बदलाव के लिए पार्टी ने बृहद कार्ययोजना तैयार किया है। जिसका सुभारंभ सिल्ली बिधानसभा क्षेत्र से किया जायेगा जिसमें सिल्ली, प्रदेश का ही नहीं बल्कि देश का भी मोडल बनेगा। उन्होंने कहा ₹पढ़ेगा सिल्ली बढ़ेगा सिल्ली अभियान के तहत क्षेत्र के 6 उच्च विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की शुरूआत की गई है, जल्द ही सभी 28 उच्च विद्यालयों विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की शुरूआत की जाएगी। आगे अन्य विद्यालयों को भी इस तरह के शिक्षा पद्धति से जोड़ा जाएगा जिससे सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे भी प्राइवेट विद्यालयों के तर्ज पर शिक्षा ग्रहण कर पायेंगे। वहीं उन्होंने क्षेत्र में बेहतर कोचिंग, लाइब्रेरी, एवं रांची में उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले बच्चों के लिए मुफ्त आवागमन की व्यवस्था तथा बेहतर चिकित्सा के लिए क्षेत्र में डायलिसिस सेंटर एवं पैथोलॉजी सेंटर के लिए की जा रही तैयारी की विस्तार से जानकारी दी। वहीं उन्होंने आगामी 18,19 एवं 20 दिसम्बर को सिल्ली में आयोजित गूंज महोत्सव को विकास उत्सव में मनाने को लेकर चर्चा करते हुए सभी की सहभागिता की अपील करते हुए कहा कि गूंज महोत्सव एक सास्कृतिक मंच ही नहीं बल्कि विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने एवं भावी योजनाओं की कार्य योजना बनाना है। इस बार कई लोक कल्याणकारी योजनाओ शुभारंभ किया जाएगा। केंद्रीय नेता सह क्षेत्रीय प्रभारी जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, तृलोचन महतो आदि ने भी कार्यकताओं को सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन शिवशंकर प्रसाद ने किया। कार्यक्रम से पुर्व लोटा उच्च विद्यालय परिसर में विधायक मद से बनने वाले एक अतिरिक्त कमरे के निर्माण का विधायक ने आधारशिला रखी। सम्मेलन में जगदीश महतो, सुभाष महतो, डबलु महली, हारून मोमिन, तरुण महतो, समेत पार्टी के सभी अनुषंगी ईकाई के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**◆जल्द ही सभी 28 उच्च विद्यालयों विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की शुरूआत की जाएगी। आगे अन्य विद्यालयों को भी इस तरह के शिक्षा पद्धति से जोड़ा जाएगा जिससे सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे भी प्राइवेट विद्यालयों के तर्ज पर शिक्षा ग्रहण कर पायेंगे।**

### इंडियन ओवरसीज बैंक का चिलदाग में खाता खोलो जागरुकता अभियान

**रांची।** इंडियन ओवरसीज बैंक ने शनिवार को चिलदाग स्कूल के पास जागरुकता अभियान चलाकर 50 ग्रामीणों का खाता खोला। मुख्य अतिथि भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने बैंक द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन समय-समय पर होते रहना चाहिए, ताकि लोगों को बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी हो सके। रिजनल प्रबंधक रवि कुमार, गोंदलीपोखर के शाखा मैनेजर विकास कुमार सिंह ने लोगों को बैंक द्वारा चलाई जा रही बीमा पॉलिसी, लोन लेने की प्रक्रिया के साथ लोगों से ऋण चुकाओ ऋण पाओ की तर्ज पर काम करने का आह्वान किया। मौके पर उमेश नायक, साबी चौधरी, ललिता देवी, शकुंतला देवी, मीना देवी, प्रतिमा देवी, राजू चौधरी, लखीराम महतो आदि मौजूद थे।

## टेंडर मैनेज घोटाले में मंत्री आलम को बर्खास्त करें मुख्यमंत्री : दीपक प्रकाश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने शनिवार को राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भ्रष्टाचार और घोटालों के आकंठ में डूबी राज्य सरकार के रोज नये-नये करनामे उजागर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब सरकार के मंत्री विकास की जिम्मेदारी नहीं संभाल रहे बल्कि ठेका-पट्टा, टेंडर मैनेज करने में ही अपनी सारी ताकत लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय ने जिस प्रकार से राज्य सरकार के मंत्री के खिलाफ कड़ी टिप्पणी की है उससे राज्य सरकार का असली चेहरा उजागर हुआ है। उन्होंने कहा कि जिस विभाग में हाथ डालिये घोटाले ही घोटाले, भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि चाहे सिंचाई विभाग का घोटाला हो या फिर फ्लाई ओवर का सभी में भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार का भ्रष्टाचार राज्य की जनता पर अत्याचार का भयावह और घिनौना स्वरूप है जो राज्य को दीमक की तरह खोखला कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री में अगर थोड़ी भी नैतिकता बची है, तो ऐसे मंत्री को बर्खास्त करना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस पार्टी को भी अपने मंत्री से अविलंब इस्तीफा दिलाने की मांग की।राजनीतिक साजिश के तहत मेन रोड हिंसा की जांच दबाने का आरोप : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने विगत दस जून को रांची मेन रोड हिंसा की धीमी जांच पर उच्च न्यायालय की टिप्पणी को लेकर भी तीखी प्रतिक्रिया दी और राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राजनीतिक साजिश के तहत ऐसा जान-बूझकर कर रही है। श्री प्रकाश ने कहा कि घटना के दिन से ही राज्य सरकार तुष्टिकरण की नीति पर चल रही। वोट बैंक की राजनीति सरकार पर हावी है। श्री प्रकाश ने कहा कि अगर राज्य सरकार ईमानदार होती तो अबतक दोषियों को कड़ी सजा मिल गयी होती। लेकिन राज्य सरकार की मंशा साफ नहीं है।

## न्यूज गैलरी

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, स्थिति गंभीर, रेफर

**किस्को/लोहरदगा।** किस्को थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नवाडीह अंतर्गत तालिमी मिशन नवाडीह के समीप ग्राम पंचायत पाखर के तिसिया अम्बा टोली निवासी विश्राम उरांव का पुत्र विनोद उरांव सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों के मदद से तत्काल इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किस्को ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर अमितेश कुमार के द्वारा गंभीर रूप से घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया गया। तत्पश्चात युवक की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार तिसिया अम्बा टोली निवासी विश्राम उरांव का पुत्र विनोद उरांव अपने मोटरसाइकिल से साप्ताहिक शनिवार बाजार किस्को से खरीददारी कर अपना घर तिसिया अम्बा टोली जा रहा था। इसी दौरान पाखर की ओर से आ रहे ट्रक की लाइट से अपना नियंत्रण खो बैठा और तालिमी मिशन नवाडीह के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे युवक को गंभीर चोट आई है। इधर घटना की सूचना मिलते ही ग्राम पंचायत पाखर के मुखिया फुलमनी उरांव एवं सामाजिक कार्यकर्ता रंथू उरांव घायल युवक का कुशल क्षेम जानने जानने सदर अस्पताल पहुंच डॉक्टरों से बात किया। साथ ही घायल युवक के बेहतर इलाज हेतु परिजनों को हर संभव सहयोग करने की बात कही।

### न्यायालय ने मानवाधिकार दिवस पर आरानी पंचायत में लोगों को अधिकारों की दी जानकारी

**सिमडेगा।** अरानी स्थित पंचायत भवन में शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के द्वारा अधिवक्ता प्रभात कुमार श्रीवास्तव एवं कोमल श्रीवास्तव ने उपस्थित जन मानस को मानवाधिकार के विषय में विस्तार से बताया। जिसमे जीने का अधिकार, अभिव्यक्ति का अधिकार, स्वतंत्रता समता, इत्यादि ऐसे आधारभूत अधिकार जो किसी भी व्यक्ति को उसके मानव होने के कारण प्राप्त हो, उसे मानव अधिकार कहते हैं। भारत का संविधान अपने प्रत्येक नागरिक को मौलिक अधिकार की गारंटी देता है। ऐसे कोई भी नागरिक जिनका मौलिक अधिकार का हनन होता है वह राज्य के विरूद्ध न्यायालय जाने को स्वतंत्र है ।अधिवक्ता कोमल श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को बाल विवाह, इसके दूष्परिणाम, बाल विवाह के कानूनी पहलूओं से अवगत कराया। उपस्थित लोगों ने अपने प्रश्नों के माध्यम से उपस्थित वक्ताओं से जानकारी प्राप्त की। गौरतलब हो संयुक्त राष्ट्र द्वारा सन 1950 में 10 दिसम्बर के ही दिन को मानवाधिकार दिवस के रूप में घोषित किया था और इसी पर प्रत्येक वर्ष 10 दिसम्बर को विश्व, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया जाता है ।जिसके तहत झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची निर्देश पर कार्यक्रम हुई। इस कार्यक्रम में पीएलवी सुनिता कुल्लू एवं रोशन कुल्लू, मुखिया कंचन नाग एवं ग्रामीण उपस्थित थे ।

### दुष्कर्म के आरोपी गिरफ्तार

**मांडर।** थाना क्षेत्र के पुनगी फुसराटांड़ निवासी एक नाबालिक छात्रा से दुष्कर्म के आरोपी को मांडर पुलिस ने न्यायालय के अभिरक्षण में भेज दिया है ।संत अन्ना बालिका विद्यालय की इस नाबालिक छात्रा के साथकरकरा निवासी 19 वर्षीय मुंसफ अंसारी लगभग छः माह से अपनी वासना का शिकार बनाते आ रहा था ।किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दे चुका था। किसी माध्यम से परिजनों को जानकारी प्राप्त होते उन्होंने लड़की से पूछताछ कर मांडर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसके बाद मांडर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेज दिया है।

### चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल का मना एनुअल डे



**मांडर।** प्रखंड के चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल गुड़गुड़जाड़ी मे फस्ट एनुअल डे सेलिब्रेशन मनाया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की उपस्थित हुई। कार्यक्रम मे बच्चों ने मुख्य अतिथि का पारम्परिक तरीके से नृत्य संगीत के साथमंच तक लाया। विधायक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बच्चों ने अतिथीयों का स्वागत व अभिनन्दन पुष्पगुच्छ देकर किया। स्वागत गान के साथ ही बच्चों ने मंच पर कई आकर्षक रंगारंग कार्यक्रम को प्रस्तुत भी किया। उपस्थित छात्र- छात्राओं एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि आज हर बच्चे को शिक्षा प्राप्त कराना आवश्यक है। शिक्षा के अभाव में हमारे क्षेत्र मे सदियों से शोषण होते आया है। पर आज हमारी जनता जाग उठी है और अपने बच्चें बच्चियों को अच्छे से अच्छे विद्यालय में शिक्षा देने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। सरकार भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रयासरत है। ग्रामीण क्षेत्र का यह विद्यालय यहां के शिक्षकों की मेहनत व लगन को दिखाता है जो हमें यहां के अनुशासित बच्चों की प्रतिभा में दिखती है ।मौके पर विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक, रशीद अंसारी, कार्यकर्ता सुमित उरांव एवं अन्य उपस्थित रहे।

## नगर परिषद सिमडेगा बोर्ड की मासिक बैठक संपन्न

# योजनाओं को ससमय पूर्ण करने का निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा नगर परिषद कार्यालय सभागार में शनिवार को नगर परिषद बोर्ड की मासिक बैठक नगर अध्यक्ष पुष्पा कुल्लू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस मौके पर नगर उपाध्यक्ष ओम प्रकाश साहू प्रशिक्षु कार्यपालक पदाधिकारी हर्षवर्धन एवं सभी वार्ड पार्षद उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम नगर परिषद द्वारा संचालित योजना एवं कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए चल रही योजनाओं को समय पूरा करने को लेकर संबंधित आवेदक एवं विभाग के अभियंताओं को निर्देश दिए गए। इसके बाद कचरा प्रबंधन साफ-सफाई पानी आदि चीजों को लेकर वार्ड पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्र में समस्याओं को लेकर अवगत कराया जिस पर जल्द से जल्द इन समस्याओं को दूर करने पर सहमति बनी। इसके अलावा शहर में अनावश्यक मवेशियों का सड़क किनारे बैठने से सड़क दुर्घटना खतरा बना रहा था जिसको देखते हुए अब नगर परिषद की ओर से इस पर भी पहल करने के लिए निर्णय लिया गया। वही कोरोना के कारण 2 वर्षो से बंद ऐतिहासिक गांधी मेला इस वर्ष लगाने को लेकर चर्चा हुई और ईश्वर सभी वार्ड पार्षदों ने गांधी मेरा लगवाने पर सहमति दी जहां पर बताया गया कि डाक बंदोबस्ती मेला से कुछ दिन पूर्व की जाएगी जिसमें 45,52,275 से डाक की बंदोबस्ती हेतु बोली लगाई जाएगी वही बताया गया कि डाक में शामिल होने वाले संवेदक 10% राशि 4,45,228 सुरक्षित जमा करेंगे। बताया कि मेला 26 जनवरी से लेकर 31 जनवरी तक लगाई जाएगी। साथ ही नगर परिषद द्वारा निर्णय लिया गया कि सिमडेगा बस स्टैंड से निकलने वाले बसों का रुक रुक कर चलने से सड़क में जाम की स्थिति उत्पन्न होती है जिसको लेकर परिवहन विभाग को पत्राचार की जाएगी ताकि सड़क जाम की स्थिति ना हो। इस मौके पर सभी वार्ड पार्षदों के बीच प्रशिक्षु कार्यपालक पदाधिकारी हर्षवर्धन का परिचय कराया गया जिसके बाद आगामी क्रिसमस पर्व को ध्यान में रख शहर में जगह-जगह पर शुभकामना होडिंग लगाकर नगर परिषद की ओर से शुभकामना संदेश लगवाने पर भी सहमति बनी। साथ ही क्रिसमस केक काटकर बैठक की समाप्ति की गई।

# हाथी प्रभावित लोगों से भेंट कर समस्याओं से अवगत हुए जिलाध्यक्ष



नवीन मेल संवाददाता

**केरसई।** कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की ने शनिवार को हाथी प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते हुए पीड़ितों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना उन्होंने केरसई प्रखण्ड के किनकेल चेंगोजोर एवं केउंदकासा गांव पहुंच कर हाथीयों से प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात की। गौरतलब हो पिछले कुछ दिनों से इन ग्रामीण इलाकों में हाथियों का तांडव जारी है एवं एक की जान भी जा चुकी है, साथ ही लोगों की जान माल की क्षति भी लगातार हो रही है ।हाथियों द्वारा कटाई कर रखी हुई फसलों को निशाना बना जा रहा है जिससे कि लोगों का जीवनयापन पर बुरा असर पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष ने हाथी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते हुए पीड़ितों से मिले जिनमे पीड़ित प्रदीप सोरेंग ने बताया कि हाथियों द्वारा घर में रखे हुए करीब 4 क्विंटल अनाज खा लिया गया है वहीं अमरमनी टोप्पो का हाथियों द्वारा घर भी ध्वस्त कर दिया गया है। जिलाध्यक्ष ने ग्रामीणों की समस्याओं से अवगत होकर विश्वास दिलाते हुए कहा कि वे प्रशासन एवं उच्च स्तरीय पदाधिकारियों से सम्बन्ध स्थापित कर पीड़ितों को मुआवजा एवं मकान के साथ हाथियों को भगाने हेतु वन विभाग के अधिकारियों से ग्रामीणों के लिए टोर्च ,पटाखें एवं बचाव सामग्री मुहैया कराने की बात करेंगे ।मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष केरसई जेफ्रेंन केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि मुंस खेस सहित कई ग्रामवासी उपस्थित थे।

# ठेसुटोली में निर्माणाधीन अस्पताल का मजदूर नेता ने किया निरीक्षण



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** झारखंड मजदूर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिंह ने शनिवार को विभिन्न प्रखंड का दौरा किया इसी क्रम में केरसई प्रखण्ड ठेसुटोली में निमार्णाधीन अस्पताल में कार्यरत मजदूरों से मजदूर नेता ने मुलाकात की और मजदूरों से पूछताछ से पता चला कि मजदूरों को प्रतिदिन 200/- करके मजदूरी दिया जा रहा है ।मजदूर नेता ने कहा कि मजदूरों को कम मजदूरी दिया जा रहा है । यह मजदूरों का शोषण है ठेकेदार अपना बचाव के लिए बाहरी ठेकेदार को पेटी में काम देते हैं जिनका कोई लाईसेंस नहीं होता है। यही लोग केरसई प्रखण्ड में जितना भी स्थानीय घर एवं सरकारी काम में मजदूरों को 180/- से 200/- करके मजदूरी देते हैं। श्री सिंह ने कहा कि जनवरी में ठेकेदार के खिलाफ एक विशाल जनसभा केरसई में किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जंगली हाथी द्वारा ग्रामीण की मौत से शोकित परिवार को 5 लाख मुआवजा एवं सरकारी आवास देना चाहिए ।यह घटनाएं वन विभाग के डीएफओ की लापरवाही के कारण हाथियों को नहीं भगा पा रहे हैं। ना कि ग्रामीणों को किसी प्रकार का सुविधा नहीं दिया जा रहा है। इस पर किसी भी जनप्रतिनिधि का ध्यान गरीब के प्रति नहीं है अस्पताल में कार्यरत मजदूरों को कम मजदूरी मिलने की लिखित शिकायत उपायुक्त से किया जायेगा।

## कई संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन का डीसी ने किया निरीक्षण

# किसान को तकनीक के साथ खेती करने की दी सलाह

नवीन मेल संवाददाता

**चाईबासा** । पश्चिमी सिंहभूम जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त अनन्य मित्तल के द्वारा शनिवार को जिला कृषि पदाधिकारी कालिपद महतो एवं जिला कल्याण पदाधिकारी लक्ष्मण हरिजन सहित खुंटपानी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी की मौजूदगी में प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ऊपरलोटा, गालुबासा, पूर्णिया एवं मटकोबेड़ा में संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उपायुक्त के द्वारा सर्वप्रथम ऊपरलोटा के लाभुक दिनेश पूर्ति द्वारा जिला में उपलब्ध मद की सहायता से किए जा रहे मल्टी लेयर फार्मिंग कार्यों के अवलोकन दौरान लाभुक एवं एजेंसी से विभिन्न क्रियाकलाप यथा तालाब निर्माण स्थल, बागवानी स्थल, मुर्गी पालन शेड आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त किया गया। तदुपरांत उपायुक्त के द्वारा गालुबासा में लक्ष्मण ऊगुरसांडी के द्वारा टपक सिंचाई प्रणाली के माध्यम से किए जा रहे फूलगोभी/वंदागोभी की खेती का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा कृषि पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि दोनों नव युवक किसानों के द्वारा किए गए बेहतर कार्यों से आसपास के किसानों को भी यहां स्थल भ्रमण करवाते हुए ज्यादा किसान परिवार को उन्नत तकनीक के साथ खेती करने के लिए प्रेरित किया जाए। कृषि कार्य में संलग्न नवयुवक के उत्साहित मांग पर उपायुक्त के द्वारा उक्त क्षेत्र में 5 एमटी क्षमता के कोल्ड स्टोरेज निर्माण की प्रक्रिया को भी शुरू करवाने हेतु निर्देशित किया गया।

### बच्चों से वार्ता करते हुए विद्यालय में उपलब्ध व्यवस्थाओं को जाना

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पूर्णिया पंचायत स्थित पूर्णिया लैंपस व संलग्न कोल्ड स्टोरेज, पंचायत सचिवालय भवन व परिसर एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय का भ्रमण किया गया। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा विद्यालय में एमडीएम में बच्चों के भोजन हेतु बनी खिचड़ी का भी जायका लिया गया। भ्रमण के दौरान उपायुक्त के द्वारा विद्यालय परिसर अवलोकन के दौरान विद्यालय के कमरों में बल्ब अधिष्ठापन तथा परिसर में जल निपटान हेतु सोकपीट निर्माण सुनिश्चित करने हेतु सूचित कर वहां के बच्चों से वार्ता करते हुए विद्यालय में उपलब्ध व्यवस्थाओं को जाना। अवलोकन के दौरान उपायुक्त के द्वारा पंचायत सचिवालय भवन एवं परिसर में व्याप्त गंदगी को देखते हुए पंचायत सचिव को फटकार लगाया गया तथा अगले 1 सप्ताह में समस्त परिसर की सफाई एवं सुसज्जित करते हुए संलग्न पदाधिकारी के माध्यम से रिपोर्ट करने तथा पूर्णिया लैंपस परिसर में अधिष्ठापित कोल्ड स्टोरेज के नियमित संचालन हेतु सोलर पैनल अधिष्ठापन के संदर्भ में भी संलग्न पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा एकलव्य बालिका आवासीय विद्यालय-तोरसिंदरी का भ्रमण किया गया। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा विद्यालय के वर्ग कक्षा, परिसर स्थित ओपन जिम, बैडमिंटन कोर्ट, पुस्तकालय, संगीतालय तथा तकनीक आधारित बच्चियों को दी जा रही शिक्षा संचालन उद्देश्य से निर्मित लैब, सब्जी बागवानी आदि का अवलोकन किया गया। विद्यालयों में मौजूद छात्राओं से उनकी रूचि एवं संलग्न से संबंधित दी जा रही सुविधा के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया।

## विभिन्न प्रखंडों में दो दिवसीय ग्राम स्तरीय खेलकूद का आयोजन

# ताराबोगा की टीम ने जोराम को 2-0 से हराया




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** नेहरू युवा केंद्र सिमडेगा द्वारा प्रखंड बानो के कोनसौदे, ठेठेईटांगर के सलगापोस, बोलबा के कादोपानी और केरेया के टांगरटोली मैदान में दो दिवसीय ग्राम समुह स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में हॉकी, फुटबॉल, 400 मी रिले दौड़, 200 मी दौड़ और 400 मी दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के विभिन्न युवा मंडलों ने बढ चढकर भाग लिया ।ठेठेईटांगर के सलगापोस में सर्वप्रथम प्रतियोगिता का उद्घाटन फादर फ्लाबियुस टोप्पो और दुमकी पंचायत की उपमुखिया अजय लकड़ा के द्वारा युवा सम्राट स्वामी पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। जिसमें हॉकी का उद्घाटन मैच कोरोमिया और जिलिंग के बीच खेला गया जिसमें जिलिंग 1-0 से आगे रहा। वहीं फुटबॉल का उद्घाटन मैच ताराबोगा और जोराम के बीच खेला गया जिसमें जोराम 2-0 से आगे रहा। बानो में प्रतियोगिता का उद्घाटन कोनसौदे पंचायत की उपमुखिया सोमरा बडिंग के द्वारा युवा सम्राट स्वामी जी पर माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। जिसमें उद्घाटन मैच छोट केतुंगा और बिरता के बीच खेला गया। केरेया में प्रतियोगिता का उद्घाटन उपमुखिया जॉर्जिना समद के द्वारा प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। जिसमें उद्घाटन मैच सिहरजोर और केरेया के बीच खेला गया। ठेठेईटांगर के सलगापोस में प्रतियोगिता राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक रोशन सूरीन और परमानंद बिंझिया, बानो में चंद्रकांता कुमारी, केरेया में सरिता लुगुन और बोलबा में संजय पान और रेश्मा कुमारी के देखरेख में आयोजित किया गया।

# हथियार के बल पर लूटपाट करने के मामले में दो अपराधी गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**मांडर।** मांडर थाना पुलिस ने हथियार के बल पर लूटपाट करने के मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में संतु उरांव और नरेश उरांव शामिल है। इनके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया बाइक, मोबाइल और लूट का 13 हजार 100 रुपया बरामद किया गया है।

ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि मांडर निवासी मदन कुमार महतो ने 27 अक्टूबर को लूट को लेकर प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया था कि वह टांगर बसली के एसबीआई बैंक से तीन लाख 80 हजार निकालकर अपने गांव झिंझरी आ रहे थे। इसी दौरान हथियार के बल पर झिंझरी मोड़ के समीप अज्ञात अपराधियों ने रुपये लूटकर फरार हो गये। एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते डीएसपी अनिमेष नैथानी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने अनुसंधान के क्रम में दो लोगों को गिरफ्तार किया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ में बताया कि आस-पास के इलाके में लूटपाट करते है। इस घटना में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की। लूट का पैसा इनके अन्य साथियों के पास है। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### सड़क सुरक्षा को लेकर चला वाहन चेकिंग अभियान

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत डुंगडुंग मोड़ के समीप सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया इस चेकिंग अभियान में कोलेबिरा थाना के सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र शर्मा के द्वारा दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को रोककर वाहनों के सारे कागजात दुरुस्त रखने का सख्त हिदायत दिया साथ ही उन्होंने दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने का और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के दिशा निर्देश दिए इस चेकिंग अभियान के दौरान उन्होंने सभी वाहन चालकों को रोककर समझाया कि उनके पास वाहन के रजिस्ट्रेशन प्रदूषण ड्राइविंग लाइसेंस और इंश्योरेंस के कागजात के छाया प्रति को अपने पास रखें ताकि कभी भी वाहन चेकिंग के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी ना हो अन्यथा वाहन के कागजात दुरुस्त नहीं होने पर उसके लिए जुमार्ना भी वसूला जा सकता है।

### कंपनी के मनमाने रवैये के खिलाफ ग्रामीणों ने की बैठक

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत चकला पंचायत के नवाटोली में ग्रामीणों ने बैठक कर चकला कोल ब्लॉक के लिए अधिकृत मेसर्स हिंडाल्को एलॉय कंपनी के मनमाने रवैये पर एतराज जताया है। बैठक की अध्यक्षता वार्ड सदस्य सोहन लोहरा ने की जबकि संचालन आनन्द मुंडा कर रहे थे। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने कंपनी के कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि कंपनी क्षेत्र में मनमाने तरीके भू दलालों को आगे कर कार्य कर रही है। जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। ग्रामीण मेसर्स हिंडाल्को एलॉय कंपनी के नीतियों का विरोध करते रहेंगे। बैठक में हरि कुमार भगत, हारून रशीद, सुरेंद्र उंराव,राजेंद्र भगत,सब्बू राजा, महरु भगत, रामचंद्र साव, रूपलाल भगत, सतीष यादव,निरंजन भगत, मदन साहू, गुनी उंराव, अनिल उंराव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने पतिअम्बा चर्च सड़क और कूटुंगिया स्कूल चर्च सड़क का किया शिलान्यास

# कार्य में कमी ना हो और सड़क गार्ड़वाल गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए : नमन बिक्सल



नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** कोलेबिरा विधायक द्वारा जलडेगा क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर सड़क निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। बताया गया कि प्रखण्ड में जलडेगा प्रखण्ड कार्यालय से लेकर मिशन स्कूल तक राज्य सम्पोषित योजना में कोलेबिरा विधायक द्वारा अनुशंसा के आधार पर शुरू किया गया है। मौके पर निरीक्षण करते हुए विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि ये यह सड़क काफी जर्जर हो चुकी थी जहां पर आवागमन में काफी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। चल रहे निर्माण कार्य का निरिक्षण करते हुए विधायक ने कार्य पर असंतोष प्रकट किए उन्होंने देखा सड़क कार्य में पीसीसी में फिनिशिंग नहीं, गार्डवाल का कार्य सही नहीं है। इसपर उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए राज्य सरकार के उच्च अधिकारियों को लिखुंगा और इसकी उच्च स्तरीय जांच कराऊंगा। गड़बड़ी के इस तरह के सारे मामले जांच प्रक्रिया में कैद हो कर रह जाते हैं। उन्होंने ठेकेदार और इंजीनियर को कहा कार्य में कोई भी कमी ना हो और सड़क गडवाल अच्छे और गुणवत्ता पूर्वक होना चाहिए ।साथ ही विधायक ने कुटुंगिया पंचायत के संत रासकेट उच्च विद्यालय जाने वाली सड़क का भी शिलान्यास विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने फीता काट कर किया।मौके पर विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम, रावेल लकड़ा, जमीर हसन, सुशील जड़िया, ठेठईटांगर प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, मोहम्मद कारू,कोरनेलुस, अनिल लुगुन, अनमोल तोपनो, गैब्रियल समद,शान्तियल बागे, शिशिर डांग, राजेश भंजर, प्रिंस कुमार, दिव्या आदि मौजूद रहे।

# तिगरा में सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज ने स्कूली बच्चों संग निकाली जागरूकता रैली



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के कार्यकताओं द्वारा महिला एवं बालिका हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजकीय कृत मध्य विद्यालय तिगरा के छात्र-छात्रों द्वारा महिला हिंसा विरोधी संबंधित नारा लगाते हुए पुरे गांव का भ्रमण किया गया। वहीं कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के समन्वयक रंजन कुमार ने कहा कि इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम से महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ हो रही हिंसा में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं और किशोरियों में आये दिन होने वाली घटनाक्रम की रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिससे महिलाओं और किशोरियों को सुरक्षित जीवन प्रदान हो सके। उन्होंने गांव वालों एवं जागरूकता रैली कार्यक्रम में शामिल होने वाले सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी महिला या किशोरियों के साथ हिंसा की जाती है तो उसका सभी वर्ग के लोग बढ़ चढ़कर विरोध करें ताकि महिलाएं और किशोरियां निर्भीक होकर अपना जीवन यापन कर सके। मौके पर प्रधानाध्यापक ने कहा कि हमे न हिंसा करना है न हिंसा सहना है हिंसा कहीं भी हो उसका विरोध करना है। इधर जागरूकता रैली में शामिल हुए छात्र-छात्राओं ने प्रण लिया की वे इस तरह की हिंसा को रोकने में अपनी भागीदारी शत प्रतिशत सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक प्रधानाचार्य देवी चरण,अनुग्रह नारायण, जावेद अंसारी,मुखिया वासुदेव,राहुल कुमार, हुसैन अंसारी, सेविका शकीला खातुन,नाजिया खातुन, सुनीता कुमारी, एकराम खां, बाल संसद, सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के रंजन कुमार एवं विद्यार्थियों का अहम योगदान रहा।

## न्यूज गैलरी

### हार्डवेयर दुकान में आग लगने से लाखों का हुआ नुकसान



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र कपका गांव स्थित एक हार्डवेयर दुकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। बताया गया कि दुकान में रखे सारे समान जल गए जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। दुकानदार के अनुसार बिजली के शार्ट सर्किट के कारण यह घटना घटी। इस बावत दुकान संचालक प्रकाश महतो ने बताया कि हर दिन की तरह शुक्रवार को भी रात में दुकान बंद कर घर चले गए। लगभग 3 बजे रात सूचना मिली कि दुकान में आग लगी है। सूचना पर दुकान पहुंचा जहां पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक दुकान में रखे कम्प्यूटर, सीसी टीवी, इनवर्टर, बैट्री, पाइप, कटर मशीन, ग्राइंडर मशीन समेत हार्डवेयर की सामग्री जलकर खाक हो चुका थी। पीड़ित ने लगभग 10 लाख रुपये का नुकसान बताया।

### स्वामी शिवनारायण विरचित श्री गुरु अन्यास ज्ञान दीपक ग्रंथ जयंती मनायी गयी



**बरकट्ठा।** स्वामी शिवनारायण विरचित श्री गुरु अन्यास ज्ञान दीपक ग्रंथ जयंती समारोह का आयोजन ग्राम कल्हाबाद में ब्रह्मलीन संत चेतलाल बाबा के समाधि परिसर में किया गया। इस समारोह में विभिन्न स्थानों से स्वामी शिवनारायण पंथ के अनुयायी शामिल हुए। तीन दिवसीय इस समारोह में संतों द्वारा प्रवचन व भजन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन भंडारा का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ो के संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत नागेन्द्र दास डुमरकोल बिहार ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक अमित यादव, पूर्व विधायक जानकी यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी, उप प्रमुख सूरजी देवी, स्थानीय मुखिया कलावती देवी, पंसस सुषमा देवी, उपमुखिया गुनेशवर प्रसाद, कृष्ण देव प्रसाद, छोटेलाल मेहता, भोला प्रसाद, उतीम महतो, पोती बाबा, छोटी साव सहित दिल्ली से हीरालाल, जालंधर से रमेश, उत्तर प्रदेश से कल्याण सिंह, मनोज बाबा, उदय बाबा, रतन बाबा, बाल गोविन्द प्रसाद, सहदेव प्रसाद समय तो दर्जनों संतो ने भाग लिया।

### पत्थर से बंधा महिला का शव पानी में तैरता मिला

**चंदवारा।** शनिवार को कोडरमा जिले के चंदवारा थाना अंतर्गत जवाहर घाटी रेलवे पुल के पास पानी में महिला का शव मिला है। आशंका है कि महिला की हत्या करने के बाद शव को पत्थर से बांध दिया गया है। टेलिफोनिक सूचना के आधार पर चंदवारा थाना प्रभारी को जवाहर घाटी रेलवे पुल के पास गहरे पानी में एक महिला का तैरता हुआ शव मिला। शव को निकालने का प्रयास किया जाने लगा तो पता चला कि शव एक पत्थर से बंधा हुआ है। नाव वाले को खबर करने बाद मुश्किल से शव को निकाला गया। साथ ही उस पत्थर को भी निकाला गया जो उस महिला की साड़ी से बंधा हुआ था। जांच पड़ताल में पता चला दो-तीन दिन पहले ही इसकी मौत हो चुकी है, शव पानी से पूरा फूला हुआ था और बदबू भी आ रहा था। अभी तक महिला का पहचान नहीं हो पायी है, जानकारी आस-पास के गांव में भी पहुंचाई गई पर किसी ने अभी तक पहचाना नहीं है। इधर शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेजा गया है।

### पानी भरने के दौरान लकड़ी टूटने से महिला कुआं में गिरी, हुई मौत

**कोडरमा।** जिले के ढाब थाना अंतर्गत बगांखलार अपनी कुआं में पानी भरने के दौरान अचानक लकड़ी टूट जाने से महिला फिसल कर कुआं में गिरी और उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान गुड़िया देवी (उम्र 32 वर्ष, पति विश्वनाथ सिंह, ग्राम बंगाखलार ढाब) के रूप में हुई है। घटना शुक्रवार दोपहर की है, वहीं शनिवार को शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार उक्त महिला अपने खेत में धान काट रही थी। इसी दौरान प्यास लगने पर कुआं में पानी भरने गयी. कुआं में रखा लकड़ी टूट कर गिर गया जिससे महिला की भी कुआं में गिर कर मौत हो गई। हल्ला के बाद आसपास के लोग जुटे और महिला को कुआं से बाहर निकाला गया तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। इसकी सूचना ढाब पुलिस को देने पर पुलिस ने शव को सदर अस्पताल में अंत्यपरीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

### प्लस टू उच्च विद्यालय में प्रारंभ हुआ एसएमसी प्रशिक्षण



**बरही।** प्लस टू उच्च विद्यालय बरही में शनिवार को एसएमसी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे प्रखंड के विभिन्न विद्यालय के एसएमसी सदस्य शामिल हुए। सदस्यो को विद्यालय प्रबंधन से संबंधित विभिन्न जानकारियां विडियो प्रदर्शन के साथ दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालय के क्रियाकलाप व प्रबंधकीय व्यवस्था को बेहतर करना था।

### भैया प्रिंस ने भामाशाह विद्यालय का कोडरमा में बजाया डंका, प्राचार्य ने दी बधाई

**बरही।** शनिवार को कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर, झुमरी तिलैया कोडरमा में संकुल स्तरीय बालक व्यक्तित्व विकास वर्ग का आयोजन किया गया। जिसमें कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस संकुल स्तरीय आयोजन में भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही के भैया प्रिंस कुमार ने गणित दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। इसके साथ ही कबड्डी प्रतियोगिता में कक्षा नवम-दशम के भैया लोगों ने द्वितीय स्थान और प्रश्न मंच प्रतियोगिता में भैया कुंदन केशरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने समस्त विजयी प्रतिभागियों को बधाइयां देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में विद्यालय के संरक्षक आचार्य सुरेंद्र मंडल और लिकेश्वर राणा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त जानकारी प्रेस बयान जारी कर प्राचार्य ने दी।

# पतरातू व भुरकुंडा गोलीकांड में छह अपराधियों को पुलिस की विशेष टीम ने धर दबोचा

**एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी जानकारी, बताया घटना में शामिल अन्य अपराधियों की धर-पकड़ के लिए छापेमारी जारी**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** एसपी पीयूष पांडे द्वारा शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। मौके पर उन्होंने उन्होंने 6 दिसंबर को पतरातू के हरदेव कंस्ट्रक्शन के साइट एवं 7 दिसंबर को भुरकुंडा सेंट्रल सौंदा बी में हुई गोलीकांड के संबंध में जानकारी दी। कहा कि 6 दिसंबर के गोलीकांड को लेकर पतरातू थाना कांड संख्या-222/2022, दिनांक 06.12.2022 दर्ज किया गया। वहीं, 7 दिसंबर को समय करीब 12: 00 बजे दिन में भुरकुंडा सेन्ट्रल सौंदा बी में दो अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा बंदूक का भय दिखाकर बन्द करने की धमकी दी गई। जिसको लेकर पतरातू (भुरकुंडा) थाना कांड संख्या-225 / 2022, दिनांक 07.12. 2022 दर्ज कर कांड के त्वरित अनुसंधान के लिए पतरातू एसडीपीओ डॉ वीरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में एसआईटी गठन किया गया। जिसके बाद घटना में शामिल 6 अपराधियों जिनका पूर्व में अपराधिक इतिहास भी रहा है को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि इस घटना में शामिल अन्य अपराधकर्मियों की धर पकड़ को लेकर छापेमारी जारी है।

**एसपी ने बताया गिरफ्तार अपराधियों बारे में :** मोनु कुमार सोनी, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता स्व राजु प्रसाद सोनी, सा स्टेशन रोड पतरातू, धर्मवीर कुमार पटेल, उम्र करीब 28 वर्ष, पिता स्व रामसागर प्रसाद सा स्टीम कॉलोनी, राजु कुमार, उम्र करीब 29 वर्ष, पिता गिरीवर सिंह सा जयनगर पतरातू, दीपक रजक, उम्र करीब 29 वर्ष, पिता बमबम रजक सा न्यू मार्केट पतरातू, अमित कुमार साव, उम्र करीब 30 वर्ष, पिता आनन्द साव, सा पतरातू वस्ती। बताया कि ये सभी थाना पतरातू जिला रामगढ़ के रहनेवाले हैं। रंजीत पांडेय, उम्र करीब 36 वर्ष पिता रमेश पाण्डेय, सा भुरकुंडा, थाना भुरकुंडा ओपी निवासी है।

**अपराधियों के पास से जब्त सामग्री :** बिना नम्बर का आर 15 मोटरसाइकिल, बिना नम्बर का एफ जेड मोटरसाईकिल, बिना नम्बर प्लेट का टीवीएस राइडर मोटरसाईकिल,रिच एवं प्लास, तीन फायर किया हुआ बुलेट एवं एक मिस फायर बुलेट, छापेमारी दल में थे शामिल, छापेमारी दल में पतरातू थाना प्रभारी गौतम कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी बलवंत दुबे, पुअनि मयंक प्रसाद, पुअनि राजदीप कुमार, पुअनि अमित कुमार, पुअनि सोनू कुमार साहू, पुअनि निर्मल उरांव, पुअनि विनय कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## हम तुम्हारे हैं प्रभु जी तुम हमारे हो...पर झुमे श्रद्धालु



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** नगर के बाईपास रोड सांई फैक्ट्री के समीप द सौरव होटल बैंक्वेट हॉल के शुभारंभ के मौके पर बीती रात्रि संगीतमय भजनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न देवी देवताओं का दरबार सजाया गया एवं ज्योत के साथ भजनों का कार्यक्रम हुआ। मौके पर समाजसेवी शंकर लाल चौधरी, राजकुमार चौधरी ने कहा कि भक्ति जागरण से जहॉ घंटों तनाव से मुक्ति मिलती है वहीं श्रद्धालु भक्तों के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी बनता है। कार्यक्रम की शुरूआत पूजा अर्चना के साथ हुई। पूजा अर्चना कोलकाता पंतजलि शर्मा ने करायी। यजमान के रूप में सुशील चौधरी, सुनीता चौधरी, गौरव चौधरी, तनवी चौधरी शामिल हुई। इसके बाद रामगढ से आयी भजन गायिका स्वेता अग्रवाल ने बाबा श्याम, वीर हनुमान, भोले शंकर बाबा, माता दुर्गा, श्री राणी सती दादी जी पर आधारित भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालु भक्तों को खुब झुमाया। इस दौरान हे पालन हारे, निगुण वो न्यारे.. मंगल भवन व अमंगल हारी.. बाबा तेरे भरोसे मेरा परिवार है.. ममता चौधरी के द्वारा हम तुम्हारे हैं प्रभु जी तुम हमारे हो.. किसने सजाया बाबा तुमको बडे प्यारे लागे बडे सोने लागे जैसे भजनों पर भक्त देर रात तक गोता लगाते रहे। मौके पर प्रदीप केडिया, संजीव खेतान, कैलाश चौधरी, मुकेश भालोटिया, पवन चौधरी, किसन चौधरी, मोहित संघई चास के ललित भालोटिया, धनबाद के सौरभ अग्रवाल, कोलकता से विक्की दिवान, अमित खेतान, संजय अग्रवाल, अरविन्द चौधरी, सुनील चौधरी वार्ड पार्षद पिंकी जैन के अलावा शहर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। वहीं आरती के साथ भजनों का कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## 20सूत्री अध्यक्ष को मातृ शोक, विधायक सहित कई ने दी सांत्वना



**बरही।** बीते रात प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा की 70 वषीर्या मां का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। निधन की खबर मिलते ही स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला भी 20सूत्री अध्यक्ष के आवास पहुंचकर दिवंगत का दर्शन कर मृतात्मा शांति हेतु प्रार्थना किया साथ ही परिजनो को ढांढस देते हुए सांत्वना दिया। उनके घर पहुंचकर सांत्वना देने वालो में पुलिस इंस्पेक्टर ललित कुमार, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, जिला महासचिव बिनोद यादव, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, अर्जुन यादव, शरीफुल अंसारी, कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह, बीस सूत्री कार्यान्वयन समिति के सहित कई लोग शामिल है। दिवंगत को बरहीडीह स्थित कब्रिस्तान में शनिवार को सुपुर्दे खाक किया गया।

## पोस्टर मेकिंग के माध्यम से आइलेक्स के बच्चों ने बताया मानवाधिकार का महत्व



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** मानवाधिकार दिवस के अवसर पर आईलेक्स प्लस टू पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मानवाधिकार के उद्देश्यो को अपने चित्रों के माध्यम से प्रोजेक्ट करने का काम किया। कक्षाओं एक से नौ के विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट के माध्यम से मौलिक अधिकार और कर्तव्यो की जानकारी देने का प्रयास किया। पोस्टर के माध्यम से संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार आजादी, बराबरी, गरिमामय जीवन जीने का अधिकार, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकार को दिखाने भरपूर प्रयास किया गया। निदेशक शैलेश कुमार ने बताया कि उनके विद्यालय में बच्चो को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यवहारिक भी बनाने का प्रयास किया जाता है। बच्चों को मौलिक अधिकार और कर्तव्य की जानकारी देते हुए बताया कि हमारे देश में विभिन्न भाषा, संस्कृति, जाति, धर्म, लिंग, रंग, अमीर और गरीब जैसे विभिन्न वर्ग के लोग रहते हैं। बाबजूद संवैधानिक नजरों में सब को एक ही समान अधिकार और कर्तव्य प्राप्त हैं। उन्होंने मानवाधिकार के मुख्य सिद्धांत सार्वभौमिक और अविच्छेद्य, अन्योन्याश्रित और अविभाज्य, समान और गैर-भेदभावपूर्ण और अधिकार तथा उनके दायित्व दोनो को विस्तार से जानकारी दी। निदेशक ने बताया कि पोस्टर मेकिंग एक्टिविटी में यूं तो सभी विद्यार्थियों ने अच्छा प्रदर्शन किया, जिनमे कक्षा सात की अनुष्का कुशवाहा, सुजल राज, आरुषि सिंह, सोनाली सिंह, संध्या कुमारी, जैनब अख्तर, चाहत कुमारी, काजल कुमारी, शिवम यादव कक्षा नौ की खुशी कुमारी, मधु गुप्ता, कुमारी पायल, सुधा कुमारी, ऋषिका कुमारी, तृप्ति कुमारी, आईशा, सृष्टि केशरी, किरण कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, अमीषा कुजूर, कुमारी विद्या ने बेहतर प्रदर्शन किया। यू के जी के रूद्र आर्य ने भी काफी सराहनीय प्रयास किया।

## डीएवी में बच्चों के बीच फ्रॉग, शटल व सेक रेस प्रतियोगिता



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** डीएवी पब्लिक स्कूल में पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों के अंतर्गत किड्स ग्रुप एलकेजी से दूसरी कक्षा के नन्हें-मुन्ने बच्चों के बीच एवं तीसरी, चौथी कक्षा के बच्चों के बीच रेस प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी शारीरिक दक्षता के अनुसार रेस लगाई। सभी बच्चों में जोश व उत्साह था। एलकेजी यूकेजी के बच्चों में तृषा शंकर प्रथम स्थान, रोशनी कुमारी द्वितीय स्थान एवं परिणिती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 1 ए एवं 1बी में इंद्रजीत ने प्रथम स्थान, श्रेयस रंजन ने द्वितीय स्थान एवं प्रिंस कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 2 ए एवं 2 बी में शताक्षी कुमारी प्रथम, रोशनी द्वितीय एवं आराध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीसरी से चौथी कक्षा के बीच फ्रॉग, शटल एवं सेक रेस प्रतियोगिता हुई। फ्रॉग रेस में अनन्या सिंह प्रथम, सान्वी राज द्वितीय एवं प्रिया कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शटल रेस में अमन प्रथम स्थान, देवराज द्वितीय स्थान, यशवर्धन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सेक रेस प्रतियोगिता में जायना प्रवीण प्रथम स्थान, साधना द्वितीय स्थान, दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर विद्यालय की प्रभारी शिक्षिका सह सुपरवाइजरी हेड मौसुमी मल्लिक ने बच्चों की विभिन्न प्रकार की रेस प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे बचपन से ही इन सब प्रतियोगिताओं में उत्साह एवं जोश के साथ भाग लेते हैं। इससे उनकी प्रतिभाएं निखरती है। उन्होंने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं से बच्चों को सीसीए में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने के लिए बच्चों को अभिप्रेरित करने के लिए कहा। इस रेस प्रतियोगिता को करवाने में उज्जवल घोष, श्वेता सिंह, रीना कुमारी, संध्या कुमारी, मुकेश कुमारी, अपूर्वा सरकार अनुराधा एवं अन्य शिक्षकों ने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से भूमिका निभाई।

**द्वितीय स्वर्गीय अजय साहू फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ 18 दिसंबर को**

## अपरिहार्य कारणों से आज उद्घाटन समारोह टला



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जय हिंद स्पोर्टिंग क्लब पारसोतिया रामगढ़ के सानिध्य में द्वितीय स्वर्गीय अजय साहू फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन का शुभारंभ आगामी 18 दिसंबर को शहर के कोइरीटोला हाई स्कूल के मैदान में होगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए जय हिंद स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष अनिल मुंडा ने बताया कि द्वितीय स्वर्गीय अजय साहू फुटबॉल टूर्नामेंट का जो उद्घाटन समारोह 11 दिसंबर को होना था अब वह 18 दिसंबर को होगा। श्री मुंडा ने बताया कि राज्यभर से 8 टीमें इस फुटबॉल टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही है। प्रतियोगिता का विनर प्राइस 31000 और रनर प्राइस 21000 रखा गया है। उन्होंने बताया कि यह फुटबॉल टूर्नामेंट लगातार दूसरी बार आयोजन रामगढ़ के प्रखर समाजसेवी अमित साहू के स्वर्गीय पिता अजय साहू की स्मृति में किया जा रहा है। स्वर्गीय अजय साहू फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य फाइनल सह समापन समारोह आगामी 23 दिसंबर को स्वर्गीय अजय साहू के 66 वें जन्मोत्सव पर किया जाएगा। समापन समारोह में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंदों के बीच कंबल का भी वितरण किया जाएगा। मौके पर जय हिंद स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष अनिल मुंडा, राहुल गंझू, अकाश कुमार, राजन करमाली गोलू मुंडा, नितेश मुंडा, रवि मुंडा दिलीप कुमार अजय पांडे, उमेश मुंडा, दरोगा सिंह, लड्डू रजक, विकास कुमार सनी मुंडा प्रदीप मुंडा, श्रीवास्तव मुंडा, मिथुन कुमार, बलदेव कुमार, चार्ली कुमार सहित अनेकों खेल प्रेमी मौजूद थे।

## मलडिह में हाथी ने घर क्षतिग्रस्त किया, मुआवजे की मांग

**बड़कागांव।** प्रखंड अंतर्गत चोपदार बलिया पंचायत स्थित मलडीह में एकलौता हाथी ने टुकन प्रजापति का घर क्षतिग्रस्त कर दिया एवं घर में रखे अनाज चट कर गया। वहीं संतोष प्रजापति के होटल के गेट, खिड़की एवं दरवाजे को हाथी ने क्षतिग्रस्त कर दिया। होटल में रखे खाद्य पदार्थ को चट कर गया। उक्त मामले को लेकर बड़कागांव प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां ने वन विभाग से पीड़ित परिवार के लिए मुआवजे की मांग की है। बताते चलें कि टुकन प्रजापति विगत 15 वर्षों से अपने परिवार के साथ खपरैल घर में प्लास्टिक ढककर रहने को विवश है। सरकार के द्वारा अब तक प्रधानमंत्री आवास नहीं मिला है। टुकन अत्यंत गरीब परिवार से आता है। प्रमुख फुलवा देवी, जिला परिषद सदस्य गीता देवी, मुखिया पूजा कुमारी ने सरकार से मुआवजे की मांग की है।

## निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडलाधिकारी ने बूथों का औचक निरीक्षण कर प्रपत्र 6 की ली जानकारी



**बरही।** शनिवार को प्रखंड के विभिन्न बूथों पर निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ पूनम कुजुर के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने मतदाता विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के अंतर्गत विभिन्न बूथों पर भरे जा रहे प्रपत्रो का सत्यापन भी किया। मतदाताओं से बात कर मतदाता सूची संबंधित जानकारियां देते हुए पात्र लोगो को मतदाता सूची से जुड़ने की बात भी कही। इस क्रम में शनिवार को उन्होंने बूथ संख्या 302, 331 और 333 में सुपर चेकिंग किया। जिसके तहत बूथ संख्या 302 पर मोनिका कुमारी और गीतिका राज, बुथ संख्या 331 पर अजय तुरी, बुथ संख्या 333 पर सरिता देवी, सिमरन खातून, हरेन्द्र तुरी और राजेन्द्र तुरी के चेकलिस्ट को सत्यापित किया गया। निरीक्षण के क्रम में एसडीओ के साथ बीएलओ पर्यवेक्षक सुरेन्द्र कुमार दास, बीएलओ सरोज कुमारी, सरफराज खान और सनोवर खान आदि सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मांडू विधायक मध्य विद्यालय होलंग के सुदृढ़ीकरण कार्य का किया शिलान्यास

**दारू।** टाटीझरिया प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय होलंग में डीएमएफटी मद से स्वीकृत सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने किया। विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि विद्यालय में सुदृढ़ीकरण कार्य के तहत लाइब्रेरी, कमरों का रंग-रोगन, परिसर में फैबर ब्लाक ईंट आदि कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र से हर व्यक्ति को जोड़ने तथा शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वह पूरी तत्परता के साथ अपने प्रयासों में जुटे हुए हैं। जिससे हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ा जाए तथा हर क्षेत्र को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़कर समाज को एक नया आयाम प्रदान किया जाए। बता दें कि विधायक के द्वारा मध्य विद्यालय होलंग में चाहरदीवारी निर्माण कार्य का भी शिलान्यास हाल ही में किया गया था। जिसका कार्य प्रगति में है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव, वरिष्ठ नेता योधी प्रसाद यादव, सांसद प्रतिनिधि कैलाशपति सिंह, एमके पाठक, लक्ष्मण यादव, रोहित पटेल, महेश अग्रवाल, बोधी महतो, अमरेश सिंह, अनिल प्रसाद, सहदेव यादव, अर्जुन राणा, होपन सिंह, बालेश्वर महतो, अजय सिंह, लोकनाथ महतो, गौतम सिंह व अन्य मौजूद थे।

## वन प्रबंध समिति चुनाव की मांग को लेकर डीएफओ को दिया आवेदन

**कटकमसांडी।** कटकमसांडी के ग्रामीण और जन प्रतिनिधियों ने पश्चिमी प्रमंडल हजारीबाग के डीएफओ को आवेदन दिया है। जिसमें कटकमसांडी वन प्रबंध समिति का चुनाव कराने की मांग की है। आवेदन में ग्रामीणों ने कहा है कि कटकमसांडी वन प्रबंधन समिति का चुनाव पिछले पांच वर्ष पूर्व हुआ था। चुनाव के बाद चयनित समिति ने अपने दायित्वों का निर्वहन करने में असफल रही है। इस समिति के कार्यकाल में कई एकड़ वन भूमि में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई कर भूमि पर अतिक्रमण कर लिया गया है। कई स्थानों पर जंगल की जमीन पर खेती की जा रही है । दूसरी ओर वन में पेड़ों की कटाई लगातार हो रही है। वर्तमान में समिति के अध्यक्ष पद पर आसीन हैं और वन संपदा को नुकसान पहुंचा रहें। वन क्षेत्र से बालू की भी निकासी हो रही है। ग्रामीणों ने कटकमसांडी की वर्तमान वन प्रबंधन समिति को अविलंब भंग करते हुए आम सभा की घोषणा कर नये वन प्रबंधन समिति का चुनाव कराने की मांग की है। आवेदन में जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी कुमारी, उप प्रमुख ममता देवी, वार्ड सदस्य ललिता देवी, जैनुल, ग्रामीण अब्दुल बारीक, सबीहा परवीन, इम्तियाज अंसारी सहित कई लोगों का हस्ताक्षर है।

## धरना के दूसरे दिन शामिल हुए विधायक उमाशंकर अकेला, पीड़ितों को मिला बल

**बरही।** एनएच 31 चौड़ीकरण के मुआवजा भुगतान में विसंगतियों को लेकर उज्जैन, बरही और कोनरा मौजा के पीड़ित रैयत शुक्रवार अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे है। धरना के समर्थन में शनिवार के स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला धरनास्थल पर पहुंचकर उनका साथ दिया। वह स्वयं आंदोलनकारियों के साथ धरना में बैठकर एनएच 2 के अधिकारियो और जिला प्रशासन से उचित न्याय की मांग करने लगे। उन्होंने कहा कि जनता के हक और अधिकार की लड़ाई के लिए वह सदैव तैयार है। भूमि अधिग्रहण में की गई विसंगतियों को एनएच शीघ्र दूर कर पीड़ितो की समस्या का निदान करे। उन्होंने कहा कि पीड़ितो को विधिसम्मत न्याय मिले। विधायक के साथ धरना पर बैठने वालों में उनके प्रतिनिधि सुनील साहू, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, बेंदगी मुखिया सिकंदर राणा सहित कई संख्या में पीड़ित शामिल थे।

# जन्म मृत्यु संबंधित डाटा ऑनलाइन करने के लिए जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला सांख्यिकी कार्यालय कोडरमा द्वारा नागरिक निबंधन प्रणाली अंतर्गत जन्म मृत्यु संबंधित डाटा ऑनलाइन करने हेतु जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन बिरसा सांस्कृतिक भवन में किया गया। एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 में निहित प्रावधान के अंतर्गत राज्य में होने वाले प्रत्येक जन्म एवं मृत्यु की घटना का रजिस्ट्रीकरण अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जन्म मृत्यु से संबंधित ऑनलाइन इन्ट्री सुनिश्चित हो इसके लिए अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय झारखंड रांची (योजना एवं विकास विभाग) द्वारा वर्ष 2024 तक लक्ष्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि जन्म अथवा मृत्यु की घटना अपने नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत, अधिसूचित क्षेत्र समिति के रजिस्ट्रार अथवा ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राम पंचायत सचिव सह रजिस्ट्रार को घटना की सूचना 21 दिनों के अंदर देकर प्रमाण पत्र निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 21 दिनों के बाद किंतु 30 दिनों के भीतर जन्म एवं मृत्यु की सूचना देने पर उसका रजिस्ट्रेशन शुल्क 1 लिया जाएगा तथा 30 दिनों के बाद परंतु 1 वर्ष के भीतर रजिस्ट्रेशन शुल्क भी 1 लिया जाएगा। परंतु 1 वर्ष के बाद और 15 वर्षों के भीतर 5 विलंब शुल्क के भुगतान पर शिशु के नाम का पंजीयन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि झारखंड जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियमावली 2009 के अंतर्गत पंजीयन शुल्क एवं प्रमाण पत्र शुल्क लिया जाता है। उन्होंने कहा कि गुमशुदा व्यक्तियों का मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए 7 वर्ष के बाद आवेदन देना होगा इसके लिए थाना में दर्ज एफआईआर और अभिलेख के आधार पर सक्षम न्यायालय द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र दिया जाएगा। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, पंचायत सचिव, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं अन्य मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### जमीन विवाद में फायरिंग कर दहशत फैलाने वाला एक गिरफ्तार



**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा थाना पुलिस ने शनिवार को पुसो थाना क्षेत्र के अरको महुआटोली निवासी शनिया उरांव के 32 वर्षीय पुत्र मंगलेश्वर उरांव को जेल भेज दिया। आरोपी पर भंडरा थाना में कांड संख्या 84/22 धारा 307/452/506 भादवी एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया की भंडरा थाना क्षेत्र के पोड़हा गांव में जमीन विवाद में गोली चलाने वालों में ये भी शामिल था। बता दे कि भंडरा एवं सिसई सीमांत स्थित पोड़हा डीपा टोली में अपराधियों ने फायरिंग कर गांव में दहशत का माहौल पैदा कर दिया था। भंडरा पुलिस ने भय मुक्त करने के लिए पोड़हा गांव में कैम्प किये हुए है। पुलिस इस कांड में शामिल अन्य अपराधियों को पकड़ने के लिए जुटी हुई है।

### मारपीट व गाली गलौज करने का फरार आरोपी महिला गिरफ्तार



**कैरो/लोहरदगा।** कैरो थाना कांड संख्या 41 / 2022 धारा 448,504 323,452,379,506 के तहत फरार चल रही महिला अभियुक्त जयंती देवी को शुक्रवार को कैरो थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अनुसंधानकर्ता एएसआई धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि महिला के खिलाफ 14 सितंबर 2022 को उसके गोतनी प्रमिला देवी पति दिनेश साहू ने उक्त महिला के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज व 2500 रुपये की चोरी करने का आरोप में मामला दर्ज कराई थी। जिसके बाद से ही महिला फरार चल रही थी। सूचना मिलने के बाद चुटिया थाना के सहयोग से महिला के घर में छापेमारी की गई थी लेकिन पुलिस के पकड़ में नहीं आई थी। जिसके बाद से लगातार पुलिस महिला की खोजबीन में लगी हुई थी। इसी बीच शुक्रवार को कैरो प्रखंड सह अंचल अपने निजी काम से महिला पहुंची थी। जिसकी सूचना पुलिस को मिली तो वहाँ पहुचकर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

### सगे भाई भतीजे के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज करने की लगायी गुहार



**कैरो/लोहरदगा।** थाना क्षेत्र के गितिलगढ़ निवासी अमानत अंसारी ने शनिवार को कैरो थाना में अपने सगे भाई देयानत अंसारी, भतीजा समसेर अंसारी, नेसाद अंसारी, शमसाद अंसारी के खिलाफ मारपीट कर जख्मी करने का मामला दर्ज करने के लिए लिखित आवेदन दिया है। लिखित आवेदन में अमानत अंसारी के द्वारा कहा गया कि मैं अपने छोटे भाई देयानत अंसारी को कर्ज के रूप में 500 रु दिया था जिसे मांगने के लिए मेरी बेटी गुलशन प्रवीण गई तो देयानत अंसारी व उसके तीन पुत्र मिलकर गाली गलौज व मारपीट करने लगे। बेटी के रोने चिल्लाने की आवाज सुनकर मैं मेरी भाभी जबिदा खातून, मेरी बहु तनुजा खातून गए तो वे सब हमलोगों के साथ भी मारपीट किये जिससे हमलोगों के हाथ, पैर, जांघ आदि जगहों में चोट आई है। कैरो थाना प्रभारी संखनाद उरांव ने बतलाया कि मारपीट को लेकर आवेदन मिला है। जख्मी को इलाज के लिए सदर अस्पताल कुडू भेजा गया। मामला दर्ज करते हुए अग्रतर करवाई की जाएगी।

### भंडरा में प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**भंडरा/लोहरदगा।** भंडरा लाल बहादुर शास्त्री हाई स्कूल सभागार में दस दिसंबर को प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न स्कूलों से आये बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। मौके पर बीईईओ जयनाथ महतो ने कहा कि छोटे-छोटे आविष्कारों से ही बच्चों में बड़ी उम्मीदें बढ़ती है और आगे जाकर यही बच्चे वैज्ञानिक बनते हैं। केजीबीभी की छात्रा सहिस्ता प्रवीण और पुष्पा कुमारी ने वाटर ट्रीटमेंट प्रोसेस की प्रस्तुति दी। वहीं एमएस म्कुन्दा के छात्रों ने पेरिस्कोप की प्रस्तुति दी। जमगांई के बच्चों ने गीला कचरा सूखा कचरा निपटारा, विटपी के बच्चों ने विधुत चालकता, अकाशी के छात्रों ने ऑक्सीजन साइकल, अन्य स्कूलों द्वारा सौर मंडल, टपक सिंचाई, आपकी थाली आपकी सेहत, पौधा में वृद्धि आदि की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान बीपीओ रामविजय खलखो, बीआरपी, सीआरपी और संबंधित स्कूलों के शिक्षक उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से हुआ घायल, एक की हुई मौत

**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के पतराटोली बिजली ऑफिस के समीप बाइक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं वहीं एक की मौके पर ही मौत हो गई। सभी घायलों को सामाजिक विचार मंच के सदस्यों द्वारा ऑटो के माध्यम से प्राथमिक उपचार के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। लोहरदगा सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की तहकीकात कर रही है, फिलहाल खबर लिखे जाने तक घायलों की पहचान नहीं हो सकी है।

### कोलेबिरा-रेस परियोजना के तहत स्वच्छ ऊर्जा के लिए जागरूकता नुक्कड़ का हुआ आयोजन



**कोलेबिरा।** लीड्स द्वारा संचालित रेस परियोजना के तहत स्वच्छ ऊर्जा समाधान एवं सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्यों से नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम का शुभारंभ नागपुरी लोक कला मंच के कलाकारों द्वारा रेस परियोजना के डीपीएम नरेंद्र मिश्रा की अगुवाई में किया गया। नुक्कड़-नाटक के द्वारा ग्रामीणों में स्वच्छ ऊर्जा के सम्बंध में जागरूकता फैलाने के उद्देश्यों से नुक्कड़ नाटक कोलेबिरा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में लगातार किया जाना है ताकि सभी स्वच्छ ऊर्जा को अपनाये। नुक्कड़ नाटक के आयोजन में लीडर्स संस्था के बी. पी.एम मनीष कुमार, दिलराज नायक, अविनाश नायक, लालबहादुर सिंह, आकाश सिंह, का भरपूर सहयोग रहा।

## सावधान : अस्वस्थ बकरे व मुर्गे काटकर लोगों में बीमारी परोस रहे हैं दुकानदार, एक्ट का हो रहा उल्लंघन

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** सहित कई स्थानीय बाजारों में नियमों की अनदेखी कर खुलेआम सड़कों पर मांस बेचा जा रहा है। इन दुकानों पर मांस को बिना ढके टांगा जाता है, जिन पर मक्खियां भिनभिनाती हैं। जिससे संक्रमण का खतरा बना रहता है। नियमों के अनुसार, बिना अनुज्ञप्ति मांस की दुकान पर रोक है। साथ ही खुले में तो बिल्कुल भी इसकी बिक्री नहीं की जा सकती है। धड़ल्ले से चल रही ऐसी दुकानों के संचालकों पर कोई असर नहीं दिखता। बिना किसी खौफ के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मांस बिक्री का कारोबार चल रहा है। वहीं इन रास्तों से रोजाना गुजरने वाले तमाम वरीय प्रशासन और पुलिस के अधिकारी भी इससे मुंह फेर लेते हैं।



**सफाई का नहीं रखा जाता है कोई ख्याल :** जलडेगा में बकरे और मुर्गे की दुकानें सड़क के किनारे व स्थायी दुकानों से संचालित हो रही हैं। हैरत की बात यह है कि कुछ दुकानदार अस्वस्थ बकरे और मुर्गे भी काट कर लोगों में बीमारी परोस रहे हैं।

**क्या है नियम :** प्रिवेंशन ऑफ क्रूएल्टी टू एनिमल एक्ट 1960 के तहत अवैध तरीके से मांस की दुकान लगाना और पशुओं की हिंसा करना प्रतिबंधित है। यहां तक कि इनका गलत तरीके से ढोना भी अपराध की श्रेणी में आता है। इस क्रूरता को रोकने के लिए पशु चिकित्सा विभाग, स्थानीय प्रशासन और पुलिस प्रशासन सभी को शक्तियां दी गयी हैं, लेकिन कोई इसका प्रयोग नहीं कर रहा। बिना लाइसेंस के चल रहीं दुकानों को प्रशासन कभी भी बंद करा सकता है, या सड़क किनारे से हटा सकता है। नियम यह कहता है कि बिना अनुज्ञप्ति के नहीं चले मांस दुकान, खुले में नहीं बिके मांस, दुकानों पर मांस को काले कपड़ों में ढक के रखा जाये। काटे गये जानवरों के अवशेषों को यहां-वहां नहीं फेंका जाये साथ ही औजारों को विसंक्रमित करने और जानवरों की मेडिकल सत्यापन करने के बाद ही जानवरों को काटा जाना चाहिए ताकि किसी प्रकार का संक्रमण न हो।

**क्या कहते हैं प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी :** मामले पर प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ जॉनसन भेंगरा से बात करने पर उन्होंने कहा कि यह फूड सेफ्टी ऑफिसर की जिम्मेदारी है। वहीं जब प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित तिर्की से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जानवरों से संबंधित मामले प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी के जिम्मे में आता है।

33 वां प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद समारोह का रंगारंग शुभारंभ, सुदर्शन भगत ने किया उद्घाटन, कहा

## शिक्षा से साथ खेलकूद का भी जीवन में है महत्वपूर्ण स्थान

- विद्या भारती के आठ विभागों के 38 शिशु मंदिर विद्यालयों के लगभग 500 विद्यार्थी हुए शामिल
- विद्यालय के पुरातन छात्र और जिले के प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार हुए सम्मानित



**खेल मैदान चरित्र निर्माण की होती है पाठशाला : सांसद**

**बतौर मुख्य** अतिथि सांसद सुदर्शन भगत ने अपने संबोधन में कहा कि मैं लोहरदगा का जनप्रतिनिधि होने के नाते आप सभी को प्रांतीय खेलकूद में शामिल होने के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। विद्या भारती भैया बहनों का सर्वांगीण विकास कर रही है। आज का कार्यक्रम भैया बहनों के सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अत्यंत रोचक बना। आप सभी अपनी प्रतियोगिताओं में खेल भावना से सम्मिलित हो और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें यही मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।सांसद सुदर्शन भगत ने कहा कि खेल के आयोजन से भैया-बहनों का मानसिक शारीरिक विकास होता है, वही इन प्रतियोगिताओं के कारण प्रतिभाएं निकल राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करती है। कहा कि शिक्षा से साथ साथ खेलकूद भी जीवन में बहुत आवश्यक है क्योंकि खेल से ही छात्र छात्राओं का चरित्र निर्माण होता है। खेल मैदान चरित्र निर्माण की पाठशाला होती है और चरित्र निर्माण से ही आर्दश नागरिकों का निर्माण होता है। आदर्श नागरिक ही देश की धरोहर होती है।

**राहुल कौशल**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में तीन दिनी 33 वें प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद समारोह का रंगारंग शुरूआत हो गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद सुदर्शन भगत, विद्या भारती के क्षेत्रीय मंत्री रामवतार नरसरिया, प्रदेश सचिव अजय तिवारी, आरएसएस के प्रांत संघ चालक सच्चिदानंद लाल अग्रवाल, विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, विभाग प्रमुख अखिलेश प्रसाद समेत तीनो विद्यालयों के प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इससे पूर्व अतिथियों का परिचय विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने कराया तत्पश्चात विधिवत स्वागत किया गया। अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरूआत भगवान हनुमानजी के चित्र पर पुष्पार्चन व नारियल फोड़कर किया। प्रांतीय शिशु वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता में विद्या भारती द्वारा संचालित आठ विभागों जिसमे जमशेदपुर, गुमला, हजारीबाग, रांची, पलामू, साहेबगंज, धनबाद, देवघर के कुल 38 शिशु मंदिर विद्यालयों के लगभग 500 छात्र छात्राएं शामिल हुए। मौके पर उपस्थित विद्यालय के पूर्व छात्रों का अभिनंदन किया गया। इसके बाद जिले के विभिन्न समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय के छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मुख्य वक्ता विद्या विकास समिति के सचिव अजय कुमार तिवारी ने राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत भाषण से छात्रों के भीतर देश रक्षा की भावना का संचार किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि बॉक्साइट नगरी में राधा कृष्ण एवं सीताराम के स्वरूप वाले भैया बहनों के आगमन से यह धरती तीर्थ के समान बन गई है। यहां आए हुए बच्चे खेलकूद में अपना बेहतर प्रदर्शन करेंगे और देश के भविष्य निर्माण में भावी कर्णधार बनेंगे। वही रामवतार नरसरिया ने कहा कि विद्या भारती विद्यालय केवल शैक्षणिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक एवं खेलकूद के क्षेत्र में भी देश के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान है। कहा कि कार्य के प्रति समर्पण का भाव, लगन और उत्साह हो तो आत्मिक सुख मिलता है। प्रत्येक संगठन परिवार भाव से कार्य करता है। वहीं मन में जो विचार आते हैं. वह ईश्वरीय प्रेरणा है. जिसके अनुसार हम कार्य करते हैं. मन से किया गया कार्य अवश्य सफल होता है. कार्यक्रम को परिणाम तक पहुंचाने के लिए निर्णायक के रूप में मदन मोहन राय, कुणाल कुमार, संजय कुमार, संदीप कुमार, सुखनाथ सिंह, प्रसून कुमार, कामेश्वर मरांडी, सुनील कुमार सिंह, नरेंद्र कुमार, उत्तम कुमार सिंह शामिल हुए। तीन दिनी खेलकूद समारोह में कबड्डी, खो- खो, गोला फेंक, ऊंची कूद, रिले रेस, 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेस आदि खेल आयोजित होने वाले हैं। इस मौके पर शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय, विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य उत्तम कुमार मुखर्जी एवं आचार्य श्याम सुंदर कुमार, कृष्णा प्रसाद, विनोद राय, अनिल अग्रवाल, धनन्जय अग्रवाल, प्रो शशि गुप्ता, राजेंद्र खत्री, कौशल मित्तल, राजेश रंजन, प्रदीप कुमार, शोभा देवी समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

चैनपुर प्रखंड के प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि समाजसेवियों की बैठक

## जनसहयोग से पोषण किट देने के साथ-साथ उन्हें सरकारी लाभ भी प्रखंड प्रशासन मुहैया करायेगी : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** प्रधानमंत्री निश्चय मित्र बनाने को लेकर चैनपुर प्रखंड में चैनपुर प्रखंड के प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि समाजसेवियों की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में निर्णय लिया गया कि चैनपुर प्रखंड के टीबी रोगियों के लिए सभी वर्गों के लोग आपसी सहयोग से आगे आएं। राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा लोगों से आगे आने की अपील के आलोक में आह्वान किया गया कि लोग सामाजिक दायित्व को आगे बढ़ाते हुए जिन मरीजों को टीबी की बीमारी है उन्हें पौष्टिक भोजन के लिए पोषण किट की व्यवस्था में अहम भूमिका निभाएं। गुमला के उपायुक्त सुशांत गौरव ने जिले में टीबी मरीजों के सहयोग के लिए जन जागरण अभियान चालू किया है जिसमें समाज के सरकारी पदाधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी आगे आ रहे हैं। इसी के तहत चैनपुर प्रखंड के कौशल विकास केंद्र में प्रशासनिक पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों की बैठक हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि चैनपुर प्रखंड में टीबी की बीमारी से ग्रसित लोगों को अपने स्तर से गोद लेंगे एवं हर संभव सहायता प्रदान करेंगे। इस दौरान लगभग 30 टीबी मरीज को गोद लेकर उन्हें पौष्टिक आहार अपने निजी खर्चे पर देने के लिए कई लोग आगे आए। इस कार्यक्रम में चैनपुर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह ने कहा कि जनसहयोग से पोषण किट देने के साथ-साथ उन्हें सरकारी लाभ भी प्रखंड प्रशासन मुहैया कराएगी। पीएम आवास एवं अन्य जन कल्याणकारी योजना की पात्रता यदि मरीज रखते हैं तो उन्हें प्रखंड प्रशासन इसका लाभ मुहैया कराएगा। इस बैठक में चैनपुर प्रखंड के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजमोहन खलखो ने कहा कि टीवी बीमारी का इलाज सरकारी व्यवस्था में है इसका इलाज पूर्ण रूप से निशुल्क किया जाता है। दावा, जांच सभी सरकारी व्यवस्था में है। पोषण योजना के अंतर्गत सरकार के द्वारा 500 प्रति माह से रोगी को मिलता है। परंतु टीवी रोगियों को और भी पोस्टिक आहार चाहिए इसके लिए प्रधानमंत्री निश्चय मित्र योजना से सामाजिक सरोकार रखने वाले व्यक्ति सहायता करते हैं इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेनी चाहिए। इस बैठक में जिला यक्ष्मा केंद्र के वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक रणधीर ने चैनपुर प्रखंड प्रशासन के द्वारा की गई पहल की सराहना करते हुए कहा कि चैनपुर प्रखंड में जिस प्रकार पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं नागरिक टीबी मरीजों को सहायता के लिए आगे आए हैं उससे इस भरोसे को बल मिला है कि निश्चित रूप से प्रधानमंत्री द्वारा 2025 तक देश से टीबी मुक्ति के अभियान में गुमला की अहम हिस्सेदारी होगी।

## झारखंड संवेदक संघ की बैठक में संगठनात्मक पहलुओं पर हुई चर्चा



**लोहरदगा।** झारखंड संवेदक संघ लोहरदगा अध्यक्ष सूरज अग्रवाल की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें संवेदको को कार्य में हो रही परेशानियों को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। संवेदक संघ का रजिस्ट्रेशन जल्द से जल्द कराने की बात की गई। बैठक में 11 सदस्यों को संरक्षक मंडली मे रखा गया एवं टेंडर निष्पादित करने हेतु 7 सदस्य बनाई गई। सभी संवेदको ने झारखंड संवेदक संघ लोहरदगा को आगे बढ़ाने के लिए हर तरह का सहयोग करने की बात कही। संवेदक संघ का जो निर्णय होगा व सभी संवेदको को मान्य होगा। दिनांक 13/12/2022 को मुख्यमंत्री (झारखंड सरकार) के लोहरदगा आगमन पर झारखंड संवेदक संघ लोहरदगा के एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मुलाकात कर पूर्व की तरह 10 प्रतिशत लेस को लागू करने एवं बालू, चिप्स,पत्थर उठाव पर संवेदको को हो रही परेशानियों को लेकर मुख्यमंत्री से मिलकर उन्हें अवगत कराया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से भृगुनन्दन तिवारी, भैया लाल मनोज नाथ, खालिक हुसैन, दुखहरण साहू, जहांगीर आलम, मुकेश दुबे, मेहंदी हसन, खुर्शीद खान, सुहैब खान, मजहर अहमद, जफर इकबाल, साजिद उर्फ ललन, शुडू, शमीम अहमद, अफरोज अहमद, मुन्नी लाल साहू, राजेश अग्रवाल, लाल मनोज नाथ शाहदेव, लाल विकास नाथ शाहदेव, मुन्ना अग्रवाल, श्याम किशोर साहू, राकेश साहू आदि सैकड़ों संवेदक उपस्थित थे।

लोहरदगा में गीता जयंती पर आज निकलेगी शौर्य पथ संचलन सह शोभायात्रा

## शौर्य पथ संचलन में बड़ी संख्या में शामिल हो जिले के सनातनी भाई बंधू : डॉ टी साहू

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के द्वारा 11 दिसंबर को गीता जयंती के अवसर पर भव्य शौर्य पथ संचलन किया जाएगा। शौर्य पथ संचलन की शुरूआत स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम से होगी जो शहर के विभिन्न मार्गों का परिभ्रमण करते हुए पुनः स्टेडियम पहुचकर सभा मे तब्दील हो जाएगी। आयोजित सभा में उपस्थित विहिप बजरंग दल के पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन किया जाएगा। उन्हें भीतर समाज, धर्म व राष्ट्र की रक्षा के लिए प्रेरित किया जाएगा। उन्हें अंदर बौद्धिक ज्ञान को संचार किया जाएगा। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर लिया गया है। विहिप बजरंग दल के कार्यकर्ता दिन रात एक किये हुए है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर कार्यकर्ताओं को विशेष मार्गदर्शन दिया गया है। शौर्य पथ संचलन में जिले के



सभी सात प्रखंडों से लोग शामिल होंगे वही शहरी क्षेत्र के सभी सनातनी से विहिप बजरंग दल के लोगो ने इस शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की है। इधर मुख्य संरक्षक आर्मी रिटायर्ड सह समाजसेवी डॉ टी साहू ने कहा कि गीता जयंती पर आयोजित होने वाले शौर्य पथ संचलन सह शोभा यात्रा में शामिल होने वाले सभी सनातन धर्मावलंबियों का मैं हार्दिक रूप से अभिनंदन करता हूं, हमें अपने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपनी संस्कृति के बारे में जानकारी रखना होगा, क्योंकि समाज को तब नुकसान पहुंचने लगता है जब हम अपनी संस्कृति और धर्म से दूर जाने लगते हैं, गीता हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है, समाज को दिशा देने और नये अध्याय की शुरूआत गीता रही है, हम सभी सनातन धर्मावलंबियों को अपनी संस्कृति के लिए हमेशा एक साथ एक बैनर के नीचे रहना होगा, तभी हम अपने आने वाले कल को संरक्षित और सुरक्षित रख सकते हैं, और हम इसी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं,बस हमें किसी भी परिस्थिति में अपनी एकता को बिखरने नहीं देना है, हमें और मजबूत होने की आवश्यकता है, आज के समय में जब हमें, हमारी एकता और संस्कृति पर लगातार वार किया जा रहा है, ऐसे में हमें चट्टानी एकता के साथ जवाब देने की जरूरत है, हमें आज नहीं हमेशा एक दूसरे का सहयोगी बनना है, एक बार फिर आप सभी का इस शोभा यात्रा में हम अभिनंदन करते हैं।

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की उपायुक्त ने किया बैठक, कहा-

## 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे दो पहिया वाहन से स्कूल आते हैं इसके विरूद्ध हो कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन हुआ।उपायुक्त ने बैठक में नवम्बर माह में हुई सड़क दुर्घटनाओं एवं उनके कारणों की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही सड़क सुरक्षा को देखते हुए ऐहतियातन क्या कदम उठाये जा सकते हैं इस पर विमर्श किया गया। नवम्बर माह में हुए सड़क दुर्घटनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर सारे पहुलओं की समीक्षा कर प्रतिवेदन समर्पित करने की बात कहीं। विभाग के पदाधिकारियों को



18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे दो पहिया वाहन से स्कूल आते है इसके विरूद्ध हेलमेट आदि की जांच अभियान चलाते हुए करवाई करने निर्देश दिया। उन्होंने एनएच के कार्यपालक अभियंता को सड़क किनारे खराब हुए क्रैसबैयिर एवं साइनेज बोर्ड आदि को ठीक करने तथा लगाने का कार्य करने का निर्देश दिया। तथा सड़क किनारे सुखे पेड़ों की कटाई कराने का निर्देश दिया। उन्होंने पथ निर्माण विभाग को रेंगारी व केरसई रोड में हुए दुर्घटनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने का निर्देश दिया। हिट एंड रन से सम्बधित मामलों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने क्रिसमस त्यौहार के मद्देनजर लगातार जिले एवं सभी प्रखण्डों पर लगातार जांच अभियान चलाकर बढ़ती सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमण्डल पदाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता रा उ पथ निर्माण विभाग, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद्, सांसद प्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## सीएम के लोहरदगा आगमन को लेकर एसडीपीओ और झामुमो जिलाध्यक्ष ने किया स्थल निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगामी 13 दिसम्बर को लोहरदगा में खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम आयोजित होने वाला है। इसे लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला समिति के द्वारा समाहरणालय मैदान व जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम स्थल पर पूरी तरह से तैयारी जोरो पर किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अगामी 13 दिसम्बर को सीएम हेमंत सोरेन का लोहरदगा समाहरणालम मैदान में आयोजित कार्यक्रम की तैयारी के बारे में एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह एवं झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने स्थल का निरीक्षण कर पूरे वस्तुस्थिति का बारीकी से जायजा लिया। इधर



समाहरणालय पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम स्थल का मुआयना करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह एवं झामुमो जिलाध्यक्ष ने आपस में कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु रणनीति तैयार किया एवं कार्यक्रम में जमा होने वाली भीड़ के नियंत्रण पर भी चर्चा किया गया। मौके पर सदर थाना प्रभारी पंकज शर्मा, एएसआई संतोष कुमार, झामुमो नेता सह जिप सदस्य सुखदेव उरांव, झामुमो नेता अख्तर अंसारी, फुरकान अंसारी, खुर्शीद अंसारी, मोहसीन अंसारी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### इसडो महासचिव ने राज्यपाल को संस्थान बहाली को लेकर लिखा पत्र

**मेदिनीनगर।** इसडो के महासचिव पंकज लोचन ने राज्यपाल को पत्र के माध्यम से बाल देखभाल संस्थान को पुनः बहाल करने हेतु हस्तक्षेप करने की मांग किया है। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री को खतियानी जोहार यात्रा के दौरान और पलामू प्रमंडल आयुक्त के कार्यालय में स्मार सह हस्तक्षेप पत्र की प्रतिलिपि समर्पित की है। जिसमें संस्था इसडो पलामू द्वारा जिले में संचालित बाल बालिका गृह व दत्तक गृह आदि के संबंध में अपने महत्वपूर्ण मांगों से अवगत कराया है। उन्होंने राज्यपाल को भी स्मार सह हस्तक्षेप पत्र प्रेषित किया है। जिसमें जिले की महत्वपूर्ण सेवा जैसे बाल गृह ,बालिका गृह, दत्तक ग्रहण अभिकरण आदि के पुनः संचालन संबंधी मांग की गई है। साथ ही नियमावली के विरुद्ध किए गए कार्यों से अवगत कराया गया है ताकि इस मामले में उचित जांच पड़ताल एवं समीक्षा करते हुए संस्था को पुनः लाइसेंस नवीकरण किया जाए। उन्होंने मांग किया है कि पूर्व में इस संस्था में कार्यरत कर्मियों द्वारा लगातार धरना प्रदर्शन एवं अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश उपरांत भी विभाग द्वारा भुगतान नहीं किया गया है इन्हीं सब बिंदुओं पर संस्था के महासचिव द्वारा उचित कार्रवाई करने की भी मांग किया है।

### एलएंडटी कंपनी में काम करने के दौरान मजदूर की मौत

**पांडू।** थाना क्षेत्र के ग्राम डाला कला निवासी मजदूर सतेंद्र नारायण सिंह की मौत एलएंडटी कंपनी में काम करने के दौरान शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे हो गयी। परिजनों ने बताया कि वह पिछले चार माह से छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिला में स्थित सिरसा कुटिला भाठा में चल रहे एलएंडटी कंपनी का काम में मजदूरी करता था। शुक्रवार को अचानक तबीयत खराब होने के बाद वर्कर राहूल सिंह ने सतेंद्र नारायण सिंह को हाई टेक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां स्थिति को गंभीर देखते हुए दुर्ग के सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया। जहाँ उपस्थित चिकित्सकों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद गांव में मातम छाया हुआ है। मृतक के तीन बच्चे हैं। बड़ी बेटी सोनाली की शादी हो गयी है। दूसरी बेटी सहेली बीए की पढ़ाई कर रही है। वहीं छोटा पुत्र दस वर्षीय आदर्श कुमार गांव के स्कूल में कक्षा छह में पढ़ाई करता है।

### मन्नत सिंह जेएमएम में हुए शामिल

**मेदिनीनगर।** गुरू सिंह सभा, वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट और खुला मंच जैसे संगठनो में हमेशा सक्रिय होकर सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने वाले मन्नत सिंह बग्गा ने अपनी राजनीतिक पारी की शुरूआत करते हुए शुक्रवार को मुख्यमंत्री के खतियान यात्रा के दौरान झामुमो का दामन थाम लिया है। ज्ञात हो कि मन्नत सिंह बग्गा लगातार सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते रहे हैं। अब राजनीति में उतर कर और बेहतर ढंग से लोगों की मदद करने का मन बना चुके हैं। अल्पसंख्यक समुदाय से आने वाले बग्गा को मुख्यमंत्री ने अपने मंच पर गले में पट्टा पहनाकर अपनी पार्टी में स्वागत किया।

### 14 को होगी 51 निर्धन गरीब बेटियों की शादी




**मेदिनीनगर।** शहर के स्थानीय शिवाजी मैदान में 14 दिसम्बर को 51 निर्धन गरीब बेटियों की शादी कराई जाएगी। यह जानकरी कन्या विवाह विकास सोसाइटी के द्वारा दिया गया। आयोजककर्ता मनीष कुमार ने बताया कि संस्था के द्वारा 14 दिसम्बर को शहर के शिवाजी मैदान में 51 निर्धन, असहाय कन्याओ का शादी कराया जाएगा। सामूहिक विवाह, हिन्दू और मुस्लिम समुदाये के कन्याओं का कराया जाएगा। वहीं कन्याओ को कन्या विवाह विकास सोसाइटी की ओर से विवाह में बर्तन, बक्शा, कपड़े, मिठाई समेत अन्य सामानों को दी जाएगी। मौके पर वार्ड पार्षद मनोज सिंह, वार्ड पार्षद नवीन गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित थे।

### पलामू कबड्डी टीम राज्यस्तरीय मैच के लिए गोमो रवाना

**मेदिनीनगर।** शनिवार को पलामू कबड्डी टीम राज्यस्तरीय मैच के लिए गोमो रवाना हुआ। ज्ञात हो कि जिले की टीम 11 से 13 दिसंबर तक गोमो में आयोजित राज्यस्तरीय कबड्डी मैच में भाग लेगी। पलामू जिला टीम में कैंब्रिज पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के 8 छात्र एवं 4 छात्राएं शामिल हैं। जबकि ब्राइट स्टार स्कूल बैरिया के 5 छात्राएं शामिल हैं। खिलाड़ियों में रौशन सिंह, किशन सिंह, विवेक कुमार, सोनल कुमार गुप्ता, विकास यादव, जैकेस बैठा, सच्चितानंद मेहता, अभिनव कुमार, आर्यन तिवारी, प्रिया रंजनी, स्वर्णा, हिमांशी प्रजापति, सुधा सिंह, मोहम्मद जैद, प्रभात, मिथिलेश मेहता, राहुल ठाकुर, सोनू सिंह,अमन कुमार, कुंदन, अंजली कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, शिवानी कुमारी, अंजली कुमारी, आयुषी कुमारी आदि शामिल हैं। मौके पर दीपक तिवारी मौजूद थे।

### पीड़ित परिवार से मिले विधायक हर संभव मदद करने की आशवासन दिया

**मेदिनीनगर।** पार्टी विधायक शशिभूषण मेहता शनिवार को तरहसी थाना क्षेत्र अंतर्गत पाठकपगार पंचायत क्षेत्र में एक मंदबुद्धि नाबालिग से दुष्कर्म की विभत्स घटना संज्ञान में आते ही पीड़ित परिवार से मिलने उनके घर पहुंचे। वहीं परिजनों से घटना के बारे में पूछताछ की। पूछताछ के क्रम में पता चला कि इस जघन्य घटना को अंजाम देने वाले लोगों ने पीड़िता के पिता और भाई के साथ भी मारपीट किया है। मौके पर उपस्थित विधायक शशिभूषण मेहता ने कहा कि ऐसे लोग समाज के लिए कैंसर हैं। हम पुलिस प्रशासन से दोषियों पर अविलंब कठोरतम कार्यवाई की मांग करते हैं। इस विभत्स घटना में संलिप्त सभी दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी और कार्यवाई होनी चाहिए। नहीं तो हमारे द्वारा आंदोलन किया जाएगा। पीड़ित परिवार के साथ हर घड़ी में खड़ा हूँ। उन्हें किसी भी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर मैं मदद करूंगा। मौके पर पलामू जिला के भाजपा जिला अध्यक्ष विद्यानंद पाठक, भाजपा जिला के महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा जी भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, तरहसी भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी वीरेंद्र मेहता, प्रोफेसर बचन ठाकुर, मौलाना नईमुद्दीन अंसारी, शिव शंकर गुरुजी, कार्तिक सिंह, भाजपा के महामंत्री श्याम बाबू, तरहसी प्रखंड के मझौली टु पंचायत के मुखिया पति अनुज सिंह, शंभू प्रसाद गुप्ता एवं अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

---

दस दिवसीय गाय पालन प्रशिक्षण संपन्न, बोले जुलियस तिर्की

# गाय पालन को रोजगार के रूप में अपनाएं



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से विगत दस दिनों से चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन जेएसएलपीएस के आजीवका के प्रबंधक जुलियस तिर्की, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के फैकेल्टी मिथिलेश कुमार सिंह एवं पंकज कुमार वर्मा ने प्रशिक्षुओं के बीच प्रमाण पत्र का वितरण कर किया। इस मौके पर जुलियस तिर्की ने कहा कि आप सभी समूह की महिलाओं को आर्थिक उन्नति के लिए महिला समूह से जोड़कर स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है सभी महिलाएं को दस दिनों तक गाय पालन संबंधी विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण के दौरान डेयरी प्रबंधन से संबंधित आपलोगो को विस्तृत जानकारी दी गई है। जिसमे पशुओं की नस्ल, पशुओं में होने वाले प्रमुख बीमारी, दुधारू पशुओं के आहार और उनके आवास एवं उनके स्वास्थ्य बेहतर कैसे हो। इस संबंध आपको इसके विशेषज्ञों की ओर से जानकारी दी गई है। आप अपनी आर्थिक मजबूती के लिए गाय पालन को स्वरोजगार के रूप में अपनाते होए काम करें। सरकार की ओर से गाय पालन के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं उसमें सरकार की योजना आप समूह की महिलाओं को प्राथमिकता के तौर पर उपलब्ध कराने की सभी की जिम्मेदारी है। मौके पर मोहम्मद रुस्तम अली एवं सुरेंद्र कुमार रवि अनिल, शम्भु उपस्थित थे।

## छत से गिरकर महिला घायल, रेफर

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव की मीना खातून छत से गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गई। बताया गया कि मीना खातून छत पर काम रही थी। बिना रेलिंग के छत होने के कारण वह अचानक नीचे गिरकर घायल हो गई। इस घटना में उसके शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी। घटना के बाद घायल मीना खातून को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया था, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया।

## तालाब से 17 वर्षीय युवती का मिला शव , जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता



**सगमा।** धुरकी थाना क्षेत्र के घघरी गांव के लोहरहा टोला मे स्थित झड़वा पहाड़ के समीप नंदू जायसवाल के तालाब में 17 वर्षीय प्रतिमा कुमारी नामक युवती का शव मिलने से गांव में आग कि तरह फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतिका के पिता राजू चन्द्रवंशी सुबह में खेत की तरफ घूमने गया था। इसी दौरान नंदू जायसवाल के तलाब में उतरते हुए शव को देख शोर मचाते हुए शव को पानी से बाहर निकला तो देखा कि मृतक युवती उसकी पुत्री प्रतिमा कुमारी निकली । इसे देख उपस्थित ग्रामीणों ने धुरकी थाने को फोन से सूचना दी। सूचना के बाद धुरकी थाना के ए एस आई कृष्णा रजवार अपने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर घटना के बारे में विस्तृत जानकारी लेने के बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया है। जबकि घटना के संबन्ध में पूछे जाने पर ए एस आई कृष्णा रजवार ने बताया कि शव तालाब से बाहर कर दिया गया था। इसके बारे में ग्रामीणों ने बताया कि भीड़ जुटने से पहले ही मृतिका के पिता राजू चन्द्रवंशी के द्वारा शव को तालाब से बाहर निकाला जा चुका था। उक्त घटना हत्या का है या आत्म हत्या का पोस्मार्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। इसकी सूचना पर भारी संख्या में ग्रामीणों के साथ पूर्व जीप सदस्य नन्दगोपाल यादव, सगमा प्रमुख अजय साह, घघरी मुखिया सरोज देवी, मुखिया पूर्व मुखिया बिनोद राम सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## नए भवन निर्माण कार्य में बरती जा रही घोर अनियमितता : सुरेंद्र सिंह

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** टोरी जंक्शन के पश्चिम मे रेलवे कॉलोनी के लिए बन रहे भवन निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग होने की सूचना पर माकपा जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, रसीद मियां ने भवन निर्माण स्थल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि रेलवे के सरकारी भवन निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। रेलवे कॉलोनियों में हो रहे भवन निर्माण कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही है। भवन निर्माण में संवेदक द्वारा मिट्टी से सना बालू एवं तीन नंबर का घटिया ईंट का प्रयोग किए जा रहा हैं। नेताओं ने बताया कि टोरी जंक्शन के पश्चिम में रेलवे कॉलोनी में पुराने भवनों को गिराकर नया भवन का निर्माण कराया जा रहा। गिराए गए पुराने भवनों का ईटा नये भवन में लगाया जा रहा है।

आगे कहा है कि भवन निर्माण में संवेदक द्वारा जब-जब अधिकारी के आने की सूचना होती है, तब एक नंबर ईंट का प्रयोग किया जाता है। लेकिन अधिकारियों को जाने के बाद पुनः पुराने ईंट और घटिया सामग्री का उपयोग शुरू कर दिया जाता है। जितना भी भवन बनकर तैयार हुआ है इन सभी में घटिया सामान का उपयोग किया गया है। भवन निर्माण में इस तरह की घटिया सामग्री का उपयोग काफी चिंताजनक है। माकपा नेताओं ने घटिया सामग्री का जांच डीआरएम से करते हुए भवन निर्माण कराने वाले दोषी संवेदक पर कार्रवाई की मांग की है।

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता शिविर का आयोजन

## व्यक्ति के लिए आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार ही मानवाधिकार है : चिंतामणि

नवीन मेल संवाददाता



**सिमरिया (चतरा)।** शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा एवं अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के संयुक्त तत्वाधान में सिमरिया प्रखंड मुख्यालय में संचालित अनुसूचित जाति बालिका आवासीय विद्यालय में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्राधिकार के सचिव प्रज्ञा बाजपेई के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के केंद्रीय सचिव चिंतामणि पाठक ने बताया कि किसी भी इंसान की जिंदगी, आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार ही मानवाधिकार है। भारतीय संविधान इस अधिकार की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोड़ने वाले को अदालत सजा देती है। विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद, रंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि भारत में 28 सितंबर 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर, 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं। जैसे बाल मजदूरी, एचआईवी, एड्स, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत सहित अन्य विषय शामिल है।

## मालहन मुखिया ने जरूरतमंदों के बीच बांटे कंबल

चंदवा। प्रखंड के मालहन पंचायत के मुखिया जतरु कुमार मुंडा ने शनिवार सुबह जरूरतमंदों के बीच जाकर कंबल का वितरण किया। इस कड़कड़ाती ठंड में कंबल पाकर वृद्ध काफी खुश दिखे। कंबल वितरण करते हुए मुखिया श्री मुंडा ने कहा कि क्षेत्र में कड़ाके की ठंड को देखते हुए लोगो को कंबल उपलब्ध कराया जा रहा है। लोगों ने जिस उम्मीद से मुझे मुखिया बनाया है उसपर खरा उतरने का प्रयास कर रहा हूं। पंचायत वासियों के सुख दुख में मै हमेशा खड़ा रहूं यही मेरी कोशिश रहती है।मौके पर बालदेव गंझु समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## विकास के बढ़ते जनाधार से घबराकर विरोधियों ने की साजिश : रीता

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर विकास के बढ़ती जनाधार को देखकर कुछ लोग घबरा गए हैं। वहीं एक राजनीतिक षड्यंत्र के तहत विकास को जेल भेजने का काम लोगों ने किया है। उक्त बातें विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी विकास दुबे की मां रीता दुबे ने प्रेस वार्ता कर कही। उन्होंने कहा कि विकास के द्वारा लगातार विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में सेवा कार्य किया जा रहा है। जिसका परिणाम है कि आज विकास के चाहने वाले हजारों लोग खड़े हैं। 2009 में विकास ने विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और लोगों ने अपना अपार समर्थन भी दिया था। विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में अपना सेवा दे रहे हैं तो कुछ लोगों को पच नहीं रहा है। विकास के तेजी से बढ़ रहा जनाधार को देखकर कुछ लोग घबरा गए और एक राजनीतिक षड्यंत्र के तहत झूठे केस में जेल भिजवाया गया है। जिसमें पुलिस की भी अहम भूमिका है उन्होंने कहा कि पुलिस को भी राजनीतिक षड्यंत्र का भागीदार नहीं बनना चाहिए। एक समाजसेवी को षड्यंत्र के रूप में जेल भेजना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पुलिस को उचित जांच कर ही कार्रवाई करनी चाहिए थी। किसी के दबाव और राजनीतिक षड्यंत्र में जेल भेजना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के लोग विकास के साथ है और हमेशा उसके साथ रहेंगे। उन्होंने कहा कि लोग आज उम्मीद की टकटकी लगाकर विकास की ओर देख रहे हैं। विश्रामपुर की जनता को न्यायालय पर भरोसा है और बहुत जल्द न्यायालय द्वारा सही निर्णय दिया जाएगा।

## बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने मानवाधिकार दिवस पर विचार गोष्ठी का किया आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में एक विचार गोष्ठी आयोजीत की। कार्यक्रम कि अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने किया। संचालन संजय कुमार ने किया। मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने कहा कि इंसान कि जिंदगी में आजादी बराबरी और समान अधिकार ही मानवाधिकार है। भारतीय संविधान इन अधिकारों कि न सिर्फ गारंटी देता है। बल्की इसे तोड़ने वालों के खिलाफ सजा भी देता है। झारखण्ड में मानवाधिकार का उलंघन हो रहा है। मोर्चा अध्यक्ष राम ने मांग किया। उन्होंने कहा कि हर हाल में मानवाधिकार कि रक्षा होनी चाहिए। इसका हनन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किया जाना चाहिए। संजय कुमार ने कहा कि मानवाधिकार कि रक्षा के लिए संघर्ष करने कि जरूरत है। इस अवसर पर संजित कुमार, सन्नी पासवान, शयम पाठक, प्रदूमण तिवारी, विनय राम, नन्हक सिंह, मनोज कुमार, संतोष विश्वकर्मा, सतिश दुबे, शिव नरायण साव, धर्मदेव राम, संजय मिस्त्री, संजय चौरसीया, राजेन्द्र पाल, मुन्नी राम, प्रेम कुमार, विजय राम, दिपक कुमार, प्रभात कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एलआईसीसी अभिकर्ता के लेफ्टिनेंट पुत्र को किया सम्मानित

नवीन मेल संवाददाता

**नावा बजार।** भारतीय जीवन बीमा निगम के वरिष्ठ अभिकर्ता पुरुबडीहा गांव निवासी सीएस दुबे के पुत्र कुमार नीरज का लेफ्टिनेंट में चयन होने पर ऑल इंडिया लियाफी पलामू अध्यक्ष ऋषिकेश दुबे ने फेडरेशन के तरफ से पिता पुत्र को उनके आवास पहुंच कर सम्मानित किया। साथ ऋषिकेश दुबे ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी अभिकर्ता परिवार सहित समस्त पलामू वासियों के लिए नीरज का जल सेना के लेफ्टिनेंट के रूप में चयन होना गौरव की बात है। नीरज अन्य युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत बनेंगे व पिता जिस तरह भी एलआईसीसी में मेडल प्राप्त करते रहे हैं। कुमार नीरज सेना में पदक प्राप्त करते रहेंगे व सभी को गर्वानुभूति कराते रहेंगे। मौके पर लियाफी के कोषाध्यक्ष मनोज पाठक उपाध्यक्ष बिनोद ठाकुर वरीष्ठ अभिकर्ता जयराम पाठक आदि मौजूद थे।

## हाई स्कूल शिक्षक नियुक्ति मामला फिर उलझा

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हाईस्कूल शिक्षक नियुक्ति मामले में दायर अवमानना वाद की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से समय की मांग की गई। अगली सुनवाई 14 दिसंबर को निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट में झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह पेश हुए थे। पिछली सुनवाई में सरकार की ओर से अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पक्ष रखा था। वही प्रार्थी सोनी कुमारी की ओर से अधिवक्ता ललित कुमार ने पक्ष रखा। मामले की अगली सुनवाई 9 दिसंबर को तय की गई थी। पिछली सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट के इस निर्देश के बाद जेएसएससी द्वारा मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। जिसमें इस केस में प्रार्थी बने करीब 450 अभ्यर्थियों के मेरिट की गणना की जाएगी। जिसके बाद नियुक्ति प्रक्रिया शुरू होगी। सुप्रीम कोर्ट ने सोनी कुमारी एवं अन्य द्वारा दाखिल कंटेंप्ट केस पर पिछली सुनवाई के दौरान सख्त रूख दिखाते हुए मुख्य सचिव को अगली सुनवाई 2 दिसंबर को शरीर उपस्थित होने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट में कंटेंप्ट केस के माध्यम से सोनी कुमारी ने कहा कि 2 अगस्त को दिए गए सुप्रीम कोर्ट के आर्डर का झारखंड कर्मचारी चयन आयोग और राज्य सरकार द्वारा अवहेलना किया जा रहा है। जिसके खिलाफ प्रार्थी सोनी कुमारी ने झारखंड के मुख्य सचिव, शिक्षा सचिव, कार्मिक सचिव और जेएसएससी सचिव के खिलाफ अवमानना वाद दाखिल किया था। प्रार्थी का मानना है कि जेएसएससी ने सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार रिजल्ट प्रकाशित नहीं किया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस परीक्षा के लिए प्रकाशित अंतिम कटऑफ को आधार मानते हुए स्टेट लेवल रिजल्ट प्रकाशित करने की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया था। मगर जेएसएससी ने इसे नजरअंदाज कर मनमाने ढंग से रिजल्ट जारी करना शुरू किया। सुप्रीम कोर्ट से फैसला आने के बाद जेएसएससी ने हाल ही में काउंसलिंग के लिए लिस्ट जारी करना शुरू किया था।

# मेडिकल कैंप सह ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता



कैंप का उद्घाटन करते पूर्व विधायक

**मेदिनीनगर।** छतरपुर प्रखंड क्षेत्र के नौडीहा खजूरी पंचायत भवन में शनिवार को खजुरी निवासी जो अमेरिका में चिकित्सक हैं। उनके व अन्य चिकित्सकों के द्वारा निर्मित संघ (एएपीआई) के द्वारा डॉक्टर सत्येंद्र सिंह के अगुवाई में मेडिकल कैंप सह ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कैंप में मुख्य चिकित्सक के रूप में डॉक्टर सतीश कतुला एम डी, डॉ. रवि कोल्ली एमडी, एवं डॉ अनुपमा गोटीमुकुला एम डी के द्वारा कैंप में आए हुए ग्रामीणों का इलाज किया जा रहा है। कैंप में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल, गुर्दे की समस्याएं, एनीमिया, मोटापा, ऑक्सीजन की कमी इत्यादि की जांच भी की जा रही थी। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व विधायक राधा कृष्ण किशोर ने डॉक्टर सतेन्द्र सिंह को इस पुनीत कार्य के लिए दिल से धन्यवाद दिया एवं उनके प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का मेडिकल कैंप का आयोजन होना पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा कि नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे के रिपोर्ट मे जिले में 6 से 59 माह के बच्चे लगभग 68 प्रतिशत कुपोषित है। 15 से 49 वर्ष की महिलाएं लगभग 61 प्रतिशत एनीमिया से ग्रसित है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां 191 आंगनबाड़ी केंद्र है। सभी प्राथमिक विद्यालय एवं मध्य विद्यालयों में फल हरी सब्जी अंडा सहित दोपहर में भोजन देने का प्रावधान है। इसके बावजूद भी कुपोषण का यह दर इन योजनाओं को निष्क्रियता को दर्शाता है। क्योंकि नियमित रूप से इमानदारी पूर्वक इनका संचालन होता तो निश्चित तौर पर यह दिन देखने को नहीं मिलता। किशोर ने कहा कि छतरपुर दो लाख अंठावन हजार की आबादी वाला क्षेत्र है। जिसमें महज 17 ही स्वास्थ्य उपकेंद्र है जो लगभग बारह हजार आबादी पर एक उप केंद्र है। और उसमें भी इन स्वास्थ्य उप केंद्रों पर कर्मियों की खासा अभाव है। पंचायत के मुखिया हरेंद्र सिंह ने कैंप में उपस्थित चिकित्सकों के प्रति आभार प्रकट किया तथा बताया कि ऐसे सुदूरवर्ती इलाके में इस तरह का आयोजन होना बहुत बड़ी बात है। इस मौके पर युवा नेता प्रशांत किशोर उर्फ बंकू,अशोक सोनी,सुधीर सिन्हा, ब्यास राहुल सिन्हा, दिलीप सिंह,मिठू सिंह सहित पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## नौडीहा में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक संपन्न

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के नौडीहा बाजार अंचल के अमवाडीह शाखा के कार्यकताओं की बैठक अमरेश विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वप्रथम नौडीहा बाजार अंचल में व्याप्त जनसमस्याओं से भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी को अवगत कराया। जहां पर उन्होंने कहा कि नौडीहा बाजार अंचल में भ्रष्टाचार व्याप्त है। किसान सुखाड़ योजना का लाभ लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के लिए प्रज्ञा केंद्र में कराया जा रहा है। पैसा का डिमांड किया जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में सुखाड़ राहत का रजिस्ट्रेशन कराने के लिए सीओ एवं पदाधिकारी पंचायत स्तर पर कैंप लगाएं जिससे आम जनता का काम आसानी से हो सके। ऑनलाइन और ऑफलाइन के नाम पर आम जनता को दौड़ाया जा रहा है। जमीन का ऑनलाइन चढ़ाने के नाम पर नजायज पैसा का डिमांड किया जा रहा है। वही ग्राम अमवाडीह के अमरेश विश्वकर्मा का बन रहा मकान पर कुछ लोगों के द्वारा अवरोध डाला जा रहा है। उनके इस मंसूबे को कम्युनिस्ट पार्टी कभी पूरा नहीं होने देगी। बैठक में राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, नगर सचिव सुरेश ठाकुर ने नौडीहा बाजार अंचल की व्याप्त समस्याओं पर चिंता व्यक्त किया। और इन सब के समाधान के लिए आगामी 20 दिसंबर को जीबी बैठक आमसभा बुलाने का निर्णय लिया। बैठक में राजेंद्र बैठा, लखन राम, चलितर भूइंया, जगदीश सिंह, प्रवेश सिंह, फागुनी यादव, सूरेश विश्वकर्मा, मोमोदीन अंसारी, विनोद भूइंया, छोटु सिंह ,रघु यादव, सहित कई लोग उपस्थित थे।

# क्यों न दंडित किये जायें वोट नहीं देने वाले ?

अब चुनाव आयोग को यह गंभीरता से विचार करना होगा कि कैसे सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर गंभीर या बाध्य हों। वे मतदान करना अपना दायित्व समझें। हाल ही में दिल्ली नगर निगम चुनाव संपन्न हो गए। चुनाव प्रचार से लेकर चुनाव नतीजे सही से आ गये। कहीं कोई गड़बड़ी नहीं हुई। पर निराशा इस कारण से अवश्य हुई कि इस बार दिल्ली में मतदान 47 फीसद के आसपास ही रहा। मतलब आधे से अधिक मतदाताओं ने अपना वोट डालने की आवश्यकता ही नहीं समझी। मतदान भी रविवार के दिन ही हुआ था। इसलिए उम्मीद तो यह थी कि दिल्ली वाले मतदान के लिए भारी संख्या में निकलेंगे। उस दिन मौसम भी खुशगवार था। फिर भी मतदान बेहद खराब रहा। बड़ी तादाद में मतदाता अपनी पसंद के उम्मीदवार के हक में वोट देने नहीं आए। वे जिन नेताओं और सियासी दलों को नापसंद करते हैं, उन्हें चाहे तो खारिज कर सकते थे। उन्होंने ये भी नहीं किया। चूंकि दिल्ली तो एक लघु भारत के समान है, इसलिए इस महानगर में होने वाले निगम, विधानसभा तथा लोकसभा चुनावों पर सारे देश की नजरें रहती हैं। रहनी भी चाहिए! लेकिन, मतदान के बाद जब चुनाव आयोग ने बताया कि मतदान तो मात्र 47 फीसद ही हुआ तो समस्त लोकतंत्र प्रेमियों को निराशा ही हुई। कई निगम क्षेत्रों में मतदान 37 फीसद तक रहा। यह पता लगाया जाना चाहिए कि आखिर मतदाता घर से क्यों नहीं निकले। दिल्ली वाले खाए,पिए,अघाए हैं। यह तो सबको पता है। इस बार दिल्ली वालों ने यह भी बता दिया कि वे राजनीति में जरूरत से कहीं कम ही दिलचस्पी लेते हैं। यकीन मानिए कि यह कोई इस तरह की बात नहीं है कि जिस पर दिल्ली गर्व करे। दिल्ली वालों के शर्म का विषय जरूर हो सकता है! कहने वाले कह रहे हैं कि हजारों दिल्ली वाले मतदान की तारीख से एक-दो दिन पहले घूमने के लिए राजधानी से बाहर चले गए थे। उन्होंने वोट देने को प्राथमिकता ही नहीं दी। उनके लिए घूमना और तफरीह करना वोट देने से अधिक अहम रहा। मतदान की तारीख से पहले एयरपोर्ट तथा रेलवे स्टेशनों से दिल्ली वाले निकलते रहे। यह अफसोसजनक ही नहीं शर्मनाक स्थिति है। देखिए , यह तो मानना ही होगा कि जीवंत तथा स्वस्थ लोकतंत्र की पहली शर्त है कि अधिक से अधिक लोग अपने मतदान के अधिकार का इस्तेमाल करें। भारत को संसार का सबसे खास लोकतांत्रिक देशों में से एक माना जाता है। उसे अपनी इमेज को उजला करने के लिए यह सुनिश्चत करना होगा कि यहां पर कम से कम 90-95 फीसद मतदाता तो अपना वोट दें। इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता कि लोग बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लें। दिल्ली जैसे महानगर की आबादी की उदासीनता किसी लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। ऐसे में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था लागू करने की मांग भी जायज सिद्ध होती है। हालांकि यह भी आसानी से संभव नहीं है। बहरहाल, दिल्ली में निगम चुनावों के दौरान कम मतदान को किसी भी सूरत में सही नहीं माना जा सकता है। राजधानी के नागरिकों को समझना होगा कि अगर वे सही शख्स को नहीं चुनेंगे तो उनके काम को कौन करेगा। वोट न देने वाले किस मुंह से कह सकते हैं कि देश सही से नहीं चल रहा है। उनके पास जब अपना निगम पार्षद, विधायक या सांसद चुनने का ही घंटे भर का भी समय नहीं है तो फिर उन्हें अपने देश के नेताओं पर आक्षेप करने का भी कोई अधिकार नहीं रहता। दोनों बातें एक साथ नहीं चल सकतीं! किसी विशेष परिस्थिति के चलते यदि कोई वोट नहीं दे पाता तो समझा जा सकता है। मतलब बीमारी-लाचारी के कारण इंसान वोट देने से वंचित रह ही सकता है। पर अकारण वोट ना देना अक्षम्य ही माना जाएगा। मुझे समझ नहीं आता कि कैसे कुछ लोग वोट ना देने पर अपराध बोध से भी तनिक भी ग्रस्त नहीं होते। एक बात और भी महसूस हुई कि इस बार चुनाव प्रचार का पता ही नहीं चला। कुछेक जगहें अपवाद हो सकती हैं। कुछ साल पहले तक सभी बड़े दल रामलीला मैदान, सुपर बाजार, बारा टूटी, वगैरह में अवश्य सभाएं करते थे। उनमें हजारों की संख्या में लोग नेताओं के भाषणों को सुनने के लिए पहुंचती थी। यह सब अब गुजरे दौर की बातें हो गई हैं। सारा प्रचार सिर्फ सोशल मीडिया पर ही हो रहा था। दिल्ली नगर निगम चुनावों ने एक अन्य कारण से भी निराश किया। दरअसल यहां पर किसी भी बड़े दल ने किसी गैर-हिन्दी भाषी को अपना उम्मीदवार नहीं बनाया। इसलिए कोई भी विजयी उम्मीदवार मराठी. तमिल, बांग्ला, तेलुगु, मलयाली, गुजराती भाषी नहीं है। ये सब दिल्ली में दशकों से रह रहे हैं और इस महानगर को समृद्ध कर रहे हैं। इन सबने दिल्ली में करीब दो दर्जन श्रेष्ठ स्कूल खोले। जिनसे लाखों बच्चों ने पढ़ाई की और वे बेहतर नागरिक बने। ये दिल्ली के खेल और बिजनेस जगत में भी अपनी छाप छोड़ते रहे।लेकिन,राष्ट्रीय दलों ने भी सिर्फ हिन्दी भाषियों को ही टिकट दिया। यहां पर पूर्वोत्तर राज्यों के लाखों लोगों की बात करना ही व्यर्थ है। उन्हें कौन दिल्ली की राजनीति में हक देता है। अब ये मत कहिए कि गैर-हिन्दी भाषियों ने स्थानीय सियासत में अपना हक नहीं मांगा। वे मांगते रहे हैं,पर एक-दो उदाहरणों को छोड़कर उनके हिस्से में निराशा ही आई है। आप 1958 से लेकर 2022 के नगर निगम चुनावों के इतिहास को देखिए। आप पाएंगे कि सिर्फ एक गुजराती भाषी यहां पर नगर निगम पार्षद बना। उनका नाम था शांति देसाई। वे मूल रूप से गुजरात से थे और दिल्ली की राजनीति में अपनी जगह बनाने में सफल रहे थे। वे साल 2000 में दिल्ली के मेयर भी रहे। वे इससे पहले दिल्ली नगर निगम की स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमेन भी थे। शांति देसाई का संबंध भारतीय जनता पार्टी से था। दिल्ली नगर निगम के नए सदन में कोई ईसाई भी नहीं होगा। ईसाई दिल्ली में लाखों में हैं। इसकी तुलना में अगर आप बृहन्मुंबई महानगर पालिका (बीएमसी) के सदस्यों के नामों पर निगाह डालेंगे तो आपको वी.बी. डिसूजा तथा मरिएम्मएम एम थेवर जैसे कई नाम मिलेंगे। यानी मुंबई से दिल्ली समावेशी होना सीख सकती है। बहरहाल, ना केवल दिल्ली बल्कि देश के सभी नागरिकों को अपने मताधिकार करने को लेकर कोताही नहीं बरतनी चाहिए। क्या उन नागरिकों पर किसी तरह का दंड लगाया जा सकता है जो बिना किसी ठोस कारण के अपना वोट नहीं देते ? उन्हें किसी प्रकार की सरकारी योजना या लाभ से पांच वर्षों तक वंचित क्यों न रखा जाय?

**भारत को संसार का सबसे खास लोकतांत्रिक देशों में से एक माना जाता है। उसे अपनी इमेज को उजला करने के लिए यह सुनिश्चत करना होगा कि यहां पर कम से कम 90-95 फीसद मतदाता तो अपना वोट दें। इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता कि लोग बढ़-चढ़कर मतदान में भाग लें। दिल्ली जैसे महानगर की आबादी की उदासीनता किसी लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं है। ऐसे में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था लागू करने की मांग भी जायज सिद्ध होती है। हालांकि यह भी आसानी से संभव नहीं है। बहरहाल, दिल्ली में निगम चुनावों के दौरान कम मतदान को किसी भी सूरत में सही नहीं माना जा सकता है। राजधानी के नागरिकों को समझना होगा कि अगर वे सही शख्स को नहीं चुनेंगे तो उनके काम को कौन करेगा। वोट न देने वाले किस मुंह से कह सकते हैं कि देश सही से नहीं चल रहा है। उनके पास जब अपना निगम पार्षद, विधायक या सांसद चुनने का ही घंटे भर का भी समय नहीं है तो फिर उन्हें अपने देश के नेताओं पर आक्षेप करने का भी कोई अधिकार नहीं रहता। दोनों बातें एक साथ नहीं चल सकतीं।**

■ **आर.के. सिन्हा**
**(लेखक वरिष्ठ संपादक व पूर्व सांसद हैं)**

## एक नजर इधर भी

### कोर्ट-कचहरी से धोती-रूमाल तक

वह क्या है न कि देश में अन्याय चप्पे-चप्पे पर मिल जाता है और न्याय सदी में एक बार। यहाँ चार सेकंड में एक बच्चा जन्म लेता है और पाँचवें सेकंड में अपराध। इस हिसाब से कोर्ट-कचहरी का कम पड़ना स्वाभाविक है। गरीब किसान का मामला था। गरीब किसान के पास तीन हुनर बड़े गजब के होते हैं। एक उधारी लेकर किसानी करना, दो हर किसी के सामने हाथ जोड़े माई-बाप करना और तीन आपदा के समय आत्महत्या करने का जिगरा पालना। शायद ही दुनिया में ऐसा कोई देश होगा जहाँ का किसान ऐसा कर सकता हो। इसीलिए यूँ ही हमारा देश महान नहीं कहलाता। वह महान कहलाता है ऐसे किसानों के चलते। बहरहाल बात चल रही थी जज के फैसले के बारे में। किसान बड़ी आस के साथ जज के सामने हाथ जोड़े खड़ा था। जज ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए गरीब किसान के पक्ष में न्याय दिया। किसान को भी लगा कि सदियों में एक बार ऐसी अजीबोगरीब घटना जरूर घटती है। सो आज वह घटना घटी। जज ने कहा, दो बीघा जमीन तुम्हारी है। इसे गैर कानूनी ढंग से कब्जाया गया था। मैं फैसला सुनाता हूँ कि तुम्हारी जमीन तुम्हें दी जाए। गरीब किसान की खुशी का कोई ठिकाना न था। ठिकाना इसलिए नहीं था कि वह अपनी जमीन को अपनी जमीन कहलवाने के लिए न जाने कितने ठिकानों की धूल फाँक चुका था। अपने पक्ष में फैसला सुनकर फटी कमीज, झुकी कमर, बूढे बाल और हसरतों का पुलिंदा कहलाने वाले किसान ने कहा - माई-बाप! आज आपने यह विश्वास दिला दिया कि अभी न्याय मरा नहीं है। भगवान आपको हमारे पड़ोसी राममोहन की तरह तरक्की दे। जज ने आश्चर्य से पूछा - वैसे राममोहन क्या करता है? किसान ने कहा - करते तो कुछ खास नहीं हैं लेकिन बातें बड़ी पते की करते हैं। जब मैंने कचहरी में अपनी जमीन हड़पने की शिकायत दर्ज की थी, तभी राममोहन ने मुझे सलाह दे डाली थी कि कोर्ट-कचहरी के चक्कर में क्यों पड़ते हो। जितनी की जमीन नहीं है उससे ज्यादा तो केस में लग जायेगा। दरोगा साहब को पाँच-दस हजार दे दो, मामला रफा-दफा हो जायेगा। हींग लगे न फिटकरी रंग चोखा। यह सब सुन जज साहब आश्चर्यचकित रह गये। कोर्ट के भीतर सभी लोगों ने मानो ठहाके मारकर गरीब किसान की बात पर अपनी हामी भर दी थी।

■ **डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**
**मो. नं. 73 8657 8657**

### त्रासदी की कड़ियां

भोपाल गैस कांड या भोपाल गैस त्रासदी इतिहास में भारत का सबसे बड़ा औद्योगिक हादसा माना जाता है। यूनियन कार्बाइड नामक कंपनी से मिथाइल आइसो साइनाइट (मिक) नामक जहरीली गैस का रिसाव हुआ था, जिसका उपयोग कीटनाशक के लिए किया जाता था। जिस टैंक का तापमान चार से पांच डिग्री के बीच रहना चाहिए था, अचानक 200 डिग्री पहुंच गया। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि टैंक को सुरक्षित रखने के लिए प्रयोग किया जाने वाला फ्रीजर संयंत्र बिजली का बिल बचाने के लिए बंद कर दिया गया था। तापमान बढ़ने से जहरीली गैस पाइपलाइन के रास्ते निकल कर फैलने लगी। यह घटना औद्योगिक विकास के रास्ते पर चल रही दुनिया के सामने आज भी एक यक्ष प्रश्न है। अगर सतर्कता न बरती जाए तो इंसान के लिए तमाम तरह की सुख-सुविधाएं देने वाला यह रास्ता कितना खतरनाक हो सकता है, यह सैंतीस साल पहले भोपाल मे देखने को मिल गया। गैस के असर से कितने लोग मरे, कितने बीमार हुए और कितने आज तक उसके दुष्प्रभावों को झेल रहे हैं, इसकी कोई निश्चित संख्या हमारे सामने नहीं है । बात आती है जिम्मेदारी की। कंपनी अगर सावधानी से काम करती तो आज बात कुछ और होती! भले ही इस दुर्घटना के सैंतीस साल बीत गए हों, लेकिन आज तक पीड़ितों और पीड़ितों के परिजनों को इंसाफ नहीं मिल सका।

■ **विभुति बुपक्या**

# बीजेपी के पास नहीं है 'आप' की राजनीति की काट

राजधानी दिल्ली की नगर इकाई एमसीडी में आप की विजय निस्संदेह कई अर्थों में महत्वपूर्ण है। जनसंख्या की दृष्टि से दिल्ली विश्व की सबसे बड़ी नगर इकाई मानी जाती है। राष्ट्रीय राजधानी होने के कारण यहां के परिणामों की प्रतिध्वनि पूरे देश में गुंजित होती है। चूंकि मुकाबले में बीजेपी थी, इसलिए भी इसके राष्ट्रीय राजनीति के निहितार्थ भी निकाले जायेंगे। 2015 और 2020 में दिल्ली विधानसभा पर संपूर्ण प्रभुत्व कायम करने के बाद आप का सपना एमसीडी को अपने हाथों में लेना था। यह सपना पूरा हुआ है तो इसके राजनीतिक मायने निकाले जाने स्वाभाविक हैं। यह पहला मौका है जब आप ने बीजेपी को पराजित किया है। अभी तक आप कहीं भी बीजेपी का वोट काटने में सफल नहीं हुई थी। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा जैसे राज्यों के नतीजों से यह धारणा बनी थी कि आप बीजेपी को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा सकती, लेकिन इस बार यह धारणा टूटी है। एमसीडी परिणामों ने इस बात की फिर से पुष्टि कर दी है कि आप राजनीति में धीरे-धीरे कांग्रेस का स्थान ले रही है। पहले दिल्ली विधानसभा, उसके बाद पंजाब और अब एमसीडी। यहां से आप अगले वर्ष कर्नाटक विधानसभा चुनाव की ओर भी बढ़ेगी। परिणाम बता रहे हैं कि बीजेपी ने अंतिम समय तक आप को जबरदस्त टक्कर दी। 15 साल सत्ता में रहने के बावजूद मतदाताओं के बड़े वर्ग का समर्थन उसे अभी भी प्राप्त है। जनसंघ से बीजेपी तक का संगठन आधार दिल्ली में है और उसे खत्म करना संभव नहीं है। **क्या कहते हैं मत प्रतिशत :** दरअसल, एग्जिट पोल के बाद यह मान लिया गया था कि आप उसी तरह बीजेपी को साफ कर देगी, जिस तरह उसने विधानसभा चुनाव में किया था। लेकिन परिणाम ऐसा नहीं आया। आप और बीजेपी के मतों में केवल 3 प्रतिशत के आसपास का अंतर है। बीजेपी को पिछले 2017 चुनाव के समान यानी 39 प्रतिशत वोट मिले हैं। उसके मतों में गिरावट नहीं है। आप का 42 प्रतिशत वोट पिछली बार के 25 प्रतिशत से लगभग 17 प्रतिशत ज्यादा है। कांग्रेस का वोट 21 प्रतिशत से घटकर लगभग 11 प्रतिशत रह गया है। जाहिर है, यह वोट आप की ओर स्थानांतरित हुआ है। पहले दिल्ली विधानसभा, फिर पंजाब और अब एमसीडी- जाहिर है, कांग्रेस के लिए सबसे ज्यादा चिंता की बात है। बीजेपी को इस बात पर विचार करना होगा कि आखिर रणनीति में कहां चूक हो गई जिससे मतों में गिरावट न आने के बावजूद **वह बहुमत से पीछे रह गई। बीजेपी से कहां हुई गलती :** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सरकार की अपील को जनता ने स्वीकार किया और उनको बहुमत दिया तो बीजेपी को गहराई से इस पर विचार करना ही होगा। यह तो नहीं कह सकते कि शराब घोटाले से लेकर सत्येंद्र जैन को जेल में मिली सुख-सुविधाओं का मुद्दा उठाना गलत रणनीति थी। इसका असर भी देखा गया है। किंतु किसी चीज को एक सीमा से ज्यादा खींचना उसके प्रभाव को क्षीण कर देता है। बीजेपी को यह स्वीकार करना होगा कि वह दिल्ली की स्थानीय राजनीति में अरविंद केजरीवाल का जवाब देने में अभी तक सफल नहीं है। बीजेपी के पास कार्यकर्ताओं की बहुत बड़ी संख्या है, जो उसके लिए तन-मन-धन लगाकर काम करते हैं। सारे सर्वेक्षण बता रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और उनका आकर्षण पूरी तरह कायम है। केंद्र सरकार के कार्यों से भी असंतोष का कोई लक्षण नहीं। इन सबके बावजूद केजरीवाल ब्रैंड राजनीति अगर एमसीडी में भारी पड़ गई तो कहना होगा कि बीजेपी के लिए गंभीर मंथन की आवश्यकता है। **राष्ट्रीय राजनीति पर असर नहीं :** हालांकि इसके मायने यह नहीं है कि राष्ट्रीय राजनीति की दृष्टि से भी यह बीजेपी के लिए धक्का होगा। इसकी कई वजहें हैं। एक, अब अरविंद केजरीवाल दिल्ली की व्यवस्था में अपने बचाव के लिए नहीं कह सकते कि एमसीडी तो बीजेपी के पास है।

**15 साल सत्ता में रहने के बावजूद मतदाताओं के बड़े वर्ग का समर्थन उसे अभी भी प्राप्त है। जनसंघ से बीजेपी तक का संगठन आधार दिल्ली में है और उसे खत्म करना संभव नहीं है। क्या कहते हैं मत प्रतिशत : दरअसल, एग्जिट पोल के बाद यह मान लिया गया था कि आप उसी तरह बीजेपी को साफ कर देगी, जिस तरह उसने विधानसभा चुनाव में किया था। लेकिन परिणाम ऐसा नहीं आया। आप और बीजेपी के मतों में केवल 3 प्रतिशत के आसपास का अंतर है। बीजेपी को पिछले 2017 चुनाव के समान यानी 39 प्रतिशत वोट मिले हैं।**

■ **अवधेश कुमार**

## है न विचित्र बात !

### दिल्लीवालों को जीतना जरूरी

दिल्ली दिलवालों की है, पर दिल्ली के दिल और सेहत का क्या हाल है? यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की एयर क्वॉलिटी लाइफ इंडेक्स 2022 की रिपोर्ट कहती है कि वायु प्रदूषण के कारण दिल्लीवालों की जीवन प्रत्याशा में नौ साल की कमी आई है। यह बात सिर्फ आंकड़ों तक सीमित नहीं है। दमे और सांस के गंभीर रोगों से जूझ रहे लोगों को डॉक्टर सलाह देते हैं कि दिल्ली छोड़ दें। एससीडी चुनावों के नतीजे घोषित हो जाने के बाद इन आंकड़ों और हालात का जिक्र इसलिए कि वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण यहां सुलगते कूड़े के पहाड़ भी हैं। कूड़े के पहाड़ इसलिए हैं, क्योंकि दिल्ली की बढ़ती आबादी के मद्देनजर यहां के सॉलिड वेस्ट का बेहतर और वैज्ञानिक तरीके से मैनेजमेंट नहीं किया गया। सवाल है कि दिल्ली के नेता अब क्या करने वाले हैं? मेयर किसका हो, पावर किसके हाथ रहे, बजट को कौन खर्च करे, इस पर सियासत उलझेगी या फिर कूड़ा कैसे साफ हो, दिल्ली की धूल-गर्दा और प्रदूषण कैसे छंटे, इसे प्राथमिकता में लिया जाएगा। दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी का दर्जा हासिल कर चुकी दिल्ली अगले साल जब जी-20 सम्मेलन को होस्ट करेगी, क्या तब भी ऐसे ही हालात रहेंगे? कई लोग एमसीडी चुनावों के नतीजों का अपने-अपने ढंग से विश्लेषण कर रहे हैं कि किस मंत्री, सांसद और विधायक के क्षेत्र में किस पार्टी ने कैसा परफॉर्मेंस किया, किस पार्टी ने किस दूसरी पार्टी के वोट बैंक को हड़प लिया या कौन कितने ज्यादा वोटों से जीता और पार्टियों का वोट प्रतिशत क्या रहा, लेकिन दिल्लीवालों के असल सवाल ये नहीं हैं।

■ **सुधीर मिश्र**

### बजी खतरे की घंटी

अब तक केजरीवाल सरकार का भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम पर यह आरोप रहता था कि वह ठीक से काम नहीं कर रहा है और भ्रष्टाचार में लिप्त है तो वहीं भाजपा का दिल्ली सरकार पर आरोप रहता था कि राज्य सरकार उसके फंड को रोक रही है। दिल्ली नगर निगम चुनावों में आम आदमी पार्टी विजेता बनकर उभरी है। इसके साथ ही राजधानी पर आम आदमी पार्टी का पूरी तरह कब्जा भी हो गया है। अब मुख्यमंत्री के अलावा मेयर भी आम आदमी पार्टी का होगा। इसके अलावा दिल्ली के तीनों राज्यसभा सांसद भी आम आदमी पार्टी के हैं। मात्र दस साल पुरानी राजनीतिक पार्टी का इतना बड़ा राजनीतिक वजूद एक बड़ी कामयाबी है। दिल्ली की इस जीत के साथ ही अब आम आदमी पार्टी का प्रभुत्व राष्ट्रीय स्तर पर भी बढ़ना स्वाभाविक है। लेकिन इस जीत के साथ ही आम आदमी पार्टी की चुनौतियां भी बढ़ने वाली हैं क्योंकि अब तक केजरीवाल सरकार का भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम पर यह आरोप रहता था कि वह ठीक से काम नहीं कर रहा है और भ्रष्टाचार में लिप्त है तो वहीं भाजपा का दिल्ली सरकार पर आरोप रहता था कि राज्य सरकार उसके फंड को रोक रही है और सहयोग नहीं कर रही है। लेकिन अब जबकि राज्य और निगम की सत्ता में आम आदमी पार्टी होगी तो आरोप-प्रत्यारोप की यह राजनीति खत्म हो जायेगी। अब आम आदमी पार्टी को अपने वादों पर खरा उतर कर भी दिखाना होगा। क्योंकि फिलहाल दिल्ली दुनिया की सबसे प्रदूषित राजधानी है और यहां की मुख्य नदी यमुना बहुत मैली हो चुकी है। जहां तक दिल्ली नगर निगम चुनावों में आम आदमी पार्टी की जीत की बात है तो माना जा सकता है कि मुफ्त बिजली और पानी दिया जाना काम कर गया है।

■ **नीरज कुमार दुबे**

# सीमा विवाद को राज्यों के भरोसे छोड़ना सही नहीं

असम व मिजोरम के बीच 164.6 किलोमीटर की अंतर-राज्य सीमा है, जिसमें असम के तीन जिले कछार, हैलाकांडी और करीमगंज, मिजोरम के कोलासिब, ममित और आइजोल जिलों के साथ सीमा साझा करते हैं। ब्रिटिश राज के समय से मिजोरम को असम के लुशाई हिल्स के रूप में जाना जाता था। असम-मेघालय सीमा पर बीते दिनों हिंसा भड़कने से कई लोगों की मौत हुई और कई घायल हो गये। घटना में मेघालय के पांच और असम के एक वन रक्षक सहित कुल छह लोगों की मौत हो गई। हालांकि यह हिंसा लकड़ी की तस्करी को लेकर हुई लेकिन इन राज्यों में सीमा विवाद को लेकर भी हिंसा होना आम बात है। पूर्वोत्तर सहित देश के कई राज्यों में सीमा विवाद चल रहा है, किन्तु भौगोलिक सीमा और क्षेत्रों की दावेदारी को लेकर जितना खूनी संघर्ष पूर्वोत्तर के राज्यों में हुआ है, उतना कहीं नहीं हुआ। राज्य विवादित क्षेत्र के निपटारे के लिए कानूनी या लोकतांत्रिक तरीका अपनाने की बजाय दुश्मनों की तरह जंग छेड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में जब देश चीन और पाकिस्तान जैसे दुश्मन देशों की चुनौतियों से जूझ रहा है, राज्यों द्वारा राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य की बजाय निहित स्वार्थों के वशीभूत होकर की गई कार्रवाई से एकता और अखंडता को लेकर गलत संदेश जा रहा है। विशेषकर चीन पहले ही अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जता कर विवाद खड़ा कर चुका है। देश में करीब दस राज्य ऐसे हैं, जिनमें सीमा को लेकर विवाद जारी है। इनमें पूर्वोत्तर राज्यों में सर्वाधिक फसाद है। राज्यों के विवादों को उकसाने से स्थानीय लोग हिंसा पर उतारू हो जाते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि जिन क्षेत्रों की दावेदारी को लेकर विवाद या हिंसक कार्रवाई हो रही है, उनका कोई विशेष वाणिज्यिक या दूसरा महत्वपूर्ण उपयोग नहीं है, जिससे राज्यों को किसी तरह का भारी नुकसान हो रहा हो। इसके बावजूद राज्यों की सरकारें क्षेत्रवाद के नाम पर उकसावे भरी कार्रवाई से लोगों को हिंसा की तरफ धकेल रही हैं। मेघालय से पहले अक्टूबर के पहले सप्ताह में असम का मिजोरम से विवाद हो गया था। इस विवाद की जड़ झोपड़ी रही। असम पुलिस ने दो अक्टूबर को झोफई इलाके में दो झोपडियां बनाईं। जिस स्थान पर झोपड़ियां बनाई गईं वह मिजोरम के पहले मुख्यमंत्री सी छुंगा के धान के खेत के बिल्कुल सामने मौजूद थी। हालांकि, असम पुलिस ने झोपडियां हटा लीं। दरअसल, जिसे इलाके में असम पुलिस ने झोपडियां बनाई वह विवादित क्षेत्र है। इस विवादित क्षेत्र पर दोनों राज्य सरकारों ने अच्छी स्थिति बनाए रखने पर सहमति जताई थी। गौरतलब है कि मार्च 2018 में इसी इलाके में झड़प हुई थी जब मिजोरम पुलिस के पदाधिकारियों ने वहां लकड़ी का एक मकान बनाने की कोशिश की थी। उस झड़प में 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे। इस साल सितंबर में दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने सीमा मुद्दे को लेकर मुलाकात भी की थी और मंत्री स्तरीय बात जारी रखने पर सहमति जताई थी। सीमा विवाद को लेकर असम और मेघालय के मुख्यमंत्रियों की कई दौर की बैठकों के बावजूद कोई हल नहीं निकल पाया। सीमा विवाद को लेकर पूर्वोत्तर राज्यों का इतिहास रक्तरंजित रहा है। साल 2021 में एक दंपत्ति कछार (असल) जिले के रास्ते मिजोरम आ रहे थे। जिस समय वह लौट रहे थे तो उनकी गाड़ी में तोडफोड़ हुई। बवाल इतना बढ़ गया कि नौबत फायरिंग तक जा पहुंची। इससे पहले साल 2020 में अक्टूबर में भी दो बार असम और मिजोरम की सीमा पर आगजनी और हिंसा हुई थी। 9 अक्टूबर, 2020 को मिजोरम के दो लोगों को आग लगा दी गई थी। इसी के साथ कई झोपड़ियों और सुपारी के पौधों को भी आग के हवाले कर दिया गया था। वहीं कुछ दिन बाद ही कछार (असम) के लोगों ने मिजोराम पुलिस पर हमला कर दिया। पुलिस और आम लोगों पर पत्थरबाजी हुई। असम और मिजोरम के बीच सीमा विवाद ब्रिटिश राज के समय से करीब 100 साल से चल रहा है। असम और मिजोरम के बीच 164.6 किलोमीटर की अंतर-राज्य सीमा है, जिसमें असम के तीन जिले कछार, हैलाकांडी और करीमगंज, मिजोरम के कोलासिब, ममित और आइजोल जिलों के साथ सीमा साझा करते हैं। ब्रिटिश राज के समय से मिजोरम को असम के लुशाई हिल्स के रूप में जाना जाता था। मिजोरम विद्रोह के वर्षों के बाद 1987 में ही एक राज्य बन गया था, लेकिन अभी भी राज्य ब्रिटिश काल में 1875 में तय की गई सीमा को अपना मानता है। इन दोनों राज्यों के अलावा असम-मिजोरम, हरियाणा-हिमाचल प्रदेश, लद्दाख-हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र-कर्नाटक, असम-अरुणाचल प्रदेश और असम-नागालैंड के बीच सीमा विवाद है। यहां सीमाओं के सीमांकन और क्षेत्रों के दावों के बीच विवाद है। इनमें महाराष्ट्र और कर्नाटक में सीमा के दावों को लेकर जमकर राजनीति हो रही है। दोनों राज्यों की सरकारें सिर्फ क्षेत्रीय लोगों की भावनाओं को उकसाने में जुटी हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने महाराष्ट्र के 40 गांवों पर अपना दावा किया है। इसका जवाब देते हुए महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि महाराष्ट्र का कोई भी गांव कहीं नहीं जायेगा। वैसे भी सीमा विवादों का निपटारा राज्यों के स्तर पर करना आसान नहीं हैं। किन्तु ऐसे संवेदनशील मुद्दे को उछाल कर राजनीतिक स्वार्थों को पूरा करना राजनीतिक दलों का एजेंडा रहा है। राज्यों में विवाद चाहे सीमा संबंधी हों, नदियों के पानी के बंटवारे को लेकर या किसी दूसरी तरह का हो, इनका निराकरण सर्वमान्य कानूनी तरीके से ही किया जाना चाहिए। ऐसे विवादों पर सहमति तभी बनेगी जब राजनीतिक चश्मे की बजाय इन्हें देशहित के नजरिये से देखा जायेगा। ऐसे मामलों में केंद्र सरकार और सुप्रीम कोर्ट पहल करके महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विवादों को सिर्फ राज्यों के भरोसे छोड़े जाने से हिंसक घटनाओं की पुनरावृत्ति होती रहेगी।

**पूर्वोत्तर सहित देश के कई राज्यों में सीमा विवाद चल रहा है, किन्तु भौगोलिक सीमा और क्षेत्रों की दावेदारी को लेकर जितना खूनी संघर्ष पूर्वोत्तर के राज्यों में हुआ है, उतना कहीं नहीं हुआ। राज्य विवादित क्षेत्र के निपटारे के लिए कानूनी या लोकतांत्रिक तरीका अपनाने की बजाय दुश्मनों की तरह जंग छेड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में जब देश चीन और पाकिस्तान जैसे दुश्मन देशों की चुनौतियों से जूझ रहा है, राज्यों द्वारा राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य की बजाय निहित स्वार्थों के वशीभूत होकर की गई कार्रवाई से एकता और अखंडता को लेकर गलत संदेश जा रहा है। विशेषकर चीन पहले ही अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा जता कर विवाद खड़ा कर चुका है।**

■ **योगेंद्र योगी**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सॉल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.) प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## न्यूज गैलरी

### नीतीश ने वनडे क्रिकेट में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने पर ईशान किशन को दी बधाई

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने टीम इंडिया की ओर से बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मुकाबले में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने पर बिहार के प्रतिभाशाली खिलाड़ी ईशान किशन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने शनिवार को अपने संदेश में कहा कि ईशान किशन के इस शानदार प्रदर्शन से न सिर्फ बिहार बल्कि पूरा देश गौरवान्वित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रिकेट के प्रति जुनून और दृढ़ संकल्प ने ही शनिवार को ईशान किशन को इस मुकाम पर पहुंचाया है। ईशान किशन के इस प्रदर्शन से राज्य के दूसरे खिलाड़ी भी प्रेरणा लेंगे।

### भाजपा की साजिश नाकाम, समय पर होंगे नगर निकाय चुनाव : विजय

**पटना (एजेंसी)।** वित्त मंत्री एवं जदयू के वरिष्ठ नेता विजय कुमार चौधरी ने शनिवार को यहां बयान जारी कर कहा कि भाजपा अथक प्रयास करके भी नगर निकायों के चुनाव को रोक नहीं पायी। बिहार सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश के मुताबिक 'डेडिकेटेड आयोग' गठित कर उसके प्रतिवेदन के आधार पर नगर निकाय चुनाव में अति पिछड़ों का आरक्षण बरकरार रखने का फैसला लिया। इसके बाद राज्य चुनाव आयोग ने नई तिथियां घोषित कीं। विजय चौधरी ने कहा कि पता नहीं भाजपा को अति पिछड़ों के आरक्षण से क्या चिढ़ है, जो भाजपा के वरिष्ठ नेतागण तत्काल चुनाव रोकने की साजिश में लग गए। भाजपा ने घोषणा कर दी कि हर हाल में चुनाव स्थगित होंगे। उम्मीदवार प्रचार में खर्च न करें। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने चुनाव रोकने से मना कर दिया है। इससे भाजपा का अति पिछड़ा विरोधी चेहरा पूरी तरह से बेनकाब हो चुका है तथा नीतीश सरकार की अति पिछड़ों को आरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता कायम रही है।

### सहारनपुर में दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की कैद

**सहारनपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर की एक अदालत ने किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को दोष सिद्ध होने पर 20 साल की कैद और 52 हजार रुपए जुमार्ने की सजा सुनायी है। सहायक शासकीय अधिवक्ता मेघराज सैनी ने शनिवार को बताया कि मंड़ी थाना क्षेत्र के मोहल्ला खाताखेड़ी निवासी रिजवान ने घर के पड़ोस में रहने वाली 12 वर्षीय बालिका के साथ छह माह तक दुष्कर्म किया। बालिका के तीन-चार माह का गर्भवती होने पर पिता ने जब उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया तो इस घटना का खुलासा हुआ। पीड़िता ने परिजनो को बताया कि रिजवान उसे डरा-धमकाकर और उसकी वीडियो बनाकर और पिता की हत्या करने की धमकी देकर उसके साथ छह माह से लगातार दुष्कर्म करता रहा। अपर सत्र न्यायाधीश पोक्सो एक्ट कल्पना पांडे ने दोषी को 20 साल की सजा और 52 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगाया।

### जी-20 समूह की बैठक अगले साल होगी छत्तीसगढ़ में

**रायपुर (एजेंसी)।** जी-20 के चौथे वित्त कार्य समूह की बैठक अगले वर्ष सितम्बर में छत्तीसगढ़ में होगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट करके कल यह जानकारी साझा की। जी-20 समूह की जिम्मेदारी मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समूह की बैठक देश के अलग-अलग राज्यों और प्रदेश में कराने की बात कही थी, ताकि समूह के दूसरे देश भारत की संस्कृति और लोककला से परिचित हों। श्री बघेल द्वारा शुक्रवार को अपने ट्विटर हैंडल से साझा की गई जानकारी के अनुसार जी-20 के चौथे वित्त कार्य समूह की बैठक छत्तीसगढ़ में सितम्बर 23 में होनी है। इस बैठक की तैयारी के संबंध प्रधानमंत्री श्री मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्यमंत्री श्री बघेल ने प्रधानमंत्री को आगंतुकों को विश्व स्तरीय व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया।

### आठ लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा,** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में आठ लाख रुपए के एक इनामी नक्सली ने सुरक्षाकर्मियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। शुक्रवार को नक्सलियों के दक्षिण बस्तर बटालियन नं. 1 में सक्रिय नक्सली सोड़ी मुक्का ने पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारियों के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया। जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर उसने ये कदम उठाया।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन अवसर पर बोले मुख्यमंत्री

# ऑस्ट्रेलिया की आबादी से अधिक गरीबों को आवास दे चुका है नया भारत : योगी

**गोरखपुर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि तेजी से बदलता और विकास के हर क्षेत्र में आगे बढ़ता भारत पूरी दुनिया के लिए कौतुहल और आश्चर्य का विषय है। इस नये भारत में ऑस्ट्रेलिया की आबादी से अधिक आवास अबंटित हो चुके हैं। भारत में कुछ ही वर्षों में तीन करोड़ गरीबों का आवास बन चुका है। अमेरिका और यूनियन देशों की आबादी से अधिक 80 करोड़ लोगों को कोरोना काल से मुफ्त राशन दे रहा है। योगी आदित्यनाथ शनिवार को महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 90वें संस्थापक सप्ताह समारोह के समापन पर आयोजित पारितोषिक वितरण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि ओम बिरला का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया कोरोना से पस्त थी, तब भारत ने कोरोना के शानदार व सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन से कार्य किया। योगी ने कहा कि आज भारत दुनिया में सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था है। 200 वर्षों तक शासन करने वाले ब्रिटेन को पीछे छोड़कर यह विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जी-20 का नेतृत्व मिलना भारत के लिए अभूतपूर्व उपलब्धि है। जी-20 में वे देश शामिल हैं जो दुनिया की 60 प्रतिशत आबादी, 75 प्रतिशत ट्रेड, 85 प्रतिशत जीडीपी और 95 प्रतिशत पेटेंट का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने जी-20 के थीम वसुधैव कुटुम्बकम की भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जी-20 के 11 से अधिक कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के चार शहरों में होने हैं। प्रयास और अभ्यास को अभी से आगे बढ़ाना होगा।

- दुनिया के लिए कौतुहल और आश्चर्य का केंद्र है तेजी से आगे बढ़ता भारत
- जी-20 का नेतृत्व मिलना भारत के लिए अभूतपूर्व उपलब्धि

**नौ माह में तैयार हुई कोविड की दो स्वदेशी वैक्सीन :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश में प्रति वर्ष हजारों बच्चों की जान जिस इंसेफेलाइटिस से चली जाती थी, उसका टीका भारत आने में सौ साल लग गए थे जबकि कोरोना संकट में देश ने मात्र नौ माह में दो स्वदेशी वैक्सीन तैयार कर दिए। इंसेफेलाइटिस का टीका जापान में 1905 में ही बन गया था लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश में टीके 2006 में लगने शुरू हुए।

**जरूरत के मुताबिक इंडस्ट्री से जुड़ें शिक्षण संस्थायें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आज की आवश्यकताओं के अनुसार शिक्षण संस्थाओं को इंडस्ट्री के साथ जुड़ना होगा। क्लास रूम तक सीमित रहने की बजाय व्यावहारिक जानकारी की ओर अग्रसर होना होगा।

**राजधानी गांव पर शोध करें :** भारत को लोकतंत्र की जननी बताते हुए सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर के चौरीचौरा के पास एक गांव का नाम ही राजधानी है। इसका इतिहास करीब 2500 वर्ष पुराना बताया जाता है। गोरखपुर विश्वविद्यालय व अन्य उच्च शिक्षण संस्थाओं को इस पर शोध करना चाहिए।

## योगी ने जनता दरबार में 800 फरियादियों की समस्या सुनी



**गोरखपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार सुबह यहां गोरखनाथ मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर लगे जनता दरबार में लगभग 800 लोग अपनी फरियाद लेकर पास पहुंचे जहां मुख्यमंत्री ने खुद एक-एक फरियादी की बात सुनी और उनकी समस्याओं का निदान करने भरोसा दिया। मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर किसी फरियादी के साथ न्याय होना चाहिए। जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुलिस, जमीन-जायदाद और इलाज के मामले आए। श्री योगी ने जनता दर्शन में मौजूद अधिकारियों को जमीन की समस्या का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। साथ ही इलाज के लिए धन की मांग लेकर आए लोगों पर विशेष ध्यान देने को कहा। श्री योगी ने कहा कि जो भी मामले सामने आए हैं उसे थाने पर ही सुलझाए जाएं। जनता को किसी प्रकार की परेशनी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें थानों पर मदद मिलती तो वे यहां क्यों आते। मुख्यमंत्री हमेशा की तरह शनिवार को तड़के अपने आवास से निकलने के बाद उन्होंने सबसे पहले गुरु गोरखनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। विधि-विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दर्शन और पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ के समाधि स्थल पर जाकर शीश नवाया। इससे पहले सुबह मठ से बाहर आए मुख्यमंत्री ने सबसे पहले गुरु गोरक्षनाथ का दर्शन पूजन किया। इसके बाद अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेक आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला पहुंचे, वहां गोसेवा की। श्री योगी को अपने बीच पाकर गोवंश खुद उनके पास चले आए। उन्होंने गायों को गुड़ और चना खिलाया। जनता दर्शन के बाद योगी ने श्वान कालू और गोलू को बिस्किट खिलाने के साथ ही उन्हें दुलार किया। मुख्यमंत्री इसके अलावा एक प्राइवेट कंपनी द्वारा चलाए जा रहे नि:शुल्क भोजन के वाहन को गोरखनाथ मंदिर से झंडी दिखाकर रवाना किया।

## कुढ़नी उपचुनाव में झटका लगने के बाद बिहार में बढ़ी सियासी गहमागहमी

**पटना (एजेंसी)।** कुढ़नी उपचुनाव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू को जोरदार झटका लगने के बाद सियासी गहमागहमी बढ़ गई है। इसी कड़ी में जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने का सपना देखते रह जाएंगे और उनके हाथ से बिहार भी निकल जाएगा। इस दौरान उन्होंने पीएम नरेन्द्र मोदी के तारीफों के पुल बांधे। उन्होंने कहा कि कुढ़नी उपचुनाव में जदयू की हार नीतिश कुमार के बिहार में मिले जनादेश के साथ विश्वासघात का परिणाम है।आरसीपी सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार का बिहार में जो हाल हुआ है, उससे साफ पता चलता है कि ललन सिंह के नेतृत्व में जदयू कितनी कमजोर हो गई है। नीतीश कुमार केवल शराबबंदी पर ही फोकस करते हैं। उन्हें जनता की समस्या से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि कुढ़नी उपचुनाव में 7 पार्टी मिलकर भी चुनाव नहीं जीत सकी। आरसीपी सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार की शराबबंदी भी सफल नहीं हैं। बिहार में अगर पूर्ण शराबबंदी जमीन पर होती तो खुशी की बात होती। लेकिन यहां बालू और दारू का खेला हो रहा है। नीतीश कुमार शराबबंदी से हर रोज 55-60 करोड़ का नुकसान करा रहे हैं। ये केवल सरकार का नुकसान नहीं बल्कि जनता का भी नुकसान है। गरीबों को झूठे केस-मुकदमे में फंसाकर जेल भेज दिया जा रहा है। इसलिए अब शराबबंदी हटा देना चाहिए। नीतीश कुमार की सरकार 2005 से अब पीछे जा रही है, आगे नहीं। उन्होंने कहा कि जदयू उछल-उछलकर दिल्ली में चुनाव लड़ने गई थी। अंजाम ऐसा हुआ कि नीतीश कुमार को 15 सीट पर 500 से कम वोट। महागठबंधन बिहार में भी उपचुनाव हार गई। बहुत सारे जिले ऐसे हैं, जहां जदयू के एक भी विधायक नहीं है। उन्होंने कहा कि जदयू कल राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक करने जा रही है, जिसमें नौ राज्यों में चुनाव करने पर चर्चा होगी। नीतीश कुमार पहले बिहार तो बचा लें। वहीं, ललन सिंह पर तंज कसते हुए आरसीपी सिंह ने कहा कि ललन सिंह ने सीना ठोककर कहा था कि कुढ़नी से भाजपा का खात्मा शुरू हो जाएगा, लेकिन देखिये यहां वे खुद खत्म हो गए। आरसीपी सिंह ने गुजरात में भाजपा को मिली रिकार्ड जीत के लिए पीएम नरेंद्र मोदी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 27 साल के शासन में जहां भाजपा को गुजरात मे 156 सीट मिली है। भारत जी-20 का नेतृत्व कर रहा है, इसकी एक मात्र वजह हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। हमें इस बात पर फर्क करना चाहिए। राजद और जदयू के विलय पर आरसीपी सिंह ने कहा कि मैंने पहले ही ये बताया था कि दोनों पार्टियों का विलय तय है। यही वजह है कि राजद ने अपनी सिटींग सीट जदयू को दे दी। राजद को भी पता था कि इस सीट पर जीतना अब मुश्किल है। लालू ने सोचा कि जब दोनों पार्टी को मर्ज ही करना है तो जदयू ही चुनाव लड़े और हार जाए।

## 23 स्थानों पर छापे, लगाये गये 11 लाख के जुर्माने

**बस्ती (एजेंसी)।** प्रदेश भर में सोमवार से वाणिज्य कर विभाग विभाग द्वारा लगातार छापेमारी चल रही है। अबतक 23 स्थानों पर विभाग ने छापा मारा है जिसमें लगभग 11 लाख का जुर्माना लगाया गया है। इस भियान का असर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों और कस्बों में पड़ रहा है। जहां पर छोटी-बड़ी दुकानों को बंद कर व्यापारी घरों में बैठे हैं। असिस्टेंट कमिश्नर सेल टैक्स विकास द्विवेदी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देश पर विभाग द्वारा अब तक 23 स्थानों पर छापेमारी की गई है। छापेमारी ऐसे प्रतिष्ठानों पर की जा रही है जो कालाबाजारी, स्टॉक में हेराफेरी सहित क्षमता से अधिक भंडारण कर रहे हैं। व्यापारियों को डरने की कोई जरूरत नहीं है।

### इमरती के दुकान समेत तीन प्रतिष्ठानों पर जीएसटी विभाग ने मारा छापा



**जौनपुर (एजेंसी)।** चुनाव नजदीक आते ही तमाम सरकारी एजेंसी चेकिंग करने में सक्रिय हो जाती है। चाहे जीएसटी हो या इनकम टैक्स, सेल्सटैक्स सभी की निगाहें चुनाव में आते ही सक्रिय हो जाती हैं। जीएसटी विभाग द्वारा जहां पूरे प्रदेश में छापेमारी की जा रही है,वहीं जौनपुर में जीएसटी विभाग व सेलटैक्स की स्थानीय शाखा द्वारा द्वारा शुक्रवार रात नगर के ओलंदगंज स्थित प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसायी मोती ड्रेसेस पर विभाग ने छापेमारी की देर रात तक व शनिवार सुबह तक तमाम दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ प्रसिद्ध बेनी राम इमरती की दुकान पर भी जीएसटी विभाग द्वारा जांच पड़ताल की गई। जीएसटी टीम के धमकने से अन्य व्यापारियों में हड़कम्प मच गया। कुछ बड़े प्रतिष्ठान के मालिक अपने दुकानों का शटर डाउन करके भाग निकले। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शासन के निर्देश पर शुक्रवार को स्थानीय जीएसटी विभाग की टीम ने नगर ओलन्दगंज में मोती ड्रेसेज, दुलहा गारमेंट व प्रसिद्ध इमरती की दुकान बेनीराम प्यारेलाल लाल की दुकान पर एक साथ छापेमारी की। टीम ने तीनों दुकानों के कागजी रिकार्ड खंगाले, आय व्यय तथा स्टाक का मिलान किया। हालांकि टीम में शामिल किसी अधिकारी ने मीडिया से बातचीत नहीं की। हालांकि उनका कहना है कि दुकानदार द्वारा कम टैक्स जमा किया जा रहा है तो वहीं बेनीराम की दुकान पर 9 लाख का पूर्व में जुर्माना लगा है जिसे अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। इस संबंध में जांच-पड़ताल की जा रही है।

### गया जंक्शन पर 2.5 करोड़ मूल्य के सोना के साथ तीन गिरफ्तार

**गया (एजेंसी)।** बिहार में पूर्व मध्य रेलवे के गया जंक्शन से राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने शनिवार को करीब दो करोड़ 57 लाख रुपये के सोना के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। रेल पुलिस सूत्रों ने यहां बताया गया जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर डीआरआई पटना तथा आरपीएफ गया द्वारा संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान गाड़ी संख्या 12379 अप सियालदह-अमृतसर जालियांवाला बाग एक्सप्रेस तथा सियालदह नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी एक्सप्रेस से तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों के पास से 4.5 किलोग्राम सोना बरामद किया गया है, जिसकी कीमत करीब 2 करोड़ 57 लाख रुपये बताई जाती है। सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार लोगों को पूछताछ के लिये डीआरआई पटना की टीम अपने साथ ले गयी है।

## गुजरात में जदयू उम्मीदवार ने सबसे कम वोट लाने का बनाया कीर्तिमान : सुशील मोदी



**पटना (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने शनिवार को कहा कि जहां भाजपा ने गुजरात में 156 सीट जीतकर रिकॉर्ड कायम किया वहीं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) उम्मीदवार ने राज्य में सबसे कम वोट लाने का रिकॉर्ड बनाया है। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री श्री मोदी ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि जहां भाजपा ने गुजरात में 156 सीट जीतकर रिकॉर्ड कायम किया वहीं जदयू के बापूनगर विधानसभा के उम्मीदवार पठान इम्तियाज सिदखान ने 30 वोट लाकर गुजरात में सबसे कम वोट लाने का रिकॉर्ड बनाया है। चुनाव आयोग के अनुसार, भाजपा को 52.50 प्रतिशत मत मिले वहीं जदयू को शून्य प्रतिशत मत प्राप्त हुए। श्री मोदी ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) ने 13 प्रतिशत वोट प्राप्त कर राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा प्राप्त कर लिया वहीं जदयू शून्य प्रतिशत मत हासलि कर क्षेत्रीय पार्टी के दर्जे तक सीमित रह गई। उन्होंने कहा कि विपक्षी एकता मरे हुए घोड़े के समान है जिसको जितनी भी चाबुक लगाई जाए वह घोड़ा और खड़ा नहीं हो सकता। भाजपा सांसद ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने बलबूते दो राज्यों में सरकार और राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा आप को दिला दिया। वहीं, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपने गृह राज्य में भी बड़ी मुश्किल से 45 सीट अपनी पार्टी को जिता पाए। उन्होंने कहा कि कुढ़नी और गुजरात पर जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह चुप क्यों है। श्री सिंह की दूसरी पारी की शुरूआत हार से हो रही है। बेहतर है कि जदयू अपना विलय राजद में कर श्री तेजस्वी प्रसाद यादव को बिहार की कमान सौंप दें।

### मीडिया को वास्तविक मुद्दों पर ध्यान देने की जरुरत : सीएम नवीन पटनायक

**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शनिवार को कहा कि मीडिया को फिजूल की बातों के पीछे भागने के बजाय लोगों के वास्तविक मुद्दों पर ध्यान देने की आवश्यकता है। श्री पटनायक ने यहां प्रमेय उड़िया दैनिक के वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में मीडिया सर्वव्यापी है और बड़े पैमाने पर इसकी मौजूदगी है। यह वास्तव में समाचार प्रस्तुतकर्ताओं और उपभोक्ताओं दोनों के लिए एक कठिन समय है, जब मीडिया नैतिकता की जड़ों पर पकड़, सच्चाई की खोज और लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने से सही दिशा दिखा सकता है। उन्होंने कहा कि ओडिशा कई क्षेत्रों में स्पष्ट परिवर्तन के साथ विकास के मोर्चे पर बड़े पैमाने पर प्रगति कर रहा है। हाल ही में आयोजित मेक-इन-ओडिशा-3.0 में राज्य को 10.5 लाख करोड़ रुपये का विशाल निवेश प्राप्त हुआ है, जिसमें 10 लाख से अधिक नौकरियां सृजित करने की क्षमता है तथा इसका अर्थव्यवस्था पर भी गुणक प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने मीडिया सहित समाज के हर क्षेत्र के लोगों का समर्थन मांगा।

# सिमरिया में गंगा नदी पर 2023 में बनकर तैयार हो जायेगा डबल लाइन रेल पुल

**बेगूसराय (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से सिद्धि लक्ष्य के तहत ना केवल देश विकास की नई ऊंचाई पर पहुंच रहा है। बल्कि आधारभूत संरचना और अर्थव्यवस्था में मजबूती की उपाय करने के साथ-साथ सामरिक दृष्टिकोण से भी कार्य किए जा रहे हैं। पूरे देश के साथ बिहार का महत्वपूर्ण अंग बेगूसराय काफी तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है। आने वाले वर्षों में बेगूसराय ना केवल बिहार को एक नई पहचान और दिशा देगा, बल्कि आर्थिक और सामरिक दृष्टिकोण से भी देश में नई मिसाल कायम करेगा। बेगूसराय में गंगा नदी पर बने राजेन्द्र पुल के एक ओर सिक्स लेन सड़क पुल बन रहा है तो दूसरी ओर डबल लाइन रेल पुल बन रहा है।



अगले साल 2023 में इस दोनों पुल का निर्माण हो जाने की उम्मीद है। इससे ना केवल पूर्वोत्तर भारत का देश के अन्य हिस्सों से संपर्क सुदृढ़ हो जाएगा, बल्कि भारतीय सेना के जवान को भी पूरी तैयारी के साथ तेज गति से चीन की सीमा पर पहुंचने में आसानी होगी। आजादी के बाद देश में गंगा नदी पर सबसे पहले बने राजेन्द्र सेतु के समानांतर गंगानदी में निर्माण हो रहे दो लेन रेल पुल 2023 में बनकर तैयार हो जाएगा।

अभी राजेन्द्र सेतु के रेल मार्ग में सिंगल रेल ट्रैक रहने के कारण बरौनी से राजेन्द्र पुल स्टेशन तथा औंटा और रामपुर-डुमरा के बीच ट्रेन को खड़ा करना पड़ता है, इससे ट्रेन में सवार यात्रियों एवं रेलवे को बेवजह समय गंवानी पड़ती है। इस पुल का निर्माण हो जाने से ट्रेन को बेवजह रुकने एवं समय की बबार्दी होने से छुटकारा मिल जाएगा। पुल निर्माण में लगे अभियंता के अनुसार डबल रेल ट्रैक वाले उक्त पुल की लंबाई 1.86 किलोमीटर है, इसके निर्माण में करीब एक हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे।

इरकॉन ने उक्त पुल का निर्माण के लिए दिसम्बर 2018 में एफकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर मुम्बई को जिम्मेदारी दिया। पुल का निर्माण कार्य पूरा होने की सीमा जून 2022 था, लेकिन कोरोना संक्रमण एवं गंगा के जलस्तर में हुई भारी वृद्धि के बाद अब 2023 में निर्माण कार्य पूरा होने का लक्ष्य रखा गया है। निर्माण कार्य काफी तेजी से चल रहा है तथा हाथिदह की ओर से दो पिलर पर पूरा स्ट्रक्चर बिठाया जा चुका है। पुल निर्माण में जुटे अभियंता ने बताया कि डबल रेल ट्रैक पुल के उत्तरी छोड़ में सिमरिया-बरौनी तो दक्षिणी छोड़ लखीसराय जाने वाले रूट में रामपुर-डुमरा एवं पटना की ओर जाने वाले रूट में औंटा टाल में मिलेगी।

औंटा टाल एवं रामपुर डुमरा मिलाकर नौ किलोमीटर लंबे एप्रोच पथ में 33 लाख घन मीटर मिट्टी भराई का कार्य होना है तथा सभी काम दोनों ओर से युद्धस्तर पर चल रहा है। इसमें तीन जगह आरओआर (रेल लाइन के ऊपर रेल पुल) हाथीदह जंक्शन, औंटा एवं रामपुर के पास निर्माण होना है। जबकि कुल आठ मंझोले स्तर के पुल-पुलिया का भी निर्माण चल रहा है। हाथीदह में एनएच-80 पर एक आरयूबी (रोड अंडर ब्रिज) का निर्माण तथा दो जगह आरओबी (रेल ऊपरी ब्रिज) हाथीदह जंक्शन एवं औंटा के पास बन रहा है।

### सुपर स्ट्रक्चर में लगेगा 20 हजार मैट्रिक टन स्टील

**सिमरिया-हाथीदह** दो लेन रेल पुल के निर्माण में केवल सुपर स्ट्रक्चर निर्माण में करीब 20 हजार मैट्रिक टन स्टील का उपयोग होगा। वेल फाउंडेशन ढांचा पर आधारित पुल का 18 पाया जमीन से 65-70 मीटर गहराई पर है। इसमें 17 स्पेन हैं, जिसमें 32 मीटर का दो, 123 मीटर का 13 एवं 110 मीटर का एक स्पेन है। वहीं 123 मीटर का स्पेन एक हजार 450 मैट्रिक टन क्षमता है।

### देश की सुरक्षा में साबित होगा मिल का पत्थर

**राजेन्द्र सेतु** के समानांतर निर्माण हो रहे हाथीदह-सिमरिया दो लेन रेल पुल देश की सुरक्षा को लेकर भी मिल का पत्थर साबित होगा। अधिकारियों ने बताया कि चीन समेत देश के अन्य सीमा पर जरूरत पड़ने पर तोप समेत अन्य लड़ाकू सामग्री सड़क परिवहन से तेज गति में नहीं पहुंच पाता है। डबल ट्रैक रेल पुल निर्माण हो जाने से जरूरत पड़ने पर रेल मार्ग से तेज गति में देश के सीमा पर सुरक्षा का सभी उपकरण पहुंच जाएगा।

### राजेन्द्र पुल स्टेशन पर बन रहा है तीन प्लेटफार्म

**राजेन्द्र पुल** स्टेशन पर कुल पांच रेल ट्रैक व तीन प्लेटफार्म का निर्माण के साथ-साथ दो फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। छह सौ मीटर लंबे प्लेटफार्म पर एक सौ मीटर लंबा एवं नौ मीटर चौड़ा दो मंजिला स्टेशन भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावे स्टेशन परिसर में ही स्टॉल, फूड प्लाजा, कम्प्लेक्स, दुकानें, एटीएम, शेड, पर्याप्त प्रकाश, यात्रियों को समान चढ़ाने के लिए रैम एवं पार्किंग आदि का भी बनेगा।

## लखीसराय में ट्रक और बोलेरो की टक्कर में दो लोगों की मौत

**लखीसराय (एजेंसी)।** बिहार में लखीसराय जिले के कवैया थाना क्षेत्र में ट्रक और बोलेरो के बीच हुयी टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि पचना रोड मोड़ के समीप बाईपास पुल के निकट शुक्रवार की देर रात ट्रक और बोलेरो के बीच टक्कर हो गयी। बोलेरो पर सवार दोनों युवकों को स्थानीय लोगों ने बाहर निकाला और सदर अस्पताल में भती कराया, जहां चिकित्सकों ने दोनो को मृत घोषित कर दिया। सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान जिले के अमहारा थाना क्षेत्र के दीघा गांव निवासी जुगल किशोर मांझी और धीरज कुमार के रूप में की गयी है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

## अमित शाह की सुरक्षा को लेकर राज्य सचिवालय में उच्च स्तरीय बैठक

**कोलकाता (एजेंसी)।** अगले सप्ताह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बंगाल दौरे पर आ रहे हैं। उनकी सुरक्षा में किसी तरह की चूक ना हो इसे लेकर राज्य सचिवालय में उच्च स्तरीय बैठक होगी। राज्य सचिवालय सूत्रों ने बताया है कि आगामी सोमवार को राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव और पुलिस महकमे के आला अधिकारियों को साथ लेकर उच्च स्तरीय बैठक करने वाले हैं। इसमें केंद्रीय गृह मंत्री के दौरे के प्रत्येक बिंदु पर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था और किसी भी तरह की कोताही न हो इसका विशेष तौर पर ख्याल रखने को कहा गया है। आगामी 17 दिसंबर को गृहमंत्री बंगाल आ रहे हैं जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के साथ उनकी पूर्वी क्षेत्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक होनी है। अमित शाह सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष हैं जबकि ममता बनर्जी इसकी उपाध्यक्ष हैं। ममता बनर्जी के साथ उनकी अलग से भी बैठक होगी। मूल रूप से आंतरिक सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा होनी है जिसे लेकर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। इसके पहले गत पांच नवंबर को बैठक होनी थी लेकिन इसे टाल दिया गया और 17 दिसंबर की तारीख तय की गई है।

## न्यूज गैलरी

### केंद्रीय मंत्री सिंधिया के बेटे को आजीवन सदस्य के रूप में एमपीसीए में किया गया शामिल

**इंदौर (एजेंसी)।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के 27 वर्षीय बेटे महान आर्यमन सिंधिया को आजीवन सदस्य के रूप में मध्य प्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) में शामिल किया गया है। एमपीसीए के एक शीर्ष पदाधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस साल अप्रैल में ग्वालियर के संभागीय क्रिकेट संगठन के उपाध्यक्ष बनाए गए महान आर्यमन, एमपीसीए में खासा रसूख रखनेवाले पूर्व ग्वालियर राजवंश की तीसरी पीढ़ी के नुमाइंदे हैं जो अब औपचारिक तौर पर इस संगठन का हिस्सा हो गए हैं। इससे पहले, उनके दिवंगत दादा माधवराव सिंधिया और पिता ज्योतिरादित्य सिंधिया एमपीसीए के शीर्ष पदों पर रह चुके हैं। एमपीसीए के अध्यक्ष अभिलाष खांडेकर ने इंदौर स्थित संगठन की वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) के बाद संवाददाताओं को बताया कि एजीएम से पहले नियमित प्रक्रिया के तौर पर एमपीसीए में शामिल किए गए छह नये सदस्यों में महानआर्यमन सिंधिया शामिल हैं। इनमें से महानआर्यमन को आजीवन सदस्य बनाया गया है। खांडेकर ने कहा कि महानआर्यमन ग्वालियर संभाग क्रिकेट संगठन के उपाध्यक्ष हैं और संभाग में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए पिछले छह-सात सालों से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमपीसीए की सदस्यता के लिए अन्य लोगों के अलावा केंद्रीय मंत्री के बेटे का आवेदन भी पिछले कई दिनों से लंबित था।

### ऐश बार्टी ने दूसरी बार जीता ऑस्ट्रेलिया का शीर्ष खेल पुरस्कार

**मेलबर्न (एजेंसी)।** इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन एकल खिताब जीतने के दो महीने बाद टेनिस को अलविदा कहनेवाली ऐश बार्टी ने लगातार दूसरी बार ऑस्ट्रेलिया का शीर्ष खेल पुरस्कार जीता। बार्टी को द डॉन पुरस्कार दिया गया है जो मशहूर क्रिकेटर डॉन ब्रेडमैन के नाम पर है। बार्टी ने मार्च में 25 वर्ष की उम्र में टेनिस को अलविदा कह दिया। तीन बार की ग्रैंडस्लैम विजेता बार्टी उस समय दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी थी। बार्टी के अलावा ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता सैली पीयरसन (2012, 2014) और ओलंपिक चैम्पियन बांसकूद खिलाड़ी स्टीव हूकर (2008 और 2009) यह पुरस्कार दो बार जीत चुके हैं।

### भारत के आदित्य मित्तल को तीसरा स्थान

**बार्सिलोना/स्पेन (एजेंसी)।** अभी तीन दिन पहले ही भारत के 16 वर्षीय शतरंज खिलाड़ी आदित्य मित्तल नें स्पेन में चल रहे लोबरेगाट इंटरनेशनल शतरंज के छठे राउंड में भारत के 77वे ग्रांड मास्टर बनने का कारनामा किया था और अब प्रतियोगिता के सभी 9 राउंड होने के बाद आदित्य 7 अंक बनाकर टाईब्रेक मे तीसरे स्थान पर रहे हैं। 50 वे वरीय आदित्य प्रतियोगिता मे सर्वश्रेष्ठ भारतीय रहे। सातवे राउंड मे भारत के आर्यन शर्मा को पराजित करने के बाद उन्होने सिंगापुर के टिन जींगयाओ और जर्मनी के स्वाने रसमुस से बाजी ड्रॉ खेला और इस तरह पूरी प्रतियोगिता मे 2739 का प्रदर्शन करते हुए वह अपराजित रहे। 7 ही अंको पर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर ईरान के अमीन तबातबाई पहले तो सिंगापुर के टिन जींगयाओ दूसरे स्थान पर रहे। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में मुरली कार्तिकेयन 6.5 अंक बनाकर 12वें, छह अंक बनाकर आर्यन चोपड़ा 18वें और साई अग्नि जीवितेश 23वें स्थान पर रहे।

# पीटी उषा आईओए की पहली महिला अध्यक्ष बनीं

## भारतीय खेल प्रशासन में एक नये युग की हुई शुरुआत

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** अपने जमाने के दिग्गज धाविका पीटी उषा को शनिवार को भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का पहला महिला अध्यक्ष चुना गया जिससे भारतीय खेल प्रशासन में नए युग की शुरूआत भी हुई। एशियाई खेलों में कई पदक जीतने वाली और 1984 के लॉस एंजलिस ओलंपिक खेलों में 400 मीटर की बाधा दौड़ में चौथे स्थान पर रही 58 वर्षीय उषा को चुनाव के बाद शीर्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव उच्चतम न्यायालय से नियुक्त किए गए सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व जज नागेश्वर राव की देखरेख में सम्पन्न हुए। उषा के अध्यक्ष चुने जाने से आईओए में गुटीय राजनीति के कारण पैदा हुआ संकट भी समाप्त हो गया।



अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने इस महीने चुनाव नहीं कराने की दशा में आईओए को निलंबित करने की चेतावनी दी थी। इन चुनावों को दिसम्बर 2021 में होना था। उषा का शीर्ष पद पर चुना जाना पिछले महीने ही तय हो गया था, क्योंकि वह अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करनेवाली एकमात्र प्रत्याशी थी। किसी ने भी उषा का विरोध नहीं किया जिन्हें जुलाई में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने राज्यसभा के लिए नामित किया था।

पय्योली एक्सप्रेस और उड़न परी के नाम से मशहूर रही उषा को भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में देखा जा रहा था। आईओए के 95 साल के इतिहास में वह अध्यक्ष बननेवाली पहली ओलंपियन और पहली अंतराष्ट्रीय पदक विजेता हैं। इससे उनकी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जुड़ गयी है। उषा ने 2000 में संन्यास लेने से पहले भारतीय और एशियाई एथलेटिक्स में दो दशक तक अपना दबदबा बनाया था। उषा देश का प्रतिनिधित्व करनेवाले पहली खिलाड़ी हैं। इसके साथ ही वह महाराजा यादवेंद्र सिंह के बाद आईओए प्रमुख बनने वाली पहली खिलाड़ी भी हैं। यादवेंद्र सिंह ने 1934 में एक टेस्ट मैच खेला था। वह 1938 से 1960 तक आईओए के अध्यक्ष रहे थे।

फीफा वर्ल्ड कप : सेमीफाइनल में पहुंचा अर्जेंटीना

# मेस्सी की विश्व चैम्पियन बनने की उम्मीदें बरकरार



**लुसैल (एजेंसी)।** अर्जेंटीना ने एक बेहद संघर्षपूर्ण मैच में यहां नीदरलैंड को पेनॉल्टी शूटआउट में 4-3 से पराजित करके विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बनाकर लियोनेल मेस्सी के विश्व चैंपियन बनने की उम्मीदों को पंख लगाए। मेस्सी ने शूटआउट में अपनी पेनॉल्टी गोल में बदली, जबकि अर्जेंटीना के गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज ने नीदरलैंड के दो प्रयासों को विफल किया। अर्जेंटीना की तरफ से लुटारो मार्टिनेज ने निर्णायक पेनॉल्टी पर गोल किया। मैच अतिरिक्त समय में 2-2 से बराबरी पर था इसके बाद पेनॉल्टी शूटआउट का सहारा लिया। मेस्सी ने मैच में एक गोल दागा, जबकि एक गोल करने में मदद की।

नीदरलैंड ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम के 11वें मिनट में गोल करके मैच को अतिरिक्त समय तक खींचा। अर्जेंटीना मंगलवार को सेमीफाइनल में क्रोएशिया से भिड़ेगा, जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल में ब्राजील को पेनॉल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया। यह 1990 के बाद केवल दूसरा अवसर है, जबकि अर्जेंटीना विश्वकप के अंतिम चार में जगह बनाने में सफल रहा। मेस्सी 2014 में उस टीम का हिस्सा थे जिसे फाइनल में जर्मनी से हार का सामना करना पड़ा था। मेस्सी एक बार फिर टीम को आगे बढ़ाने के मूड में दिखे, क्योंकि उनकी उपलब्धियों के अपार संग्रह में विश्वकप ट्रॉफी शामिल नहीं है। लुटारो मार्टिनेज ने पेनॉल्टी शूटआउट में जब निर्णायक गोल दागा तो मेस्सी इस स्ट्राइकर की तरफ नहीं भागे और उन्होंने तेजी से दौड़ लगाकर गोलकीपर को अपनी बाहों में भरा।

### मेस्सी ने अपने कौशल का अद्भुत नमूना किया पेश

**मेस्सी** ने खेल के 35वें मिनट में अपने कौशल का अद्भुत नमूना पेश करके नाहुएल मोलिना के लिए गोल बनाया और फिर 73वें मिनट में पेनॉल्टी को गोल में बदलकर अर्जेंटीना को 2-0 से बढ़त दिलाई। यह उनका वर्तमान विश्वकप में चौथा गोल था। सभी विश्वकप में वह कुल मिलाकर 10 गोल दाग चुके हैं और उन्होंने गैब्रियल बतिस्तुता के अर्जेंटीनी रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। मेस्सी के नाम पर अब 169 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 94 गोल दर्ज हो चुके हैं। नीदरलैंड के वॉट वेगहार्स्ट ने 78वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतर कर पांचवें मिनट में ही अपनी टीम के लिए पहला गोल किया और फिर इंजरी टाइम के अंतिम क्षणों में गोल दागकर मैच को अतिरिक्त समय तक खींचा। जब लग रहा था कि अर्जेंटीना मैच जीत जाएगा तब नीदरलैंड को फ्री किक मिली जिसे ट्युन कोपमीनर्स ने बड़ी कुशलता से वेगहार्स्ट तक पहुंचाया जिन्होंने उसे उतनी ही चतुरता से गोल के हवाले किया।

# तीसरे वनडे में टीम इंडिया ने बांग्लादेश को 227 रन से हराया

- 182 पर ऑलआउट हुई बांग्लादेशी टीम
- ईशान ने अकेले बनाये थे 210 रन

**चटगांव (एजेंसी)।** लगातार दो मैच हारकर सीरीज पहले ही गंवा चुकी टीम इंडिया ने तीसरे वनडे में बांग्लादेश को 227 रन से हरा दिया। इसके साथ ही भारतीय टीम क्लीन स्वीप होने से बच गयी। यह वनडे क्रिकेट में रन के लिहाज से भारत की बांग्लादेश के ऊपर अब तक की सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 200 रन का था। भारत ने 2003 में ढाका में बांग्लादेश को इस अंतर से हराया था। चटगांव में शनिवार को बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। भारत ने ईशान किशन (210) की डबल सेंचुरी और विराट कोहली (113) के 44वें वनडे शतक की मदद से 50 ओवर में 8 विकेट पर 409 रन बनाये। ईशान ने वनडे क्रिकेट में सबसे तेज डबल सेंचुरी बनाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है।




उन्होंने 126 गेंद पर ही दोहरा शतक जमा दिया था। जवाब में बांग्लादेश की टीम 34 ओवर में 182 रन के स्कोर पर सिमट गयी। शाकिब अल हसन ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाये। भारत के लिए शार्दूल ठाकुर ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिये यानी बांग्लादेश ईशान किशन जितने रन भी नहीं बना पाया। भारतीय पारी में चोटिल कप्तान रोहित शर्मा की जगह प्लेइंग-11 का हिस्सा बने ईशान किशन ने इंटरनेशनल क्रिकेट की सबसे तेज डबल सेंचुरी जमाई। उन्होंने 126 बॉल में यह कारनामा किया है। ईशान 131 गेंद पर 24 चौके और 10 छक्कों की मदद से 210 रन बनाकर आउट हुए। 24 साल के किशन ने क्रिस गेल (138 बॉल पर) के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। गेल ने 2015 में जिम्बाब्वे के खिलाफ यह कारनामा किया था। ईशान के अलावा पूर्व कप्तान विराट कोहली ने वनडे करियर का 44वां वनडे शतक जमाया है। कोहली ने 1214 दिनों के बाद इस फॉर्मेट में शतक जमाया है। उन्होंने अपना आखिरी शतक 14 अगस्त 2019 को पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ जमाया था। उसके बाद से वे 25 पारियों तक शतक नहीं जमा सके थे। ईशान और विराट की पारियों के दम पर भारत ने वनडे छठी बार 400+ स्कोर बनाया है। भारत के अन्य बल्लेबाजों में वाशिंगटन सुंदर ने 37 और अक्षर पटेल ने 20 रन की पारी खेली। शिखर धवन और श्रेयस अय्यर 3-3 रन बनाकर आउट हुए।

### विराट कोहली ने तोड़ा रिकी पोंटिंग का रिकॉर्ड

**चटगांव (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने वनडे क्रिकेट में एक या दो नहीं बल्कि तीन साल के बाद शतक जमाया है। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार 10 दिसम्बर को सधी हुई बैटिंग करते हुए यह सेंचुरी जमायी। इसी के साथ ही उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग के बड़े रिकॉर्ड का तोड़ डाला। 54 गेंद पर विराट कोहली ने चार चौके की मदद से अपनी फिफ्टी तक पहुंचे। इसके बाद उन्होंने दूसरे छोर पर धमाकेदार बैटिंग कर रहे ईशान किशन का साथ देते नजर आये। 85 गेंद पर 11 चौके और एक छक्का जमाते हुए शतक पूरा किया। यह उनकी इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल 72वीं सेंचुरी रही। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग जिनके नाम कुल 71 इंटरनेशनल शतक थे वो अब पीछे छूट गये।

# पांच बार के चैम्पियन ब्राजील को क्रोएशिया ने शूटआउट में हराया

### नेमार को अंत के लिए बचाना पड़ा भारी



**कतर (एजेंसी)।** क्रोएशिया ने फीफा विश्व कप का बड़ा उलटफेर शुक्रवार को कर दिया। उसने कतर में पांच बार की चैम्पियन ब्राजील का सपना तोड़ते हुए सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का कर लिया। क्रोएशिया ने इस मैच को पेनॉल्टी शूटआउट में 4-2 से अपने नाम कर लिये। उसके लिये इस जीत के हीरो गोलकीपर डोमिनिक लिवाकोविच रहे। मैच में 12 से ज्यादा गोल बचानेवाले लिवाकोविच ने पेनॉल्टी शूटआउट में एक गोल को रोका। ब्राजील एक्स्ट्रा टाइम में एक समय 1-0 से आगे था। 117वें मिनट में क्रोएशिया ने गोलकर मैच में बराबरी की थी। ब्राजील एक्स्ट्रा टाइम में 1-0 की बढ़त हासिल करने के बाद विश्व कप के नॉकआउट में हारनेवाली पहली टीम बन गयी है। ब्राजील की टीम शुरू से मैच में हावी रही। क्रोएशिया ने मिडफील्ड में भले ही उसे चुनौती दी, लेकिन अटैक ब्राजील ने ही किया। उसने मैच का पहला गोल भी किया। स्टार खिलाड़ी नेमार ने एक्स्ट्रा टाइम में गोलकर महान फुटबॉलर पेले की बराबरी कर ली। ऐसा लगा था कि नेमार का यह ऐतिहासिक गोल ब्राजील को आठ साल बाद सेमीफाइनल में पहुंचा देगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। 117वें मिनट में क्रोएशिया के लिए पेट्कोविच ने गोलकर मैच को ही बदल दिया। मुकाबला पेनॉल्टी शूटआउट में पहुंच गया। पेनॉल्टी शूटआउट क्रोएशिया का मजबूत पक्ष रहा है। उसने 2018 विश्व कप में प्री-क्वार्टर फाइनल, क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल के मैच पेनॉल्टी शूटआउट में ही जीते थे। इस बार भी वह अंतिम-16 में जापान के खिलाफ इसी तरह मैच को अपने नाम करने में सफल रहा था।

### पेले ने विश्व कप से बाहर होने के बाद नेमार को संदेश भेज की हौसलाअफजाई

**साओ पाउलो (एजेंसी)।** ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले ने अपने देश के विश्व कप से बाहर होने के बाद नेमार को राष्ट्रीय टीम की तरफ से सर्वाधिक गोल करने के उनके रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए बधाई दी। पेले सांस संबंधी परेशानियों के कारण अस्पताल में भर्ती हैं। ब्राजील के क्वार्टर फाइनल में क्रोएशिया के हाथों पेनॉल्टी शूटआउट में हारने के बाद पेले ने इंस्टाग्राम पर अपना संदेश पोस्ट किया। 82 वर्षीय पेले ने नेमार के लिए अपने संदेश में कहा कि मैंने आपको बड़े होते हुए देखा है और मैंने हर दिन आपके लिए जश्न मनाया है और अब मैं आखिर में ब्राजील की तरफ से सर्वाधिक गोल करने के मेरे रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए आपको बधाई दे सकता हूं। हम दोनों जानते हैं कि इनका महत्व आंकड़ों से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी के रूप में हमारा सबसे बड़ा कर्तव्य प्रेरित करना होता है। वर्तमान के हमारे साथियों, भावी पीढ़ी और इन से भी बढ़कर इस खेल के चाहनेवालों को प्रेरित करना। दुर्भाग्य से आज हमारे लिए सबसे खुशी का दिन नहीं रहा। पेले ने कहा कि मैंने अपना रिकॉर्ड लगभग 50 साल पहले बनाया था और अब तक उसके करीब कोई नहीं पहुंचा था। अब आप यहां तक पहुंचे हो जिससे पता चलता है यह कितनी बड़ी उपलब्धि है। नेमार ने क्रोएशिया के खिलाफ गोल दागा जो उनका अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल में 77वां गोल था। इससे उन्होंने पेले के रिकॉर्ड की बराबरी।

# ईशान किशन के दोहरे शतक पर गर्लफ्रेंड अदिति हुईं फिदा

**मुंबई (एजेंसी)।** बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के आखिरी मैच में युवा बल्लेबाज ईशान किशन का बल्ला खूब चला। उन्होंने यहां इस मैच में अपने वनडे करियर का पहला शतक जड़ा, वहीं इसके बाद उन्होंने अपना दोहरा शतक भी पूरा



किया। ईशान किशन ने मैच में 131 गेंदों में 210 रन की पारी खेली। इसी के साथ ईशान किशन ने वनडे क्रिकेट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक बनाने का रिकॉर्ड भी बनाया, उन्होंने मात्र 126 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। ईशान की इस खास पारी पर उनकी गर्लफ्रेंड अदिति हुंडिया भी पूरी तरह फिदा हो गईं और उन्होंने ईशान के लिए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिये प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपनी एक स्टोरी में पहले ईशान किशन की फोटो डाली है और फिर इसके अगली वाली स्टोरी पर इंडियन क्रिकेट टीम के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल से ईशान किशन की एक स्पेशल स्टोरी डाली है। ईशान किशन की गर्लफ्रेंड अदिति हुंडिया एक मॉडल हैं, वह साल 2017 में मिस इंडिया की फाइनलिस्ट रह चुकी हैं और 2018 में मिस सुपरनेशनल इंडिया का खिताब जीत चुकी हैं। वह पहले भी ईशान किशन की कई खास पारियों पर इंस्टाग्राम के जरिए प्रतिक्रिया दे चुकी हैं।

# दूसरा टेस्ट : इंग्लैंड ने पाकिस्तान पर 281 रन की बनायी बढ़त

**मुल्तान (एजेंसी)।** मुल्तान टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड ने पाकिस्तान को पहली पारी में 202 पर ऑल आउट कर दिया। इसके बाद इंग्लैंड ने स्टंप्स तक अपनी दूसरी पारी में पांच विकेट के नुकसान पर 202 रन बना लिए है। इंग्लैंड के पास इस समय 281 रन की बढ़त है। हैरी

- पाकिस्तान की पहली पारी 202 पर सिमटी, दूसरी पारी में इंग्लैंड का स्कोर 202/5

ब्रूक (76) और बेन स्टोक्स (16) नाबाद है। इंग्लिश टीम ने पहली पारी में 281 रन बनाए थे। पाकिस्तान के लिए पहली पारी में कप्तान बाबर आजम ने सर्वाधिक 75 रन बनाए। वहीं, सऊद शकील ने 63 रन की पारी खेली। इंग्लैंड के लेफ्ट आर्म स्पिनर जैक लीच को 4 विकेट मिले।

**बाबर के आउट होते ही पाकिस्तान की पारी बिखरी :** दूसरे दिन इंग्लैंड ने 107/2 से आगे खेलना शुरू किया। सऊद शकील 63 और बाबर आजम 75 रन बनाकर आउट हो गए। दोनों के बीच 91 रनों की पार्टनरशिप हुई। दोनों बल्लेबाजों के आउट होते ही पाकिस्तान की पारी लड़खड़ा गई। मोहम्मद रिजवान 10, आगा सलमान 4, मोहम्मद नवाज 1, फरीम अशरफ 22, मोहम्मद अली 0 और अबरार अहमद 7 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इंग्लैंड के जैक लीच को सबसे ज्यादा 4 सफलताएं मिली। वहीं, मार्क वुड, जो रूट को 2-2 विकेट मिले। ऑली रॉबिंसन और जेम्स एंडरसन को 1-1 विकेट मिले।




### इंग्लैंड ने दूसरी पारी में खोए 5 विकेट

**इंग्लैंड** के ओपनर बेन डकेट (79 रन) ने दूसरी पारी में हाफ सेंचुरी जमाई। बेन के साथी ओपनिंग बल्लेबाज जैक क्रॉली 3 रन बनाकर आउट हुए। विल जैक्स 4, ओली पोप 4 और जो रूट 21 रन बनाकर पवेलियन लौटे। हैरी ब्रूक क्रीज पर डटे हुए है। वे 74 रन बना चुके है। वहीं, उनके साथ बेन स्टोक्स 16 रन पर नाबाद खेल रहे है। पाकिस्तान की तरफ से तीन विकेट अबरार अहमद ने लिए। उन्होंने बेन डकेट और विल जैक्स को क्लीन बोल्ड किया और जो रुट अरबार की बॉल पर पीछे फील्डर को कैच थमा बैठे। दो बल्लेबाज रन आउट हुए।




## न्यूज गैलरी

### अभिनेत्री दीपिका पादुकोण होगी पॉटरी बार्न की ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर



नयी दिल्ली। डिजिटल-फर्स्ट, डिजाइन-आधारित और सस्टेनेबल होम रिटेलर ह्यपॉटरी बार्न ने अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर बनाने की घोषणा की है। ब्रांड एम्बेसडर होने के साथ दीपिका, पॉटरी बार्न के साथ मिलकर एक कलेक्शन लाने की तैयारी में भी हैं। पॉटरी बार्न, विलियम्स-सोनोमा, इंक. का एक पोर्टफोलियो ब्रांड है और इसी सितंबर में कंपनी ने रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड के साथ पार्टनरशिप में पहला स्टोर दिल्ली में खोला था। दीपिका अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में पॉटरी बार्न की इन-हाउस डिजाइन टीम के साथ मिलकर एक नए कलेक्शन पर काम करेंगी जिसे 2023 में लॉन्च किया जाएगा। दीपिका ने इस साझेदारी पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इंटीरियर डिजाइनिंग को लेकर मेरा जुनून किसी से छिपा नहीं है। यही वजह है कि मैं ग्लोबल होम फर्निशिंग लीडर पॉटरी बार्न के साथ जुड़ कर रोमांचित महसूस कर रही हूं और उनके साथ मिलकर कुछ शानदार काम करने को तैयार हूं। पॉटरी बार्न चीफ डिजाइन ऑफिसर मोनिका भार्गव ने कहा, हम वैश्विक आइकन दीपिका पादुकोण के साथ साझेदारी करने को लेकर उत्साहित हैं। 2023 में हम नए कलेक्शन लॉन्च करेंगे और ग्राहक दीपिका की सिग्नेचर स्टाइल के साथ पॉटरी बार्न के प्रतिष्ठित डिजाइनों से अपने घरों को सजा सकेंगे।

### विदेशी मुद्रा भंडार 11.02 अरब डॉलर बढ़कर 561.2 अरब डॉलर पर



**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने की बदौलत देश का विदेशी मुद्रा भंडार 02 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 11.02 अरब डॉलर बढ़कर 561.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 2.9 अरब डॉलर बढ़कर 550.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 02 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 9.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 496.98 अरब डॉलर हो गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार में 1.09 अरब डॉलर की बढ़त आई और यह बढ़कर 41.03 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 16.4 करोड़ डॉलर की तेजी आई और यह बढ़कर 18.05 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 7.5 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 5.12 अरब डॉलर हो गई।

### इंडियन ओवरसीज बैंक ने ब्याज दरों में संशोधन किया

चेन्नई। सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) ने घरेलू, विदेशी मुद्रा गैर-निवासी (बैंकिंग) सावधि जमाओं पर ब्याज दरों में तत्काल प्रभाव से संशोधन किया है। बैंक ने शनिवार को यह जानकारी दी। आईओबी ने एक बयान में कहा कि घरेलू, गैर-निवासी जमाकताओं को 444 दिनों की अवधि वाली जमाओं पर 7.30 प्रतिशत तक ब्याज मिलेगा। इसी तरह तीस साल और उससे अधिक अवधि वाली जमाओं पर 7.25 प्रतिशत तक ब्याज दिया जाएगा। विदेशी मुद्रा जमाकताओं को बैंक के साथ एफसीएनआर (बी) सावधि जमा खाता खोलने पर 4.25 प्रतिशत तक ब्याज दिया जाएगा।

### भारत में कोविड राहत कार्यों के लिए गैप वन को कॉरपोरेट उत्कृष्टता पुरस्कार

वाशिंगटन। अमेरिका ने गारमेंट विनिमार्ता गैप वन को भारत में कोविड-19 महामारी के दौरान राहत कार्यों के लिए कॉरपोरेट उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया है। अमेरिका के आर्थिक वृद्धि, ऊर्जा और पर्यावरण मंत्रालय के अवर सचिव जोस डब्ल्यू फर्नांडीज ने शुक्रवार को विदेश विभाग में आयोजित एक कार्यक्रम में गैप वन को यह पुरस्कार दिया।

# तेल-तिलहन की कीमतों में मिला-जुला रुख देखने को मिला



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में शनिवार को मिले-जुले रुख वाले कारोबार के दौरान सरसों तेल-तिलहन और बिनौला तेल कीमतों में सुधार आया। शिकागो एक्सचेंज में शुक्रवार रात 0.3 प्रतिशत की तेजी आने तथा सस्ते आयातित तेल के कारण किसानों द्वारा बाजार में कम तिलहन बिकवाली करने के चलते ऐसा हुआ। सस्ते आयात के कारण जहां सोयाबीन तेल कीमतों में गिरावट आई वहीं सामान्य कारोबार के बीच मूंगफली तेल तिलहन, सोयाबीन तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल कीमतें पूर्ववत बनी रहीं। बाजार सूत्रों ने कहा, देश में सरसों का उत्पादन बढ़ने के बावजूद पिछले साल खाद्य तेलों के आयात में सालाना आधार पर नौ लाख टन या 6.85 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि सस्ते आयातित तेलों के मुकाबले हमारा देशी तेल खप नहीं रहा है। यह तेल तिलहन मामले में निर्भरता हासिल करने के सपने के लिहाज से देश के लिए कोई अच्छा संकेत नहीं है। समय की जरुरत है कि सरकार की ओर से कोई उपचारात्मक कार्रवाई की जाये। सूत्रों ने कहा कि इस संबंध में सबसे बड़ी दिक्कत बड़ी खाद्य तेल कंपनियों के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) निर्धारण की प्रथा में छुपा है, जिसका कोई नियम नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से कोई समूह बनाकर बाजार में मॉल या बड़ी दुकानों में जाकर सूरजमुखी, मूंगफली, सोयाबीन रिफाइंड, सरसों आदि खाद्यतेलों के भाव की जांच करनी चाहिये। इस पहलू पर भी ध्यान देना चाहिए कि किसानों से तिलहन की खरीद किस भाव पर की गई थी या बंदरगाह पर इसके आयातित तेल का थोक भाव क्या है

**शनिवार को तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे :-**

◆सरसों तिलहन - 7,075-7,125 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये प्रति क्विंटल◆मूंगफली - 6,410-6,470 रुपये प्रति क्विंटल◆मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 15,000 रुपये प्रति क्विंटल◆मूंगफली रिफाइंड तेल 2,415-2,680 रुपये प्रति टिन ◆सरसों तेल दादरी- 14,050 रुपये प्रति क्विंटल◆सरसों पक्की घानी- 2,130-2,260 रुपये प्रति टिन ◆ सरसों कच्ची घानी- 2,190-2,315 रुपये प्रति टिन ◆तिल तेल मिल डिलिवरी - 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल ◆सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 12,900 रुपये प्रति क्विंटल ◆सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 12,850 रुपये प्रति क्विंटल ◆सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 11,150 रुपये प्रति क्विंटल ◆सीपीओ एक्स-कांडला- 8,500 रुपये प्रति क्विंटल ◆बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 11,450 रुपये प्रति क्विंटल ◆पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 10,000 रुपये प्रति क्विंटल ◆पामोलिन एक्स- कांडला- 9,000 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल ◆सोयाबीन दाना - 5,550-5,650 रुपये प्रति क्विंटल ◆सोयाबीन लूज 5,360-5,410 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

## ट्विटर डिलीट करेगा 150 करोड़ अकाउंट:मस्क बोले

### बिना इस्तेमाल वाले अकाउंट हटाकर स्पेस फ्री करेंगे, लेकिन इससे यूजर बेस घटेगा



**नई दिल्ली।** ट्विटर के नए बॉस एलन मस्क ने सोशल मीडिया की दिग्गज कंपनी के करोड़ों इनएक्टिव अकाउंट्स को हटाने का ऐलान किया है। मस्क ने ट्वीट में लिखा, 'ट्विटर जल्द ही 1.5 बिलियन (150 करोड़) अकाउंट के नेम स्पेस को फ्री करना शुरू कर देगा'। ट्विटर के अपने अधिग्रहण के बाद से मस्क, कंपनी में कई बदलाव कर चुके हैं जिनमें से ये एक है। मस्क के इस फैसले से उन यूजर्स को फायदा होगा जो एक पर्टिकुलर यूजर नेम चाहते हैं लेकिन इसे ले नहीं पा रहे क्योंकि किसी ओर ने इसे पहले ही ले रखा है और वो उसका इस्तेमाल नहीं कर रहा। मस्क के इस कदम से स्पेस तो फ्री हो जाएगा, लेकिन इससे ट्विटर का यूजर बेस भी कम होगा। हालांकि मस्क ने उस हिस्से पर ज्यादा जानकारी नहीं दी है। कॉस्ट कटिंग के लिए करीब आधे एम्प्लॉइज को निकाल दिया है। छंटनी के बाद मस्क ने कहा था, जब कंपनी को रोजाना 40 लाख डॉलर (32.77 करोड़ रुपए) का नुकसान हो रहा है, तो हमारे पास कर्मचारियों को हटाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। मस्क ने हाल ही में कुछ देशों में 8 डॉलर में ट्विटर ब्लू सब्सक्रिप्शन लॉन्च किया था। अगर लोग इसे नहीं खरीदते हैं, तो वे अपना वेरिफाइड चेकमार्क खो देंगे। हालांकि फेक अकाउंट की संख्या बढ़ने के बाद इस सब्सक्रिप्शन को होल्ड कर दिया गया है।

# सरकार बेच रही एक और कंपनी जनवरी से शुरू होगी बिक्री की प्रक्रिया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (कॉनकॉर) के निजीकरण के लिए अगले वर्ष जनवरी में शुरूआती बोलियां आमंत्रित कर सकती है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इसके अलावा कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय से भारतीय नौवहन निगम (रउक) की गैर-प्रमुख एवं भूमि परिसंपत्तियों को अलग करने की मंजूरी भी इस महीने मिलने की उम्मीद है जिसके बाद सरकार मार्च या अप्रैल में एससीआई के लिए वित्तीय बोलियां आमंत्रित कर सकती है।

### रुचि पत्र जनवरी तक लाने का प्रयास

सरकार एससीआई में 63.75 प्रतिशत हिस्सेदारी की बिक्री कर रही है जिसमें मैनेजमेंट का ट्रांसफर भी शामिल है। एससीआई के बहीखातों के मुताबिक जिन गैर प्रमुख परिसंपत्तियों को अलग करने के लिए रखा गया है उनका मूल्य 31 मार्च, 2022 तक 2,392 करोड़ रुपये था। कॉनकॉर की रणनीतिक बिक्री अगले वित्त वर्ष में पूरी होने का अनुमान है क्योंकि इस प्रक्रिया के पूरा होने में लगभग दस महीने का वक्त लगता है।

### 65,000 करोड़ रुपये का विनिवेश टारगेट

मार्च में खत्म होने जा रहे चालू वित्त वर्ष में अब और कोई रणनीतिक हिस्सेदारी की बिक्री की उम्मीद नहीं है, ऐसे में 65,000 करोड़ रुपये के विनिवेश लक्ष्य को पाने के लिए सरकार छोटी हिस्सेदारी की बिक्री पर जोर दे सकती है। अधिकारी ने कहा, "हम लक्ष्य का पीछा नहीं कर रहे। जहां भी मूल्य मिलता दिखेगा, वहां हम विनिवेश कर देंगे।" उन्होंने बताया कि बीईएमएल, एचएलएल लाइफकेयर और एससीआई की रणनीतिक बिक्री के समापन की प्रक्रिया अगले वित्त वर्ष तक जारी रह सकती है।

## चीन निकला सोने का रहस्यमयी खरीदार

**नई दिल्ली।** सैंट्रल बैंक द्वारा जुलाई से सितंबर के मध्य की गई करीब 400 टन सोने की खरीद का रहस्य गहराने के बाद चीन ने नवंबर में 32 टन सोने की खरीद की पुष्टि की है। इस खरीद के बाद चीन का गोल्ड रिजर्व बढ़ कर 1980 टन हो गया है। वर्ल्ड गोल्ड काऊंसिल के आंकड़ों के अनुसार सेंट्रल बैंकों ने इस वर्ष जुलाई से सितम्बर तक 399.3 टन का सोना खरीदा। इस खरीद में से तुर्की, उज्बेकिस्तान और भारत ने क्रमशः 31.2 टन, 26.1 टन और ने 17.5 टन सोना खरीदा था और अन्य करीब 300 टन सोने की खरीद को लेकर रहस्य बना हुआ था लेकिन अब चीन ने साफ किया है कि उसने अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि की है। इसके पहले वाली तिमाही यानी अप्रैल से मई के बीच इन बैंकों ने 186 टन सोना खरीदा था। जनवरी से मार्च के बीच 87.7 टन सोना खरीदा गया था। 1967 के बाद सेंट्रल बैंकों ने सोने की इतनी बड़ी मात्रा में कभी खरीदारी नहीं की।

# आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 390 अंक टूटा, निफ्टी में 112 अंक लुढ़का



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स करीब 390 अंक नुकसान में रहा। वैश्विक शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के बावजूद सूचना प्रौद्योगिकी, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया। इसके अलावा, कच्चे तेल के दाम में तेजी और लगातार पूंजी निकासी से भी धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स की शुरूआत अच्छी रही। लेकिन बाद में बिकवाली दबाव से यह 389.01 अंक यानी 0.62 प्रतिशत टूटकर 62,181.67 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 112.75 अंक यानी 0.61 प्रतिशत तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स की शुरूआत अच्छी रही। लेकिन बाद में बिकवाली दबाव से यह 389.01 अंक यानी 0.62 प्रतिशत टूटकर 62,181.67 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 112.75 अंक यानी 0.61 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,496.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में एचसीएल टेक सबसे ज्यादा 6.72 प्रतिशत नीचे आया। इसके अलावा टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, विप्रो, टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज में भी गिरावट रही। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में नेस्ले इंडिया, टाइटन, सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज, इंडसइंड बैंक और आईटीसी शामिल हैं। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, हांगकांग का हैंगसेंग, चीन का शंघाई कम्पोजिट और दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में हल्की तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी थी।

## पानी बचाने के लिए गुरुग्राम की 11 सोसायटियां सम्मानित

**गुरुग्राम।** कार मालिकों के लिए एक सुपर ऐप पार्क प्लस ने गुरुग्राम की 11 सोसायटियों को वाटर वॉरियर स्टेटस हासिल करने के लिए सम्मानित किया है जिन्होंने कुल मिलाकर 35 लाख लीटर से ज्यादा पानी की बचत की है। वाटर वॉरियर्स ऑफ गुरुग्राम अभियान का लॉन्च पार्क प्लस ने सन 2022 की शुरूआत में किया था ताकि गुरुग्राम की आवासीय सोसायटियों को अत्याधुनिक कार क्लीनिंग टेक्नॉलॉजी उपलब्ध हो सके। इसकी मदद से कार क्लीनर 1.5 लीटर से भी कम पानी में एक कार साफ करने में समर्थ बने, जबकि इससे पहले इसमें 14 लीटर से ज्यादा पानी लगा करता था। कंपनी के संस्थापक एवं सीईओ अमित लखोटिया ने कहा, एक सामाजिक रूप से जागरुक ब्रांड के रूप में हम कार के स्वामित्व से संबंधित समस्याओं को पहचानने और उनका समाधान करने के लिए प्रयासरत रहते हैं। हमारा अभियान इसी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है, जिसके अंतर्गत हमने अपनी अत्याधुनिक कार क्लीनिंग टेक्नॉलॉजी प्रदान करने के लिए गुरुग्राम की आवासीय सोसायटी के साथ साझेदारी की, ताकि पानी के उपयोग में 93 प्रतिशत तक की कमी लाई जा सके। इसके अलावा गुरुग्राम की आवासीय सोसायटी के साथ हमारे मजबूत संबंध से हमें जल के संरक्षण से संबंधित जागरुकता बढ़ाने में मदद मिली और ये सोसायटी साल 2022 में 35 लाख लीटर से ज्यादा पानी बचाने में समर्थ बनीं।

# ई-नीलामी से बिकेगी अनिल अंबानी की कंपनी, 19 दिसंबर से शुरू होगी प्रक्रिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्ज में फंसी अनिल अंबानी की रिलायंस कैपिटल लिमिटेड की बिक्री प्रक्रिया पर नया अपडेट है। दरअसल, कर्जदाताओं ने कंपनी की बोली लगाने वाले बोलीदाताओं के लिए ई-नीलामी के संचालन से संबंधित नियमों एवं प्रक्रिया को लगभग अंतिम रूप दे दिया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई सूत्रों ने कहा कि रिलायंस कैपिटल की एसेट्स के लिए ई-नीलामी 19 दिसंबर को शुरू होगी। इस नीलामी के लिए 5,300 करोड़ रुपये का आधार मूल्य होगा। कॉस्मिया-पीरामल गठजोड़ ने यह बोली लगाई थी। पहले दौर की नीलामी में बोलीकताओं को आधार मूल्य से अधिक की बोली लगानी होगी। यह पहला मौका है जब इतने बड़े पैमाने पर किसी कर्ज से दबी कंपनी की ई-



नीलामी की जाएगी। ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता के तहत रिलायंस कैपिटल के लिए बोलियां लगाई जाएंगी। सूत्रों ने कहा कि बढ़ती हुई बोलियों वाली ई-नीलामी करने का निर्णय एलआईसी और ईपीएफओ के आग्रह पर लिया गया है। सरकारी नियंत्रण वाली इन दोनों इकाइयों का कर्जदाता समिति में सम्मिलित नियंत्रण 35 प्रतिशत का है। 4 बाध्यकारी बोलियां मिलीः बता दें कि रिलायंस कैपिटल के लिए चार बाध्यकारी बोलियां मिली थीं। इनके अलावा ओकट्री, हिंदुजा और टॉरेंट ग्रुप ने भी बोलियां लगाई थीं। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) के रूप में कार्यरत रिलायंस कैपिटल के निदेशक मंडल को पिछले साल नवंबर में रिजर्व बैंक ने बर्खास्त करते हुए नागेश्वर राव वाई को प्रशासक नियुक्त कर दिया था।

◆सूत्रों ने कहा कि बढ़ती हुई बोलियों वाली ई-नीलामी करने का निर्णय एलआईसी और ईपीएफओ के आग्रह पर लिया गया है। सरकारी नियंत्रण वाली इन दोनों इकाइयों का कर्जदाता समिति में सम्मिलित नियंत्रण 35 प्रतिशत का है।

## सैमसंग ने लॉन्च किया नया बजट स्मार्टफोन:8,499 में मिलेगा गैलेक्सी

**नई दिल्ली।** सैमसंग ने अपने गैलेक्सी एम04 फोन को भारत में लॉन्च कर दिया है। सैमसंग गैलेक्सी एम04 में 6.5-इंच का एचडी+ डिस्प्ले वाटरड्रॉप नॉच डिस्प्ले मिलेगा। इसके अलावा फोन में 8जीबी फ्अट मिलेगी। फोन की कीमत 8,499 रुपए से शुरू होती है। यह 16 दिसबंर से सेल के लिए उपलब्ध होगा। फोटोग्राफी के लिए गैलेक्सी एम04 में 13 मेगापिक्सल और 2 मेगापिक्सल के दो रियर कैमरे हैं, जो एलईडी फ्लैश के साथ आते हैं। वहीं फोन में 5 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा भी दिया गया है। इस फोन को कंपनी ने मिंट ग्रीन, गोल्ड, व्हाइट और ब्लू कलर ऑप्शन में पेश किया है। इसमें रैम प्लस फीचर की बदौलत 8जीबी तक रैम मिलती है। इसके अलावा फोन में 5000 एमएएच की बड़ी बैटरी और 128जीबी का इंटरनल स्टोरेज स्पेस मिलेगा। फोन में एचडी+ रिजोलूशन के साथ 6.5 इंच का डिस्प्ले मिलेगा है, जो 720X1600 पिक्सल का एचडी+ रेजोल्यूशन देता है। फोन मीडियाटेक हेलियो P35 प्रोसेसर से लैस है। कनेक्टिविटी के लिए फोन में 4जी, डुअल-बैंड वाई-फाई, ब्लूटूथ, जीपीएस और यूएसबी टाइप-सी पोर्ट जैसे फीचर्स दिए गए हैं। सिक्योरिटी के लिए फोन में साइड-माउंटेड फिंगरप्रिंट सेंसर दिया गया है। फोन वनयूआई पर बेस्ड एंड्रॉइड 12 ओएस के साथ प्रीइंस्टॉल्ड है। फोन के साथ सैमसंग 2 साल का ओएस अपग्रेड ऑफर करेगा, यानी इसे एंड्राइड 14 ओएस अपडेट भी मिलेगा। रियलमी भारत में दो नए रियलमी 10 प्रो और रियलमी 10 प्रो प्लस लॉन्च किए हैं। रियलमी 10 प्रो और रियलमी 10 प्रो प्लस में 108 मेगापिक्सल प्राइमरी कैमरा मिलेगा।

# ट्विटर से महिलाओं को चुन-चुनकर निकाला एलन मस्क के खिलाफ केस दर्ज, बढ़ेंगी मुश्किल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो महिलाओं ने एलन मस्क के खिलाफ कोर्ट में केस किया है। कोर्ट में किए गए केस में आरोप लगाया है कि एलन मस्क ने छंटनी में महिलाओं को टारगेट करते हुए नौकरी से निकाला है। माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट ट्विटर को खरीदने के बाद से ही एलन मस्क लगातार कई बड़े फैसले ले रहे हैं। उन्होंने दुनियाभर के कई देशों में मौजूद अपने ट्विटर ऑफिसों के कर्मचारियों की छंटनी की। साथ ही यह भी संदेश दिया कि उनके साथ वही कर्मचारी काम करे जो पूरी लग्न के साथ काम करना चाहता हो। अब मस्क द्वारा की गई छंटनी को लेकर सवाल उठने लगे हैं। दरअसल, ट्विटर से हटाई जाने वाली दो महिलाओं ने अमेरिकी कोर्ट में मुकदमा कर दिया है। उन्होंने दावा किया है कि अचानक बड़े पैमाने पर छंटनी से महिला कर्मचारियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। दोनों महिलाओं ने कोर्ट में किए गए केस में आरोप लगाया है कि एलन मस्क ने छंटनी में महिलाओं को टारगेट करते हुए नौकरी से निकाला है। सैन फ्रांसिस्को संघीय अदालत में दायर मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि छंटनी से पहले कुल मिलाकर अधिक पुरुषों को नियुक्त करने के बावजूद, आधे से भी कम पुरुषों की तुलना में 57% महिला कर्मचारियों को निकाल दिया गया। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि महिलाओं को भी जानबूझकर नुकसान पहुंचाया गया है। मुकदमे के अनुसार, महिलाएं अक्सर बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों की देखभाल करने वाली होती हैं। यह मुकदमा पूर्व कर्मचारियों- कैरोलिना बर्नल स्ट्रिफलिंग और विलो ब्रेन तुर्कल द्वारा समान महिला श्रमिकों की ओर से दायर किया गया था।

### ट्विटर ऑफिस में ही मस्क ने बनवाए बेडरूम

ट्विटर कर्मचारियों से 'जान लगाकर' काम करने को कहा गया है और मस्क ने उनके लिए ऑफिस में ही बेडरूम बनवा दिए हैं। ट्विटर ऑफिस स्पेस की कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, जिनमें देखा जा सकता है कि ट्विटर कर्मचारियों के लिए ऑफिस में ही बिस्तर लगा दिए गए हैं। एक अन्य रिपोर्ट में सामने आया है कि ट्विटर अब तीन रंग के वेरिफिकेशन टिक प्लेटफॉर्म पर दिखाएगी। बीबीसी को ट्विटर ऑफिस स्पेस की कुछ तस्वीरों का ऐक्सेस मिला है, जिनमें दिख रहा है कि ट्विटर ऑफिस में बेडरूम्स बनाए गए हैं। इन तस्वीरों से उस रिपोर्ट की पुष्टि भी हुई है, जिसमें कहा गया था कि ट्विटर हेडक्वॉर्टर्स में कर्मचारियों को अब बेडरूम्स भी दिए जा रहे हैं और वे ऑफिस में रुककर ही घंटों काम कर रहे हैं।

## बीएमडब्ल्यू को अगले साल भी बिक्री गति जारी रहने की उम्मीद

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** लक्जरी कार कंपनी बीएमडब्ल्यू इंडिया को 2023 में भी बिक्री में मजबूती बनी रहने की उम्मीद है। इसके अलावा, कंपनी इलेक्ट्रिक सेडान आई7 समेत कई उत्पादों की बिक्री की संभावना तलाश रही है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के अध्यक्ष विक्रम पावाह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि कंपनी के लिए यह साल बिक्री के मामले में सबसे अच्छा साल रहा है। कंपनी की देश में अगले आठ सप्ताह में आठ उत्पादों को पेश करने के लिए की योजना है। पावाह ने एक सवाल के जवाब में कहा, "हमें विश्वास है कि बिक्री की गति निश्चित रूप से जारी रहेगी। हम अगले साल भी शानदार उत्पाद लाने वाले हैं। मैं बहुत सकारात्मक हूं क्योंकि हम आठ प्रमुख पेशकश के साथ शुरूआत कर रहे हैं, उनमें से तीन बहुत बड़े उत्पाद हैं। हम 2023 में भी बहुत मजबूत वृद्धि करेंगे।" कंपनी कार खंड में बीएमडब्ल्यू और मिनी ब्रांड के तहत उत्पाद बेचती है और बीएमडब्ल्यू मोटरराड के तहत बाइक बेचती है।

## पेज एक के शेष

### सीएम से गुहार...

बहनों का पढ़ने का सपना अब साकार होगा। मैं पढ़कर शिक्षक बनूंगी। मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद। गढ़वा के तिलदाग पंचायत में लोक संवाद कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री से बेबी कुमारी ने कहा कि मैं पढ़ना चाहती हूं सर। मेरी मदद करें। इसके बाद मुख्यमंत्री ने उपायुक्त गढ़वा को बेबी और उसके पूरे परिवार को सरकार की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री के निर्देश के उपरांत 48 घंटे के अंदर पूरे परिवार को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा गया।

### जिनका ब्लड ग्रुप...

तुलना की और पाया कि ब्लड ग्रुप बी वाले लोगों में हृदय रोग का खतरा सबसे ज्यादा होता है। अध्ययनों के अनुसार, बी ब्लड ग्रुपवाले लोगों में ओ ब्लड ग्रुप वाले लोगों की तुलना में मायोकार्डियल इन्फ्रक्शन (दिल का दौरा) का खतरा अधिक होता है। ब्लड ग्रुप ए वाले लोगों में ब्लड ग्रुप ओ वाले लोगों की तुलना में हृदय गति रुकने का 11 प्रतिशत अधिक जोखिम होता है। हार्ट फेलियर और हार्ट अटैक दोनों ही दिल से जुड़ी बीमारियां हैं। लेकिन हार्ट फेलियर धीरे-धीरे विकसित होता है, जबकि हार्ट अटैक अचानक आता है। समय के साथ, दिल का दौरा दिल की विफलता का कारण बन सकता है। यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी के अनुसार, नान-ओ ब्लड ग्रुप के रक्त समूहों के दिल के दौरे या दिल की विफलता के जोखिम के पीछे कई कारण हो सकते हैं। इस ब्लड ग्रुप के लोगों में ब्लड क्लॉटिंग की प्रक्रिया तेज होती है। 2017 के एक अध्ययन के अनुसार, नान-ओ ब्लड ग्रुपवाले लोगों में गैर-विलिब्रांड कारकों का स्तर अधिक होता है। यह थ्रोम्बोटिक समस्याओं से जुड़ा रक्त का थक्का बनानेवाला प्रोटीन है। टाइप ए और टाइप बी ब्लड ग्रुपवाले लोगों में ब्लड क्लॉटिंग के थक्कों के कारण थ्रोम्बोसिस का खतरा 44 प्रतिशत ज्यादा होता है। हार्ट अटैक के लिए खून के थक्के जिम्मेदार होते हैं। यह कोरोनरी धमनी को रोक देता है, जिससे हृदय की मांसपेशियों को ऑक्सीजन और पोषक तत्व नहीं मिल पाते हैं। यही हार्ट अटैक का कारण बनता है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### अब अमेरिकी राष्ट्रपति का भाषण हिंदी में भी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के भाषण हिंदी में भी मिल सकता है। अमेरिका की घरेलू राजनीति में एशियाई-अमेरिकियों की बढ़ती प्रभावशाली भूमिका को देखते हुए राष्ट्रपति द्वारा गठित एक आयोग ने व्हाइट हाउस से आग्रह किया है कि बाइडन के सभी भाषणों का हिंदी और क्षेत्र की कई अन्य भाषाओं में अनुवाद किया जाये जो अधिक से अधिक अमेरिकियों द्वारा बोली जाती हैं। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति द्वारा दिये गये भाषण केवल अंग्रेजी में उपलब्ध हैं और इस प्रकार 2.51 करोड़ से अधिक सीमित अंग्रेजी जाननेवाली आबादी के लिए दुर्गम हैं। वर्तमान में बाइडन के भाषणों का अनुवाद उनकी भाषाओं में नहीं किया जा रहा है। एशियाई-अमेरिकियों, मूल निवासी हवाई और प्रशांत द्वीप समूह (एनएचपीआई) पर राष्ट्रपति के सलाहकार आयोग ने इस सप्ताह अपनी बैठक के दौरान यह सिफारिश की।

### दिन दहाड़े घर में घुसकर 24 वर्षीय महिला को जबरन उठा ले गयी भीड़



**हैदराबाद (एजेंसी)।** देश में लोगों की गुंडगर्दी किस कदर बढ़ गयी है इसका हाल ही में एक वीडियो सामने आया है। दरअसल, तेलंगाना में हैदराबाद के पास रंगा रेड्डी जिले के आदिबाटला गांव में एक महिला को करीब 50 से ज्यादा लोग दिनदहाड़े घर से उठा कर ले गए। महिला कथित रूप से एक डॉक्टर बतायी जा रही है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। इस मामले में स्थानीय मीडिया की तरफ से बताया है कि पुलिस द्वारा एक घंटे के ऑपरेशन के बाद उसे बचाया गया। समाचार एजेंसी के अनुसार, महिला को उसके ही घर से अगवा किया गया था। महिला के माता-पिता ने कथित तौर पर आरोप लगाया है कि लगभग 100 युवक उनके घर में घुस आये और उनकी बेटी वैशाली को जबरन उठा ले गए। वीडियो में कम से कम 50 से भी ज्यादा लोगों को देखा जा सकता है। जिसमें से कुछ लोग घर में तोड़फोड़ भी कर रहे हैं और कार की खिड़कियां तोड़ रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने अभिभावकों से बात कर उनसे जानकारी ली लेते हुए बताया कि यह निश्चय ही एक गंभीर अपराध है हमने धमकी देने से संबंधित आईपीसी की धारा-307 और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है जिसकी जांच चल रही है।

## चक्रवात 'मैंडूस' का असर, तमिलनाडु समेत दक्षिणी राज्यों में भारी बारिश

**हैदराबाद (एजेंसी)।** चक्रवाती तूफान मैंडूस ने बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम में मामल्लपुरम (महाबलीपुरम) के करीब उत्तरी तमिलनाडु तट को छू लिया है। चक्रवाती तूफान का असर दोनों तेलुगु भाषी राज्य तेलंगाना व आंध्र प्रदेश के साथ राजधानी हैदराबाद पर भी पड़ा है। मौसम विभाग के अनुसार हैदराबाद में शनिवार व सोमवार के बीच बारिश की संभावना है। मैंडूस नामक तूफान ने नौ दिसम्बर को भारतीय समय के मुताबिक रात करीब 11:30 बजे और 10 दिसम्बर को 01:30 बजे पर उपरोक्त हिस्सों को पार कर लिया है। इस दौरान 65 से 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तूफानी हवाएं 85 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंच गयी थी। मैंडूस अरबी भाषा का शब्द है और इसका अर्थ है खजाने की पेटी (बॉक्स) और यह नाम संयुक्त अरब अमीरात द्वारा चुना गया। मौसम विभाग ने बताया कि यह पिछले छह घंटों के दौरान 15 किमी प्रति घंटे की गति के साथ उत्तरी तमिलनाडु में एक गहरे दबाव में बदलकर कमजोर पड़ गया है।

## घाटी में बारिश, बर्फबारी और ठंड से मिली राहत

**श्रीनगर (एजेंसी)।** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पर्यटन स्थल गुलमर्ग को छोड़कर घाटी के सभी जगहों पर रात का तापमान जमाव बिंदु से ऊपर दर्ज किया गया है। कश्मीर के कुछ हिस्सों में बारिश और हल्की बर्फबारी होने से यहां के निवासियों को कड़ाके की ठंड से कुछ राहत मिली। क्षेत्र में न्यूनतम तापमान में कई डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई है। गुलमर्ग और गुरेज में ताजा हिमपात हुआ जबकि मैदानी इलाकों में बारिश हुई। मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि पिछले 24 घंटों के दौरान श्रीनगर में 0.9 मिमी, काजीगुंड में 2.6 मिमी, पहलगाम में 2.3 मिमी, कुपवाड़ा में 5.5 मिमी और कोकेरनाग में 5.6 मिमी बारिश हुई है। कश्मीर घाटी का प्रवेश द्वार



काजीगुंड कस्बे में तापमान .8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुलमर्ग में रात का तापमान माइनस 2.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग में रात का तापमान पिछली रात के 1.1 डिग्री सेल्सियस की तुलना में 2.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया तथा दक्षिण कश्मीर के पहलगाम हिल रिजॉर्ट में तापमान कल रात 1.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग के अधिकारियों ने शनिवार सुबह मुख्य रूप से ऊंचाईवाले इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर बर्फबारी की भविष्यवाणी की थी। भूतल परिवहन में अस्थायी व्यवधान हो सकता है, कश्मीर में बादल छाये रहेंगे। मौसम विभाग ने कहा कि 11 दिसम्बर से 10 दिनों तक मुख्य रूप से मौसम शुष्क रहेगा, साथ ही छिटपुट स्थानों पर हल्की बारिश और हिमपात होगा। किसी बड़े हिमपात का पूर्वानुमान नहीं है तथा रविवार से गर्म दिन और ठंडी रातें होने की उम्मीद है।

## लंबे समय तक चलनेवाले युद्धों के लिए रहना होगा तैयार

**○ रूस-यूक्रेन वॉर पर बोले वायुसेना प्रमुख- युद्ध क्षेत्र पर वायु श्रेष्ठता की आवश्यकता महत्वपूर्ण**

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी ने कहा कि पहले हम छोटे



और तेज युद्ध के लिए खुद को तैयार करते थे, लेकिन अब लंबे समय तक चलनेवाले युद्धों के लिए तैयार रहने का समय है। एयर चीफ मार्शल इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि आखिरकार रूस के साथ ऐसा क्या हुआ, जो यूक्रेन की तुलना में अधिक मजबूत होने के बावजूद युद्ध को अंजाम देने में विफल रहा। रूस-यूक्रेन युद्ध के सबक पर जोर देते हुए वायु सेना प्रमुख ने कहा कि युद्ध क्षेत्र पर वायु श्रेष्ठता की आवश्यकता महत्वपूर्ण है, लेकिन युद्ध में एक उद्देश्य का चयन नहीं देखा गया।

वायु सेना प्रमुख ने 21वीं सदी में युद्ध लड़ने को लेकर कहा, 'लक्ष्य का चयन और रख-रखाव, संघर्ष समाप्ति मानदंड और उचित रणनीति के साथ तकनीक का इस्तेमाल जैसी कुछ चीजें महत्वपूर्ण हैं।' एक बातचीत में वायु सेना प्रमुख ने मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) के बारे में पूछे जाने पर कहा कि यूएवी ड्रोन की तरह विवादित वायु रक्षा क्षेत्रों में कम उपयोगी होते हैं। हालांकि, एयरफोर्स आत्मनिर्भर भारत के तहत ड्रोन शामिल करेगी। वायु सेना प्रमुख ने आगे कहा कि लड़ाकू विमानों को लेकर कहा कि हम तकनीक और क्षमता के अंतर से समझौता किये बिना स्वदेशी प्रोडक्शन पर ध्यान केंद्रित करते रहेंगे। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि हम स्पेस ऐप्लिकेशन की मदद से एयर पावर को एयरोस्पेस पावर में बदलने के पक्षधर हैं, जो नेविगेशन, पोजिशन और टाइम मैपिंग में काफी मददगार है।

### उच्चतम न्यायालय ने कहा- सेना अपना घर करे दुरुस्त



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सेना से कहा कि वह अपना घर दुरुस्त करे और उसे लगता है कि यह उन महिला अधिकारियों के लिए निष्पक्ष नहीं रही है, जिन्होंने 2020 में शीर्ष अदालत के निर्देश पर स्थायी कमीशन दिए जाने के बाद पदोन्नति में देरी का आरोप लगाया है। चीफ जस्टिस डीवाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस. नरसिम्हा की पीठ 34 महिला सैन्य अधिकारियों की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि सेना में लड़ाकू और कमांडिंग भूमिकाएं निभाने के वास्ते पदोन्नति के लिए जूनियर पुरुष अधिकारियों पर विचार किया जा रहा है। पीठ ने कहा कि हमें लगता है कि आप (सेना) इन महिला अधिकारियों के प्रति निष्पक्ष नहीं रहे हैं। हम मंगलवार को एक स्पष्ट आदेश पारित करने जा रहे हैं। बेहतर होगा कि आप अपने 'घर को दुरुस्त' करें और हमें बतायें कि आप उनके लिये क्या कर रहे हैं। सबसे पहले, उन पुरुष अधिकारियों के परिणामों की घोषणा न करें जिन पर अक्टूबर में (प्रमोशन के लिए) विचार किया गया था, जब तक कि आप उनके (महिलाओं के) परिणामों की घोषणा नहीं करते। पीठ ने केंद्र और सशस्त्र बलों की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल संजय जैन और वरिष्ठ अधिवक्ता आर बालासुब्रमण्यन से पूछा कि उन्होंने अक्टूबर में पदोन्नति के लिए इन महिला अधिकारियों पर विचार क्यों नहीं किया। पीठ ने आदेश पारित करने के लिए याचिका को मंगलवार के लिए सूचीबद्ध किया। जब केंद्र के विधि अधिकारियों ने कहा कि वे महिला अधिकारियों के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि हमारा मतलब जैन (एएसजी) और कर्नल बाला (वरिष्ठ वकील) से है। मैं आपके संगठन के बारे में निश्चित नहीं हूं। एएसजी ने कहा कि सैन्य प्रतिष्ठान भी महिला अधिकारियों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। विधि अधिकारी ने बताया कि सेना ने महिला सैन्य अधिकारियों की प्रोन्नति के लिए 150 सीट स्वीकृत की हैं।

## कोयला लेवी घोटाले मामले में ईडी की बड़ी कार्रवाई

## सीएम बघेल की उपसचिव पर कसा शिकंजा, 152 करोड़ की संपत्ति कुर्क





**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में कथित कोयला लेवी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपसचिव सौम्या चौरसिया, भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी समीर विश्नोई तथा अन्य आरोपियों की करोड़ों रुपये की संपत्ति कुर्क कर ली है। ईडी ने शनिवार को कहा कि एजेंसी ने धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत शुक्रवार को कुछ चल और 91 अचल संपत्तियों को कुर्क करने के लिए एक अस्थायी आदेश जारी किया।

**कुल 152.31 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की :** संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि कुल 152.31 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गयी है। ईडी के अनुसार, कुर्क की गई संपत्तियों में कोयला व्यापारी और मामले में मुख्य सरगना सूर्यकांत तिवारी की 65 संपत्ति, चौरसिया की 21 संपत्ति और विश्नोई की पांच संपत्ति शामिल हैं। इसके अलावा छत्तीसगढ़ के एक अन्य कोयला कारोबारी सुनील अग्रवाल तथा कुछ और लोगों की संपत्तियां शामिल हैं। इसने कहा कि संपत्तियों में नकदी, आभूषण, फ्लैट, कोयला वाशरी और छत्तीसगढ़ में स्थित प्लॉट शामिल हैं।

### सभी चारों आरोपियों को किया गिरफ्तार

**ईडी** इस मामले में एक अन्य कारोबारी लक्ष्मीकांत तिवारी (सूर्यकांत तिवारी के रिश्तेदार) के अलावा सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। धनशोधन का यह मामला आयकर विभाग की एक शिकायत से निकला है। एजेंसी ने कहा कि ईडी की जांच एक बड़े घोटाले से जुड़ी है जिसमें वरिष्ठ नौकरशाहों, कारोबारियों, नेताओं और बिचौलियों के एक गिरोह द्वारा छत्तीसगढ़ में प्रत्येक टन कोयले पर 25 रुपये की अवैध उगाही की जा रही थी।

## महाराष्ट्र डेलिगेशन के अमित शाह से मिलने पर बोले सीएम बोम्मई- मुलाकात का कोई फर्क नहीं पड़ता

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा है कि महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच जारी सीमा विवाद के बीच महाराष्ट्र के एक प्रतिनिधिमंडल की केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कोई फर्क नहीं पड़ेगा। बोम्मई ने जोर देकर कहा कि उनकी सरकार इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने कर्नाटक के सांसदों के एक प्रतिनिधिमंडल से सीमा विवाद को लेकर सोमवार को शाह से मुलाकात करने को कहा है। बोम्मई ने कहा कि वह जल्द ही खुद भी केंद्रीय गृह मंत्री से मिलकर उन्हें इस मुद्दे पर राज्य के वैध रुख से अवगत कराएंगे। उन्होंने शुक्रवार रात ट्वीट किया कि केंद्रीय गृह मंत्री से महाराष्ट्र के प्रतिनिधिमंडल की मुलाकात से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। महाराष्ट्र ने पहले भी ऐसा किया है। मामला उच्चतम न्यायालय में है। हमारा वैध मामला शीर्ष अदालत में मजबूत स्थिति में है। हमारी सरकार सीमा मुद्दे पर कोई समझौता नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने आगे लिखा कि मैंने कर्नाटक के सांसदों से कर्नाटक-महाराष्ट्र सीमा विवाद को लेकर सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करने के लिए कहा है। मैं भी जल्द ही केंद्रीय गृह मंत्री से मिलूंगा और उन्हें राज्य के वैध रुख से अवगत कराऊंगा। शाह से मुलाकात के बाद महाराष्ट्र के प्रतिनिधिमंडल में शामिल राकांपा के नेता अमोल कोल्हे ने कहा था कि सीमा विवाद को लेकर जारी तनाव में कमी लाने के लिए गृह मंत्री 14 दिसम्बर को दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों से मुलाकात करेंगे।

**पंजाब को दहलाने की बड़ी साजिश!**

## पुलिस थाने पर रॉकेट लांचर से हमला

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पंजाब को दहलाने की बड़ी साजिश की खबर सामने आयी है। दरअसल, जिला तरनतारन जिले अधीन आते थाना सरहाली को रॉकेट लांचर के साथ निशाना बनाते हुए हमला किया गया। हालांकि, इस हमले में जानी नुकसान से बचाव रहा है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात करीब एक बजे अमृतसर-बठिंडा नेशनल हाईवे पर स्थित पुलिस थाना सरहाली पर रॉकेट लांचर से हमला किया गया, जो कि थाने अंदर मौजूद सेवा केंद्र पर जा गिरा। इस दौरान सेवा केंद्र में कोई भी मौजूद नहीं था। हमले के दौरान थाने में ड्यूटी अफसर सहित कुछ अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद थे, जो बाल-बाल बच गये।

## भारत-पाक क्रिकेट संबंधों पर बोले विदेश मंत्री- ...टूर्नामेंट आते रहते हैं

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत और पाकिस्तान के बीच कोई क्रिकेट संबंध नहीं होने की बात को खारिज करते हुए सीमा पार आतंकवाद को कड़ा संदेश दिया है। बीसीसीआई ने हाल ही में कहा था कि भारत एशिया कप 2023 के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा। इस सब के कारण बीसीसीआई और पीसीबी के बीच भारी विवाद हुआ था।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि टूर्नामेंट आते रहते हैं और आप सरकार के रुख से अवगत हैं। देखते हैं क्या होता है। यह एक जटिल मुद्दा है। क्या आप मुझसे बात करेंगे, अगर मैं आपके सिर पर बंदूक रखूं? अगर आपके पड़ोसी खुलेआम आतंकवाद का समर्थन करते हों? इस बारे में कोई रहस्य नहीं है कि आंतकवादियों के नेता कौन हैं? कैंप कहां हैं? हमें यह कभी नहीं सोचना चाहिए कि सीमा पार आतंकवाद सामान्य है। इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख रमीज राजा ने कहा था कि अगर भारतीय टीम उनके देश की यात्रा नहीं कर रही है तो पाकिस्तान वर्ल्ड कप 2023 से हटने पर विचार कर सकता है। इससे पहले अक्टूबर में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एशिया कप के लिए टीम इंडिया के पाकिस्तान जाने की अटकलों को पूरी तरह से खारिज कर दिया था और कहा था कि एशिया कप तटस्थ स्थान पर आयोजित किया जायेगा। आखिरी बार इन दोनों टीमों ने 2012 में द्विपक्षीय श्रृंखला खेली थी।

### यह स्वीकार नहीं करना चाहिए कि एक देश को आतंकवाद प्रायोजित करने का अधिकार है : जयशंकर

**एस.** जयशंकर ने कहा कि आप क्रिकेट पर हमारा रुख जानते



हैं। हमें कभी भी यह स्वीकार नहीं करना चाहिए कि एक देश को आतंकवाद को प्रायोजित करने का अधिकार है। जब तक हम इसे अवैध नहीं करते, यह जारी रहेगा। इसलिए, पाकिस्तान पर वैश्विक दबाव होना चाहिए। दबाव तब तक नहीं बढ़ेगा, जब तक आतंक के पीड़ित खुद आवाज नहीं उठाते। भारत को एक तरह से इसका नेतृत्व करना चाहिए, क्योंकि हमारा खून बहा है। रमीज राजा ने यह भी धमकी दी थी कि अगर भारत एशिया कप से बाहर होने का विकल्प चुनता है तो पाकिस्तान भी आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 में भाग लेने के लिए भारत की यात्रा नहीं करेगा। ये सभी बयान स्पष्ट संकेत हैं कि भारत सरकार और बीसीसीआई एक ही पृष्ठ पर हैं। इसलिए, यह बहुत कम संभावना है कि वे एशिया कप 2023 में प्रतिस्पर्धा करने के लिए भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान भेजेंगे।


